फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 88 प्रभात जयपुर, रविवार 30 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**The Tussle Between 'Propah' & Corp de Spirite**

Strict rules in evaluating the IAS officer's performance did not sit well with the IAS community and he lost many friends.

**Stop Telling Introverts to Act Like Extroverts**

Being an introvert, does putting on an extroverted face really pay off?




# यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाये गुजरात ने

## मंत्रिमण्डल में पारित प्रस्ताव के अनुसार एक उच्च समिति का गठन किया गया है, जो इस दिशा में आगे का रास्ता सुझायेगी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। गुजरात सरकार अब समान आचार संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ गई है क्योंकि राज्य की भूपेन्द्र पटेल सरकार ने इस मामले में आगे का रास्ता सुझाने के लिए एक कमेटी गठित करने का प्रस्ताव पारित किया है।

राज्य के विधानसभा चुनावों से पूर्व यह मुद्दा उठाकर भाजपा प्रकट रूप से राजनीतिक बढ़त प्राप्त करने का इरादा रखती है। संभावना है कि एक्सपर्ट्स कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट का कोई सेवानिवृत्त जज करेगा।

भाजपा ने पिछले आठ वर्षों में पार्टी की मुख्य मांगों, जैसे कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू तथा कश्मीर में धारा 370 का समापन और तीन तलाक पर प्रतिबंध को लागू करने को लेकर ठोस प्रगति की है। भाजपा समान आचार संहिता लागू करने की अपनी योजनाओं पर धीरे-धीरे किन्तु ठोस तरीके से अमल करती रही है। भाजपा ने उत्तराखण्ड के विधानसभा चुनावों से पूर्व वहां समान आचार संहिता लागू करने की अपनी योजनाओं की घोषणा की थी और वहां पार्टी की सरकार के गठन के बाद ही सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई और उसे छह माह के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इस कमेटी ने वैबसाइट शुरू कर जनता से 8 सितम्बर तक अपने सुझाव देने के लिए कहा था। बताया जाता है कि कमेटी को अब तक 2.5 लाख सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। उम्मीद है कि इस मामले में राज्य सरकार की योजनाएं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व ही ठोस आकार ले लेंगी।

भाजपा शासित अन्य राज्य भी समान आचार संहिता लागू करने के उत्सुक हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गत अप्रैल माह में घोषणा की थी कि राज्य सरकार इस संहिता को लागू करने के विचार पर गौर

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- गुजरात में विधानसभा चुनाव से पूर्व सुप्रीम कोर्ट की अध्यक्षता में इस समिति का गठन करने का मकसद, चुनाव में राजनीतिक लाभ उठाने की चेष्टा है।
- उत्तराखण्ड में भी विधानसभा चुनाव से पूर्व, भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि, उत्तराखण्ड में यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने का ठोस प्लान है, राज्य सरकार का।
- चुनाव के बाद, उत्तराखण्ड में भाजपा की सरकार बनते ही एक रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट की जज, रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति गठित की, जिसे छः माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है कि, कैसे राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाये।
- समिति के पास आठ सितम्बर तक सुझाव आये, युनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के बारे में।
- न्यायाधीश देसाई की रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही हैं, अन्य भाजपा शासित राज्यों की सरकारें, यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल लागू करने के अपने प्लान चालू करने के लिये।
- वैसे भी यू.पी. के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि, यू.पी. सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के बारे में गंभीरता से आगे बढ़ रही है।
- हिमाचल व मध्य प्रदेश सरकारों ने भी इस बारे में अपने प्लान बना लिये हैं।
- इन सभी राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का मामला फाइनल स्टेज में पहुंच जायेगा।

## करैक्शन के लिए चार हफ्ते

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। सर्वोच्च न्यायालय ने 2014 से 2020 तक दायर की गई 1000 से अधिक त्रुटि एवं दोषपूर्ण याचिकाओं को सुधारने के लिये अंतिम अवसर के रूप में 4 सप्ताह का समय दिया है। अदालत ने संबंधित वकीलों को यह चेतावनी भी दे दी है कि अगर ये याचिकाएं इस समय-सीमा में नहीं सुधारी गईं तो इन्हें खारिज कर दिया

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2014 से लम्बित 1000 त्रुटि पूर्ण याचिकाओं में करैक्शन के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

## 'जयराम का गोलमाल'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। कांग्रेस ने शनिवार को जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ हर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोपों की एक सूची जारी

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश के जयराम ठाकुर पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसे गोलमाल की संज्ञा दी और एक चार्जशीट जारी की।

# दीपावली गिफ्ट भेजना महंगा पड़ा कर्नाटक के मु.मंत्री को!

## मुख्यमंत्री के कार्यालय से भेजी गयी मिठाई व मेवे के डिब्बों में एक लाख रूपये से तीन लाख रूपये तक कैश भी था

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। कर्नाटक में सितारे सम्भवतः सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में नहीं है क्योंकि बासवराज बोम्मई सरकार एक के बाद एक विवाद में फँसती जा रही है।

किसने सोचा होगा कि मुख्यमंत्री राज्य के मीडिया कर्मियों को पारम्परिक रूप से सामान्यतः दीपावली की मिठाई भेजकर ही किसी विवाद को आमंत्रित कर लेंगे।

लेकिन ठीक यही हुआ। उनके कार्यालय द्वारा कुछ पत्रकारों को कथित रूप से दीपावली गिफ्ट पैक भेजे जाने के बाद, मुख्यमंत्री बोम्मई विवाद में फँस गये। दरअसल, उन गिफ्ट पैकेजों में से कुछ में 1 लाख तथा कुछ में 3 लाख रू. रखे हुये थे। सभी मीडिया कर्मियों ने वे गिफ्ट स्वीकार नहीं किये तथा गिफ्टों का समाचार फैल गया।

जैसा कि स्वाभाविक ही था, विपक्षी कांग्रेस तथा जनता दल (सैकुलर) ने इस घटना की जाँच की माँग कर डाली तथा जोर देते हुये कहा कि यह घटना उसके उन पहले वाले उन आरोपों को सिद्ध करती है कि सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने ट्विटर पर दावा किया कि यह विधानसभा चुनावों से पहले मीडिया को रिश्वत देने की एक घटिया कोशिश है।

दीपावली गिफ्ट देना एक रुटीन का मामला है तथा पत्रकार त्योहारों, खासतौर से दीपावली के अवसर पर गिफ्ट के रूप में मिठाइयों के डिब्बे तथा सूखे मेवों के पैकेट सहज रूप से स्वीकार कर लिया करते हैं।

लेकिन इस बार, पत्रकार मिठाई के डिब्बों में इतनी नकदी देखकर भौचक्के रह गये। कुछ मीडिया कर्मियों ने अपने संपादकों को सूचित कर दिया तथा वह पैसा सी.एम.ओ. के उन अधिकारियों को लौटा दिया, जिन्होंने कथित रूप से, वे गिफ्ट पैकेट उन्हें दिये थे। कर्नाटक की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्यमंत्री ने दृढ़तापूर्वक कहा है कि उन्हें गिफ्ट पैकेटों में नकद पैसे रखे जाने की कोई जानकारी नहीं है।

विधिक समाचार वैबसाइट "बार एंड बैंच" के अनुसार, कुछ पत्रकारों को दीपावली की मिठाइयों के साथ, कथित रूप से, नकद रूपये दिये जाने के खिलाफ कर्नाटक लोकायुक्त को शिकायत दर्ज करा दी गई है।

इस लीगल न्यूज साइट ने अपने ट्वीट में कहा कि कुछ पत्रकारों ने मिठाई के डिब्बे में नकद राशि रखे जाने पर आपत्ति जताई है तथा इस तरह पैसे बाँटे जाने की जानकारी अपने प्रतिष्ठान के प्रशासन को दे दी है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने माँग की कि मुख्यमंत्री बोम्मई इस बात का जवाब दे कि क्या यह (राशि) मुख्यमंत्री द्वारा दी गई "रिश्वत" नहीं थी? उन्होंने मीडिया कर्मियों को कथित रूप से भेजे गये पैसे का स्रोत बताये जाने की भी माँग की तथा जानना चाहा कि यह पैसा सरकारी खजाने का था या स्वयं मुख्यमंत्री जी

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- कई पत्रकारों ने यह दीपावली गिफ्ट स्वीकार करने से इंकार कर दिया तथा अपने सम्पादक को इत्तला करके, दिपावली गिफ्ट सी.एम.ओ. को वापस लौटा दी तथा "गिफ्ट" की खबर भी छाप दी।
- कर्नाटक के मु.मंत्री ने एक वक्तव्य जारी करके कहा, उन्हें जानकारी नहीं है, मिठाई के डिब्बों में पैसे कहां से आये और किसने रखे।
- लोकायुक्त के यहां भी, पत्रकारों को इस भौंडे तरीके से "रिश्वत" देने के प्रयास के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी है।
- कांग्रेस के प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि, यह "रिश्वत" देने के लिये पैसे सरकारी खजाने से आये या मु.मंत्री ने स्वयं अपने पास से दिये।

## चैक बाउन्स केस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने गत सप्ताह व्यवस्था दी कि नेगोशिएबिल इन्स्ट्रूमैंट्स एक्ट की धारा 138 के अधीन किसी चैक बाउन्सिंग केस की शिकायत को आरोपी की सुविधानुसार ट्रांसफर नहीं किया जा सकता।

जस्टिस अभय एस. ओझा की एक सिंगल बैंच ने टिप्पणी की कि वर्तमान केस में याचिकाकर्ता एस. नलिनी जयंती एक महिला है और एक वरिष्ठ नागरिक, संबंधित निचली अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से हमेशा छूट प्राप्त कर सकता है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि कोई याचिकाकर्ता

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- सुप्रीम कोर्ट ने चैक बाउन्स के एक केस में कहा, चैक बाउन्स केस को आरोपी की सुविधानुसार ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है।

# कांग्रेस कार्यसमिति का चुनाव होने के बाद ही होंगे पार्टी में महत्वपूर्ण फैसले?

## कार्यसमिति पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी है, जो कि अध्यक्ष के निर्णय भी बदलने की ताकत रखती है

जयपुर, 29 अक्टूबर (का.प्र.)। कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यभार ग्रहण कर पार्टी संचालन के लिए 47 सदस्यीय संचालन समिति भी बना दी है, लेकिन यह व्यवस्था अस्थाई है। इसलिए अब पार्टी में सबसे पहले कांग्रेस कार्य समिति यानि कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) के चुनाव कराए जाने है।

दरअसल कांग्रेस में कांग्रेस की कार्यसमिति ही सबसे महत्वपूर्ण होती है, जो पार्टी के तमाम निर्णय ले सकती है और अध्यक्ष द्वारा लिए गए किसी निर्णय को बदल भी सकती है। राजस्थान जैसे महत्वपूर्ण प्रदेश के लिए कोई भी फैसला लेने से पहले मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी की कार्यसमिति का चुनाव कराना चाहेंगे। भले ही वह चुनाव दिखावे के लिए ही हो। वैसे भी पार्टी इस समय गुजरात और हिमाचल के चुनाव में जुट चुकी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां गुजरात का चार दिवसीय दौरा कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं, वहीं 31 अक्टूबर को सचिन पायलट भी गुजरात में कई चुनावी जनसभाएं संबोधित करेंगे और एक यात्रा को हरी झण्डी भी दिखाएंगे। पायलट 1 नवंबर को हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। ऐसे में संभावना यही जताई जा रही है कि दोनों प्रदेशों के चुनाव के बाद ही राजस्थान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय होगा। उससे पहले पार्टी कभी भी एक दिवसीय अधिवेशन बुलाकर कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव करा सकती है। हालांकि कांग्रेस कार्यसमिति में मतदाता एआईसीसी सदस्य होते हैं। अतः इन सदस्यों की सूची भी पार्टी को पहले जारी करनी होगी।

कार्यसमिति के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पार्टी राजस्थान में विधायक दल का नेता बदलने का महत्वपूर्ण फैसला ले सकेगी। हालांकि कार्यसमिति के चुनाव होने का अभी तक समय निर्धारित नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद है कि हिमाचल और गुजरात के विधानसभा चुनावों के बाद ही पार्टी का अधिवेशन बुलाकर कार्यसमिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। वैसे भी कांग्रेस के अंदर कांग्रेस कार्यसमिति पार्टी की सर्वोच्च कार्यकारी संस्था है। यह समिति कांग्रेस के अपने संविधान के मुताबिक काम करती है। पार्टी संविधान के मुताबिक कांग्रेस कार्यसमिति में पार्टी के अध्यक्ष, संसदीय दल के नेता के साथ 23 दूसरे सदस्य होते हैं, जिनमें से 12 अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्यों की ओर से चुने जाएंगे और बाकी की नियुक्ति पार्टी अध्यक्ष द्वारा की जाएगी।

कार्यसमिति के पास तकनीकी रूप से पार्टी अध्यक्ष को हटाने या नियुक्त करने की शक्ति होती है। कार्यसमिति को आम तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव बाद पुनर्गठित किया जाता है। कहने को तो कार्य समिति के 12 सदस्यों का निर्वाचन होता है लेकिन असलियत यह है कि कांग्रेस में पिछले 50 वर्षों के दौरान कार्यसमिति के चुनाव केवल दो बार हुए हैं। दोनों ही मौकों पर नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का शख्स पार्टी अध्यक्ष था।

वर्ष 1992 में, तिरुपति में एआईसीसी के पूर्ण सत्र में, तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष पीवी नरसिम्हा राव ने सीडब्ल्यूसी के लिए चुनाव कराया।

इसके बाद सीताराम केसरी के कार्यकाल में 1997 में कलकत्ता अधिवेशन में कार्यसमिति का चुनाव हुआ था, लेकिन गांधी परिवार के सदस्य के पार्टी अध्यक्ष रहते हुए कभी भी कार्य समिति का चुनाव नहीं कराया गया।

ऐसे में अब देखना यह होगा कि क्या नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कार्यसमिति के 12 सदस्यों का निर्वाचन करवाते हैं या फिर परंपरा अनुसार सदस्यों का चयन किया जाता है।

- कार्यसमिति के 12 सदस्यों का निर्वाचन ए.आई.सी.सी. के सदस्य करते हैं और अधिवेशन बुलाकर ही यह निर्वाचन होता है। इस प्रक्रिया को लेकर अभी पार्टी की ओर से कोई अवधि तय नहीं की गई है।

## ई.डी. को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर पीड़ित एक आरोपी की मंजूर की गई जमानत को रद्द करने की अपील दायर करने वाले एन्फोर्समैन्ट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) के एक सीनियर अधिकारी को स्टेशनरी, लीगल फीस और कोर्ट का समय बर्बाद करने को लेकर फटकार लगायी है।

आरोपी एक प्राइवेट बैंक का कर्मचारी था, जिसे 24 करोड़ रूपयों के ग़बन के मामले में गिरफ्तार किया गया

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- सुप्रीम कोर्ट ने, 24 करोड़ रू. गबन के कैंसर पीड़ित एक आरोपी की जमानत के विरोध में याचिका दायर करने पर ई.डी. के एक अफसर को लताड़ा और उस पर एक लाख रू. का जुर्माना लगाया।



## विचार बिन्दु

**वृक्ष खुद गर्मी सहन कर शरण में आये राहगीर को गर्मी से बचाता है। –कालिदास**

# व्याधिक्षमत्व

लगभग 5000 वर्ष पूर्व की बात है। आत्रेय के शिष्य अग्निवेश ने अपने गुरु से एक प्रश्न किया: भगवन! देखने में आता है कि हितकारी आहार का उपयोग करते हुये भी कुछ लोग रोगी हो जाते हैं, जबकि अहितकारी आहार लेते हुये भी कुछ लोग निरोगी देखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में क्या अच्छा है और क्या बुरा इसकी पहचान कैसे की जाये? इस प्रश्न का जो उत्तर आत्रेय ने दिया, वह आज भी यथावत विज्ञान–संगत है।

आत्रेय का उत्तर था: अग्निवेश! हितकारी आहार करने वाले लोगों में आहार के कारण होने वाले रोग उत्पन्न नहीं होते और हितकारी आहार लेने मात्र से समस्त रोगों का भय दूर नहीं हो जाता। हानिकारक भोजन के अलावा भी रोगों के तमाम कारण, जैसे ऋतुओं का विपरीत होना, प्रज्ञापराध या जानबूझकर गलती करना, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध का अतियोग, मिथ्या योग एवं विषम योग आदि ऐसे कारण हैं जो उचित भोजन लेने के बावजूद भी मनुष्य को बीमार कर देते हैं। इसीलिये हितकारी आहार लेने वाले रोगी हो जाते देखे जाते हैं। हानिकारक आहार का उपयोग करने वालों में पथ्य, आहार, व शरीर की स्थिति में भिन्नता होने से हानिकारक आहार तुरन्त हानि नहीं पहुंचा पाते। सभी अपथ्य बराबर दोष वाले नहीं होते, न ही सभी दोष बराबर बलवान होते, और न सभी शरीर व्याधिक्षमत्व या रोग प्रतिरोधक क्षमता से संपन्न होते (न च सर्वाणि शरीराणि व्याधिक्षमत्वे समर्थानि भवन्ति। च.सू.28.7)। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एक ही अपथ्य आहार जगह, समय, संयोग, वीर्य, व मात्रा की भिन्नता के कारण या ज्यादा खा लेने से और अधिक अपथ्य हो जाता है। वही दोष विविध कारणों से, विरुद्ध चिकित्सा वाला, धातुओं में पहुंचा हुआ, शरीरके प्राणायतनों में उत्पन्न, मर्म पर चोट करने वाला, अत्यंत कष्टदायी अतिशय जल्दी रोगों को उत्पन्न करने वाला होता है। अंत में आत्रेय यह भी बताते हैं कि मूल रूप से शरीर की बनावट भी नैसर्गिक व्याधिक्षमत्व पर प्रभाव डालती है। बहुत मोटे याबहुत दुबले लोग, रक्त, मांस, व अस्थियों के सुसंगठित न होने के कारण बेडौल शरीर वाले लोग, दुर्बल, अल्पसत्त्व या कमजोर मनोबल वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता नहीं होती। जबकि इनके उलट लक्षणों वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता होती है। इन अपथ्य आहारों, दोषों व शरीर की भिन्नता के कारण बीमारियाँ भी कम या ज्यादा, जल्दी या देर से उत्पन्न होती हैं।

जिस व्यक्ति का सहज(इनेट) या युक्तिकृत (डेराइव्ड) व्याधिक्षमत्व मज़बूत है वह मुश्किल से ही बीमार पडता है। यदि बीमार पड भी जाये तो बीमारी अपना बल मुश्किल से ही दिखा पाती है। व्याधिक्षमत्व में दो शब्द निहित हैं, व्याधि एवं क्षमत्व। व्याधि का तात्पर्य शरीर की धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र) में विषमता उत्पन्न होना है। क्षमत्व से तात्पर्य इस विषमता को न होने देने की क्षमता है। मानसिक बीमारियों के सन्दर्भ में सत्त्व गुण जितना अधिक होगा, व्याधिक्षमत्व उतना ही बेहतर होगा। शरीर में सहज व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है कि शरीर में दुरुस्त मांसपेशियों, संरचना, स्वरुप व मज़बूत इन्द्रियों वाला व्यक्ति रोगों के बल से कभी प्रभावित नहीं होता। भूख, प्यास, ठंडी, गर्मी, व्यायाम को ठीक से सहन करने वाला, सम अग्नि वाला, बुढ़ापे की उम्र में ही बूढ़ा होने वाला, मांसपेशियों के सही चय वाला व्यक्ति ही स्वस्थ है (च.सू.21.18): सममांसप्रमाणस्तु समसंहननो नरः। दृढेन्द्रियो विकाराणां न बलेनाभिभूयते।। क्षुत्पिपासातपसहः शीतव्यायामसंसहः। समपक्ता समजरः सममांसचयो मतः।।

आधुनिक वैज्ञानिक संदर्भ में व्याधिक्षमत्व को इम्यूनिटी कहा जाता है। यहप्रतिरक्षा तंत्र संक्रमण, बीमारी या अन्य अवांछित तत्वों के आक्रमण से बचने के लियेशरीर कोसुरक्षा प्रदान करता है। व्याधिक्षमत्व में कमी होने से शरीर इम्यूनो–कॉम्प्रोमाइज्ड स्थिति में आ जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर की रोग–प्रतिरोधक क्षमता कम होने से रोगजनन आसानी से होता है। इम्यूनिटी किसी व्यक्ति के शरीर में विशिष्ट एन्टीबॉडी या श्वेतरक्त कौशिकाओं की क्रिया से किसी विशेष संक्रमण, विषाक्त पदार्थ या हानिकारी जीवन–शैली से होने वाले रोगों का प्रतिरोध करने की क्षमता के रूप में समझा जाता है।

आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार इम्यूनिटी मूलतः दो प्रकार से समझी जा सकती है: इनेट (जन्मजात) और एडाप्टिव (अनुकूलनीय)। इनेट–इम्यूनिटी प्रतिरक्षा की पहली पंक्ति है जो पैथोजेन को मारने वाली कोशिकाओं जैसे न्यूट्रोफिल और मैक्रोफेज द्वारा संपादित की जाती है। किसी विषाणु का संक्रमण होने पर ये किलर–सेल्स तेज गति से सबसे पहले अपना काम करती हैं। एडाप्टिव–इम्यूनिटी की क्रियात्मकता तुलनात्मक रूप से धीमी होती है। इस तंत्र में टी–कोशिकाओं, बी–कोशिकाओं और एंटीबॉडी जैसी व्यवस्था है जो विशिष्ट रोगजनकों पर प्रतिक्रिया देता है। यह तंत्र इम्यून–मेमोरी के लिये भी उत्तरदायी है जो मानव में पहले हुई कुछ बीमारियों को पहचानता है और दुबारा नहीं होने देता। मेमोरी बी–सेल नामक कोशिकायें पैथोजेन को पहचानती हैं, और दुबारा संक्रमण होने पर त्वरित–प्रतिक्रिया करते हुये संक्रमण को निष्फल करने का काम करती हैं। हालाँकि नवीन शोध यह बताती है नेचुरल–किलर कोशिकायें भी एडाप्टिव– इम्यूनिटी प्रतिक्रिया का प्रदर्शन कर सकती हैं। जो भी हो, गड़बड़ तब होती है जब कुछ वायरस या माइक्रोब्स अपने पूर्व रूप से म्यूटेट या उत्परिवर्तित होकर इम्यून–मेमोरी (प्रतिरक्षा स्मृति) को गच्चा दे देते हैं।

**घर-घर औषधि योजना में सम्मिलित तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय जैसे औषधीय पौधे शक्तिशाली प्रतिरक्षा-विनियामक और प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले प्रभाव दर्शित करते हैं जो वायरल संक्रमण की स्थिति में सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ाकर संक्रमण के दुष्प्रभाव रोकने और कम करने में सहायक हो सकते हैं।**

व्याधिक्षमत्व को परिभाषित करते हुये चरकसंहिता के दिग्गज टीकाकार आचार्य चक्रपाणि ने लगभग 900 साल पहले लिखा (च.सू. 28.7 पर चक्रपाणि): व्याधिक्षमत्वं व्याधिबलविरोधित्वं व्याध्युत्पादप्रतिबन्धकत्वमिति यावत्। तात्पर्य यह है कि व्याधिबल की विरोधिता व व्याधि की उत्पत्ति में प्रतिबंधक होना व्याधिक्षमत्वहै। अभिप्राय यह है कि शरीर मेंउत्पन्न बीमारी के बल या तीक्ष्णता को रोकने और बीमारी की उत्पत्ति को रोकने वाली क्षमता को व्याधिक्षमत्व कहा जाता है।

व्याधिक्षमत्व को बल, ओज और प्राकृत श्लेष्मा के रूप में भी जाना जाता है। बल वह शक्ति है जिसके द्वारा शरीर विभिन्न चेष्टाओं से कार्य संपन्न करता है। इस कार्योत्पादक शक्ति को व्यायाम–शक्ति से जाना देखा जाता है। बल के तीन प्रकार हैं (च.सू.11.36): त्रिविधं बलमिति– सहजं, कालजं, युक्तिकृतं च। सहजं यच्छरीरसत्त्वयोः प्राकृतं, कालकृतमृतुविभागजं वयःकृतं च, युक्तिकृतं पुनस्तद्यदाहारचेष्टायोगजम्। बल तीन प्रकार के होते हैं। सहज बल शरीर और मन पर आधारित होता है। उम्र के साथ शरीर की वृद्धि से प्राप्त बल को कालज बल कहा जाता है। खान–पान, जीवन–शैली और व्यायाम आदि की युक्ति से प्राप्त बल को युक्तिकृत बल कहा जाता है। रोग से रक्षा करने वाले को बल कहा जाता है। व्याधिक्षमत्व को ओज और ओज को बल केरूप में भी समझा जाता है (सु.सू.15.19) रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत् परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यते स्वशास्त्रसिद्धान्तात्। रसादिक तथा शुक्रान्त धातुओं के उत्कृष्ट सार भाग को ओज कहते हैं तथा आयुर्वेद के अनुसार उसी का दूसरा नाम बल है। यही बल व्याधियों से शरीर की रक्षा करता है। यहाँ एक बात समझना आवश्यक है ओज और बल हालाँकि एक कहे गये हैं किन्तु ओज को कारण और बल को कार्य माना जाता है। ओज का रूप, रस और वर्ण होने से द्रव्य है जबकि बल इसका कार्य है। यहाँ व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में बल (कार्य) और कारण (ओज) को एक मान लिया जाता है। इसी सन्दर्भ में प्राकृत कफ को बल याव्याधिक्षमत्व का कारण माना जाता है (च.सू.17.117): प्राकृतस्तु बलं श्लेष्मा विकृतो मल उच्यते। स चैवौजः स्मृतः काये स च पाप्मोपदिश्यते।। यही कारण है कि कफज प्रकृति में उत्तम बल, पित्तज प्रकृति के व्यक्तियों में मध्यम बल तथा वातज प्रकृति के व्यक्तियों में अवर बल होता है।

इस प्रकार व्याधिक्षमत्व का तात्पर्य व्याधि–बल का विरोध शरीरगत बल द्वारा किया जाता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले विभिन्न भावों को दशविधिरोगी परीक्षा केभावों में भी देखा जाता है। उदहारण के लिये व्यक्ति की मूलप्रकृति का बल से सीधा सम्बन्ध होता है। सबसे उत्तम समप्रकृति (वात–पित्त–कफज) है, परन्तु किसी जनसंख्या में समप्रकृति वाले बहुत कम होते हैं। अतः व्यवहार में कफ प्रकृति वालों को बेहतर बल वाला माना जाता है। इसके साथ ही सार भी बल को प्रभावित करता है। सारयुक्त से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति में साररूप धातुओं का नियमित निर्माण होता है। सार धातुओं के सम्यक प्रकार से उत्पन्न होते रहने पर शरीर में व्याधिक्षमत्व बढ़िया बना रहता है। जैसा कि पूर्व में चर्चा की गयी है, बल कामुख्य कारक ओज है जो सभी धातुओं का सार है। साररूप में यह सभी धातुओं में व्याप्त होकर धातुओं की रक्षा करता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले अन्य भावों में सात्म्य, सत्त्व, अग्नि, शारीरिक–शक्ति व वय हैं। अग्निबल को आहार करने की क्षमता से परखा जा सकता है। आहार–शक्ति (आहार की मात्रा) अग्निबल पर आश्रित है। यदि व्यक्ति की आहार शक्ति मज़बूत है तो भोजन का पाचन और धातुओं की पुष्टि यथोचित होने से शरीर मज़बूत रहता है। व्यायाम–शक्ति या शारीरिक रूप से श्रम करने की शक्ति भी बल का संकेतक है। व्यक्ति की वय या उम्र का भी बल से संबंध होता है। युवावस्था में उत्तम बल और जरा या बुढ़ापा आने पर बल कम रहता है।

व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये बल व ओज की वृद्धि में सहायक द्रव्यों और क्रियाओं का इस प्रकार युक्तिपूर्वक नियमित सेवन करना चाहिये, जिससे व्याधिक्षमत्व का संरक्षण व वृद्धि हो किन्तु प्रकृति, अग्नि, धातुओं व मल क्रिया का समत्व तथाआत्मा, इन्द्रियों व मन की प्रसन्नता यथावत बनी रहे। यह विषय इतना विस्तृत है कि पूरा आयुर्वेद इसमें समाहित है। तथापि संक्षेप में व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये सात रक्षा–दीवारों की निरंतर और सम्यक सार–सम्हाल करना आवश्यक है। इनमें आहार या खानपान, विहार या जीवनशैली, स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषयक क्रियायें, सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें, रसायन या उम्र–आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, और अंततः औषधि या चिकित्सा शामिल हैं।

वायरस के कारण होने वाले रोगजनन वस्तुतः वायरस की मारक क्षमता और व्यक्ति के व्याधिक्षमत्व के बीच की क्रियात्मकता है। राजस्थान की घर–घर औषधि योजना में सम्मिलित तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय जैसे औषधीय पौधे शक्तिशाली प्रतिरक्षा–विनियामक और प्रतिरक्षा–बढ़ाने वाले प्रभाव दर्शित करते हैं जो वायरल संक्रमण की स्थिति में सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ाकर संक्रमण के दुष्प्रभाव रोकने और कम करने में सहायक हो सकते हैं। इन पौधों को घर में ही उगाकर हम अपने वैद्य की सलाह से स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# तत्कालीन शासक रावत गोविन्ददास ने भरपूर संरक्षण दिया बस्सी काष्ठ कला को

- **काष्ठ कला की गणगौर प्रतिमा 370 वर्ष पुरानी होने के बावजूद इसका सौन्दर्य अद्वितीय है**
- **वर्तमान में इस कला ने देश एवं विदेश में सजावट का रूप ले लिया है**

चित्तौडगढ से 24 कि.मी. दूर बस्सी कस्बा प्राचीन समय से काष्ठ कला के लिए प्रसिद्ध रहा है। बस्सी की काष्ठ कला के जन्मदाता प्रभातजी सुथार माने जाते हैं। प्रभातजी सुथार ने बस्सी के कला प्रेमी तत्कालीन शासक रावत गोविन्ददास को सन् 1652 में



आदमकद गणगौर भेंट की। वे इसे देखकर अत्यधिक प्रसन्न हुए। यह गणगौर बस्सी के रावत केसरसिंह के यहां आज भी सुरक्षित है। यह गणगौर प्रतिमा 370 वर्ष पुरानी होने के बावजूद इसका सौन्दर्य अद्वितीय है।

रावत गोविन्ददास जहांगीर के समय सोलहवीं शताब्दी में दिल्ली से आते हुए टोंक जिले के मालपुरा कस्बे से प्रभातजी सुथार को साथ लाये। बस्सी में उनके रहने का मकान बनाकर दिया तथा कृषि के लिए 80 बीघा जमीन प्रदान की।

मेवाड के महाराणा सज्जनसिंह, महाराणा फतहसिंह एवं महाराणा भोपालसिंह ने भी बस्सी के कलाकारों को प्रोत्साहन दिया। उदयपुर के लेकपेलेस एवं शिवनिवास महल और चित्तौडगढ किले के फतह प्रकाश महलों में चित्रकारी एवं रंगाई का कार्य बस्सी के कलाकारों द्वारा ही किया गया है जिससे समय समय पर उन्हें नकद राशि एवं सरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बस्सी के काष्ठ कलाकारों की विशेषता यह है कि वे राजस्थान की सभ्यता एवं संस्कृति के अनुरूप काष्ठ कृतियां निर्मित करते हैं। गणगौर, ईसर, कावड, फड़, बेवाण, कठपुतली, मन्दिरों के झूले, सिंहासन, बाजोट एवं मुखौटे आदि परम्परागत काष्ठ कलाएं बनाने में सिद्धहस्त हैं। वहीं लकडी के खिलौने, हाथी, घोडे, पशु पक्षी,



पन्नालाल मेघवाल

फर्नीचर, बेडिंग प्रेजेन्ट आदि निर्मित करने में महारत प्राप्त हैं। यहां के कलाकार हाथी के हौदों, सिंहासन, झूले, रथ एवं फर्नीचर पर आकर्षक कार्विंग करते है, वहीं इन पर चांदी एवं मेटल के कवर चढ़ाकर अप्रतिम रूप प्रदान करते हैं।

राजस्थान में प्राचीनकाल में कावड रामायण, महाभारत, भागवत, गीता एवं कृष्णलीला आदि कथाओं के प्रचार–प्रसार का सशक्त माध्यम रही है। लकडी की बनी कावड आठ–दस एवं बारह पृष्ठवाली चित्रकथा है जिसमें पौराणिक चित्र अंकित होते है।


प्रारम्भ में कावड गायक कावड को कंधे पर रखकर गांव गांव में घूम कर एक तारे पर चैपालों में कथा बांचने का काम करते थे। पश्चिमी राजस्थान में इस परम्परा का प्रचलन अधिक था। रामायण की कावड में राजा दशरथ, चार पुत्र, तीन रानियां, असुर यक्ष, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, सीता हरण, रामेश्वर मन्दिर, अशोक वाटिका, राम रावण युद्ध एवं राम राज्य के चित्र पर आधारित दस भाग होते है।

कृष्ण लीला कावड में कारागृह में कृष्ण का जन्म, माखन चोरी, कालियादेह में शेष नागवध, ग्वाल बाल सखाओं से ठिठोली, गोपियों से आंख मिचैनी, कृष्ण द्वारा वस्त्रहरण, गोवर्धन पर्वत को ऊंगली पर उठाना, पुतना वध, नरसिंह अवतार, कंस वध, पांच पाण्डवों का अवतार एवं राम भरत मिलाप आदि बारह भाग होते है। लकडी के बने ये सभी भाग फोल्डिंग होते है। गायक इन चित्रों को दिखाते हुए सम्पूर्ण कथाओं का वाचन करते थे। फड भी ऐसी ही कला है। इसे कपडे पर चित्रित करके पढ़ा जाता था। वर्तमान में इस कला ने देश एवं विदेश में सजावट का रूप ले लिया है।

अनन्त चतुर्दशी एवं देवझूलनी ग्यारस पर बेवाण निकालने की परम्परा है। बेवाण एक प्रकार का काष्ठ मन्दिर है। इसे मिनीचर वुडन टेम्पल भी कहते है।

बस्सी के कलाकार बेवाण बनाने में निपुण है तथा सीजन पर प्रतिवर्ष यहां सैकडों बेवाण बनते है। इन बेवाणों को बनाने एवं इन पर चित्रकारी का कार्य बडा कलात्मक होता है। कठपुतली भी राजस्थान की मशहूर कला है। कठपुतली प्रदर्शन ने देश में ही नहीं विदेश में भी अपनी छाप छोडी है। भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर ने कठपुतली बनाने एवं इनका प्रदर्शन करने का कार्य निपुणता से किया है।

राजस्थान की परम्परा के अनुसार विवाह में लडकियों को बाजोट, तिलक, कुंकुम के चैपडे एवं छोटी गणगौर की पुतलियां दी जाती हैं। इन्हें वेडिंग प्रेजेन्ट कहा जाता है। ये सभी चीजें बस्सी में कलात्मक ढंग से बनाई जाती हैं। यहां पर मुखौटे भी बनाये जाते है। लकडी के



खिलौने बनाने में बस्सी के कलाकारों की विश्व में धाक है।

यहाँ पर हाथी, घोडे एवं पशु पक्षियों के आकर्षक खिलौने बनाये जाते है, जिनकी बिक्री भारत में ही नहीं विदेशों में भी होती है। यहां के कलाकार मन्दिरों एवं घरों में रंग बिरंगे भीत्ति चित्र बनाने में भी पारंगत है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# ऑपरेशन '' गरूड़ '' के तहत भारत-फ्रांस की सेनाओं का युद्धाभ्यास जारी

- **दोनों देशों की एयरफोर्स के पायलट्स एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं**
- **एयरफोर्स के युद्धाभ्यास में तकनीक का इस्तेमाल ज्यादा किया जा रहा है**

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के वायुसेना स्टेशन पर में भारत व फ्रांस की एयर फोर्स का संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़ शनिवार को भी जारी रहा । 26 अक्टूबर से शुरू हुआ युद्धाभ्यास 12 नवंबर तक चलेगा। इस वॉर प्रैक्टिस के जरिए दोनों देशों की एयरफोर्स के पायलट्स एक–दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं।

एयरफोर्स का युद्धाभ्यास थल सेना के युद्धाभ्यास से कई मायनों में अलग है। इसमें थल सेना के समान गोला बारूद काम में नहीं लिया जा रहा। तकनीक का इस्तेमाल ज्यादा किया जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में भी टारगेट पर वर्चुअल हमले बोले जा रहे हैं। जिसमें डमी मिसाइलों के जरिये निशाना साधा जा रहा है। निशाना कितना सटीक रहा यह सब कुछ रिकॉर्ड किया जा रहा है। जमीन पर वापस आने के बाद डेटा निकाल कर इसकी जांच की जाती है। इसके बाद सभी पायलट्स को उनकी कमियों के बारे में बताया जाता है। टारगेट पर हमले डमी मिसाइल्स से होते हैं। हवा में टारगेट पर हमले होते हैं और सब कुछ रिकॉर्ड होता है। इसके माध्यम से परखा जाता है कि निशाना कितना सटीक था।

इस युद्धाभ्यास में फ्रांस के राफेल के अलावा भारतीय राफेल, सुखोई, जगुआर व तेजस के अलावा हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर रुद्र, अवाक्स विमान व हवा में तेज भरने वाले टैंकर हिस्सा ले रहे हैं। इन विमानों के समूह को दो हिस्सों में बांटा गया है। एक दुश्मन का और एक मेजबान का। इसके बाद शुरू होती है आसमान में मशक्कत। युद्धाभ्यास के दौरान काम ली जाने वाली डमी मिसाइल सही मायने में एक लेजर बीम की तरह होती है। इसे फाइटर जेट एक–दूसरे के ऊपर या अपने लक्ष्य की तरफ दागते हैं। लक्ष्य पर इसके टच होने का पूरा रिकॉर्ड होता है। इसी रिकॉर्ड के आधार पर पायलट की कुशलता को परखा जाता है।

आसमान में दुश्मन के विमानों की पहचान कर उन पर हमला करना या अपने तय लक्ष्य पर बम गिराने के अलावा दुश्मन की मिसाइलों से स्वयं के फाइटर का बचाव करना सबसे महत्वपूर्ण है।

# देखरेख के अभाव में नेहरू बालोद्यान के अस्तित्व पर संकट

- **उद्यान में बच्चों के झूले पड़े हैं**
- **गार्डन के पेशाब घर में जमा गंदगी**

**सांभरझील,(निसं)** यहां पांच बत्ती चौराहा स्थित सार्वजनिक नेहरू बालोद्यान में देखरेख के अभाव अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो रहा है। निवर्तमान भाजपा के बोर्ड में इसकी चारदीवारी पर शुरू की महापुरुषों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए चित्रकारी योजना

5 साल बाद भी अधूरी पड़ी है। पार्क के मुख्य द्वार के पास चारदिवारी पर पृथ्वीराज चौहान का चित्र उकरने के बाद इस योजना पर विराम लग चुका है। यहां पर बच्चों के खेलने के लिए झूला लंबे समय से टूटा पड़ा है। सांसद कोटे से लगाई गई जिम का समय–समय पर मेंटिनेंस नहीं होने से कई सामान खराब पड़े हैं। इंदिरा रसोई योजना के पिछवाड़े की तरफ बने पेशाब घर में देसी दारू के पव्वे पड़े हुए हैं।

खास बात यह है कि इंदिरा रसोई योजना की भव्यता को प्रदर्शित करने के लिए सस्ते में बनवाए गए तीन बड़े–बड़े फ्लेक्स पार्क के अलग–अलग हिस्सों में बेकार पड़े हुए हैं। पार्क में पेड़ पौधों को नियमित रूप से भी पानी नहीं मिल रहा है ।

इसी पार्क में मुख्य द्वार के ठीक सामने लोगों को आकर्षित करने के लिए फव्वारा एक दशक से भी अधिक समय से नकारा पड़ा है। इसी पार्क में 15 अगस्त, 26 जनवरी के दिन नगर के प्रथम नागरिक की ओर से झंडारोहण किए जाने की परंपरा रही है लेकिन इसकी महत्ता को बरकरार नहीं रखा जा रहा है।


सारांश यह है कि जिस गार्डन को विकसित करने के लिए नगर के लोगों को निवर्तमान बोर्ड ने सुनहरे सपने दिखाए थे वह तो पूरे नहीं हो सके लेकिन वर्तमान हालात और भी ज्यादा विकट है। बताया जा रहा है कि इसकी



**एक दशक से भी अधिक समय से नकारा पड़ा फव्वारा।**

चारदीवारी पर नए सिरे से करवाया गया प्लास्टर व अन्य विकास कार्यों पर तत्कालीन बोर्ड के कार्यकाल के दौरान खर्च किए गए लाखों रुपए का हिसाब कोई पूछने वाला नहीं है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में पालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो पार्क की दुर्दशा होने से कोई नहीं रोक सकता है।

## राशिफल रविवार 30 अक्टूबर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, मूल नक्षत्र प्रातः 7:26 तक, सुकर्मा योग सांय 7:15 तक, कौलव करण सांय 4:39 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मिथुन, बुध–तुला, गुरू–मीन, शुक्र–तुला, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से प्रातः 7:26 तक है। आज मंगल वक्री सांय 4:55 से होगा। आज डाला छठ पर्व पूर्ण होगा। आज डाला छठ पर्व पर अस्तगामी सूर्य के अर्ध्य दिया जायेगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:02 से 9:25 तक, लाभ–अमृत 9:25 से 12:10 तक, शुभ 1:33 से 2:56 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:39, सूर्यास्त 5:42

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**सिंह**
महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आज व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी और परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक कार्यों के कारण यात्रा संभव है।

**मिथुन**
परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
परिवार में शुभ और मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कर्क**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# भीलवाड़ा में "ऑपरेशन गुड़िया" चलाकर रोकी थी लड़कियों की खरीद-फरोख्त : डीजीपी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में लड़कियों की खरीद-फरोख्त और महिला अत्याचारों पर जैसे मुद्दे पर पुलिस महकमा सख्त है। इन दिनों जिन दो लड़कियों के बारे में समाचार प्रकाशित हुए हैं, वे अजमेर के नारी निकेतन में रह रही हैं। दोनों पीड़िताओं के साथ वर्ष 2019 में घटना घटित हुई थी। तब पुलिस ने पोक्सो, जेजे व आईपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर 25 लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। यह जानकारी डीजीपी एम.एल.लाठर ने प्रेस विज्ञिप्ति जारी कर दी हैं।

- **"वर्ष 2019 में पुलिस ने राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में दबिश देकर सात बच्चियों को मुक्त कराया था। जबकि लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने वाले 25 आरोपियों को जेल भेजा था"**
- **डीजीपी ने स्वीकारा कि भीलवाड़ा के इटुन्दा, पंढेर, हनुमान नगर और अजमेर के सांवर क्षेत्र के नापाखेडा व जसवंत नगर में वेश्यावृत्ति के अड्डों पर किडनैप कर लाई गई बच्चियों को दवाओं के माध्यम से जवान बनाया जाता था।**


लाठर ने बताया कि वर्ष 2019 में लड़कियों की खरीद-फरोख्त रोकने लिए पुलिस ने भीलवाड़ा जिले में "ऑपरेशन गुड़िया" चलाया गया था। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक हरेंद्र महावर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जेनिया और उनकी टीम ने अपहरण कर लाई गई बच्चियों को अपहरणकर्ताओं से खरीद वेश्यावृत्ति करवाने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

भीलवाड़ा के इटुन्दा, पंढेर, हनुमान नगर और अजमेर के सांवर थाना क्षेत्र के नापाखेडा व जसवंत नगर में वेश्यावृत्ति के अड्डे संचालित किये जा रहे थे। इन अड्डों पर किडनैप कर लाई गई बच्चियों को दवाओं के माध्यम से जवान बना कर वेश्यावृत्ति के धंधे में उतारा जाता था। पुलिस जांच में गिरोह के तार राजस्थान के पडौसी राज्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र से जुड़े मिले। तब पुलिस ने इन राज्यों के कई स्थानों पर दबिश देकर नाबालिग समेत 7 बच्चियों को दस्तयाब किया था। इनमें से पांच बच्चियों को उनके घर भिजवाया था, जबकि दो को नारी निकेतन अजमेर में ठराने की व्यवस्था की थी। पुलिस ने लड़कियों को खरीदने-बेचने वाले कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच के बाद 25 लोगों के विरुद्ध कोर्ट में चालान पेश किया था।

# रथ का देश भ्रमण आज से, शांति और शाकाहार का संदेश देंगे

**जयपुर।** वर्ष 2023 में भगवान महावीर का 2550 वां निर्वाणोत्सव पूरे विश्व में मनाया जाएगा। इस मौके पर धार्मिक आयोजन पूरे वर्ष विश्वभर में होंगे। इसी कडी में भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन जन तक प्रसारित करने लिए जयपुर के भट्टारकजी की नसियां से एक रथ देश में भ्रमण के लिए रवाना होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र और आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान महावीर 2550 वहां निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ प्रवर्तन समारोह का आयोजन 30 अक्टूबर को भट्टारक जी की नसियां में होगा।

- **राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि, सभी धर्मों के धर्मगुरु भी होंगे शामिल**


आचार्य सुनील सागर महाराज

यह जानकारी शनिवार को भट्टारक जी की नसियां में श्री भगवान महावीर 2550 वां निर्वाण महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ.मणीन्द्र जैन ने पत्रकारों को दी।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि रविवार प्रात: 10.30 बजे से आयोजित रथ प्रवर्तन आरंभ समारोह के मौके पर सभी धर्मों के धर्मगुरु व गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

डॉ.मणीन्द्र जैन ने बताया कि यह रथ देश के प्रमुख शहरों, कस्बों एवं गांवों में लगभग 70 हजार किलोमीटर की अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूर्ण करेगा, जिससे भगवान महावीर को जन जन के महावीर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

इस रथ के राष्ट्र भ्रमण से 10 करोड जैनेतर समाज में तीर्थकरों की ओर से उपदेशित जैन धर्म की जन जन का जीवन सुखमय बनाने के लिए प्रमुख बातें तथा जैन समाज की ओर से देश और सर्व समाज के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रति जागरूकता पैदा कर अहिंसा, शाकाहार, पर्यावरण तथा भगवान महावीर के प्रमुख सिद्धांत जिओ और जीने दो का प्रचार प्रसार देश भ्रमण के दौरान किया जाएगा।

आचार्य सुनील सागर महाराज ने बताया कि धर्म तोड़ता नहीं अपितु आपस में जोड़ता है। भगवान महावीर अहिंसा, शांति, सहिष्णुता के अग्रदूत थे। आज भगवान महावीर के सिद्धांतों की पूरी दुनिया को आवश्यकता है। यदि सारी दुनिया भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चले व पूरी तरह से अपना लेवे तो दुनिया की हिंसा, युद्ध सहित सारी समस्याएं समाप्त हो जाएगी।



**लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय एकता सप्ताह में उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर रेल मंडल की ओर से शनिवार को एकता दौड़ का आयोजन किया। दौड को अरावली क्लब गणपति नगर से अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. हिना अरोड़ा, मंडल कार्मिक अधिकारी प्रतुल सारोलीया, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक-रमेश कुमार व मंडल के अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन के पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।**

# नाबालिग साली से दुष्कर्म करने वाले को बीस साल की कैद

**जयपुर,** (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत महानगर प्रथम ने 13 साल की साली का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त जीजा को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

- **अभियुक्त पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजन ने बताया कि पीड़िता के भाई ने 28 अगस्त, 2021 को चाकसू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि एक दिन पहले उसकी मां पड़ोस में गई हुई थी और वह खुद भी घर पर नहीं था। इस दौरान अभियुक्त जीजा उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसला कर मोटरसाईकिल पर अपने साथ ले गया। परिजनों की ओर से तलाश करने के बाद भी पीड़िता नहीं मिल रही है। ऐसे में उसे बरामद किया जाए। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ दिन बाद पीड़िता को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया है। इस पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र पेश किया।

# आगामी 26 जनवरी तक प्रदेश को करें भिक्षावृत्ति से मुक्त : उषा शर्मा

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि प्रदेश को आगामी 26 जनवरी तक भिक्षावृत्ति और भिखारियों से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि 3 महीने की अवधि में सभी भिखारियों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भिखारियों को इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में जॉब कार्ड बनाकर रोजगार, इंदिरा रसोई से भोजन, कौशल विकास, रैन बसेरों में रहवास और पुनर्वास केंद्रों पर सम्मान पूर्वक जीने में संलग्न कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को इसके लिए 26 जनवरी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव शनिवार को शासन सचिवालय में समस्त संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

बैठक में शर्मा ने कहा की सभी जिला कलेक्टर एसडीएम व अन्य अधिकारी महीने में कम से कम एक बार इंदिरा रसोई में अवश्य खाना खाएं, जिससे भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी और राज्य सरकार की इस पहल का संदेश आमजन तक जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वीकृत 1000 रसोइयों में से 900 रसोईयां संचालित हैं। उन्होंने शेष रहीं 100 रसोइयों का कार्य पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म जयंती 19 नवंबर के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- **जिला कलेक्टरों से महीने में एक बार अवश्य इंदिरा रसोई में खाना खाने के निर्देश दिये**
- **तीन महीने की अवधि में सभी भिखारियों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए : सीएस**

मुख्य सचिव ने कहा कि सितंबर माह से प्रारंभ हुई इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में सभी जिले अधिक से अधिक काम स्वीकृत कर मस्टरोल जारी करें और अधिक संख्या में श्रमिकों को नियोजित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराए हैं वैसे ही शहरी क्षेत्रों में यह योजना रोजगार की तस्वीर बदलने में सहायक सिद्ध होगी।

इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना 2021 की प्रगति की समीक्षा करते हुए शर्मा ने कहा कि इस योजना के तहत 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने प्रत्येक बुधवार को जिला कलेक्टर, संबंधित बैंक मैनेजर व नगरपालिका के सहयोग से कैंप लगाने के निर्देश दिए ताकि थड़ी, स्ट्रीट वेंडर्स, छोटे खुदरा व्यापारियों को इस योजना से जोड़ा जा सके।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने को लेकर उषा शर्मा ने अवैध सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, बेचान व संग्रहण यूनिट की पहचान करने व वैकल्पिक प्लास्टिक के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी पात्र लोगों में से 90 प्रतिशत का 31 दिसंबर तक योजना में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। लंपी स्किन रोग की रोकथाम व बचाव के लिए उन्होंने कहा की हालांकि अभी स्थिति नियंत्रण में है तथापि नवंबर तक सभी पशुओं के टीकाकरण के काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 40 लाख से अधिक पशु हैं और 45 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में बेस्ट प्रैक्टिसेज, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, राजीविका, जिलों में निर्यात संवर्धन की योजनाओं की समीक्षा भी की गई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा। मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सार्थक बनाने के निर्देश दिए।

# धौलपुर में होगा बाईपास व रिंग रोड का निर्माण

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर जिले में सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों के लिए 112.95 करोड़ रूपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से धौलपुर जिले के बाड़ी रोड़ से भरतपुर धौलपुर रोड़ को जोड़ते हुए सैंपउ में 41.91 करोड़ रूपए की लागत से बाईपास का निर्माण होगा तथा बाड़ी शहर में 71.04 करोड़ रूपए की लागत से रिंग रोड का निर्माण होगा।

# प्रदेश में करोना संक्रमित बढ़ने का क्रम जारी

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में पिछले तीन दिन से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने का क्रम जारी है। शनिवार को भी शुक्रवार के मुकाबले नए मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में 61 नए करोना संक्रमित सामने आए, जबकि 85 मरीज ठीक हुए। फिलहाल 275 एक्टिव केस रह गए है। आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा 31 नए संक्रमित जयपुर जिले में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 15, अजमेर में 6, कोटा और उदयपुर में 2-2 तथा सीकर, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, हनुमानगढ़ में एक-एक संक्रमित मिला है। जयपुर में 24 करोना संक्रमित ठीक हुए है। यहां फिलहाल 110 एक्टिव केस बचे हुए है।


**अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में झोटवाड़ा में करधनी थाने के पीछे आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शनिवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। रुद्र गायत्री, सूर्य गायत्री मंत्र से विशिष्ट आहुति अर्पित की गई। नारी सशक्तिकरण के लिए भी आहुति दी गई।**

# एपीओ डीटीपी को स्थानीय निकाय में एसटीपी लगाने पर मांगा जवाब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एपीओ चल रहे डिप्टी टाउन प्लानर (डीटीपी) को स्थानीय निकाय विभाग में सीनियर टाउन प्लानर (एसटीपी) नियुक्त करने पर राज्य सरकार सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश राजपाल चौधरी की याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता का मूल विभाग स्थानीय निकाय है और वह वहां डिप्टी टाउन प्लानर के तौर पर तैनात है। याचिकाकर्ता सीनियर टाउन प्लानर के पद पर पदोन्नति की पात्रता रखता है, लेकिन डीपीसी नहीं होने के कारण वह पदोन्नत नहीं हो सका। इस दौरान राज्य सरकार ने गत अगस्त माह में सात साल सेवा का कार्य अनुभव रखने वाले और याचिकाकर्ता से कनिष्ठ यूडीएच विभाग के डीटीपी को याचिकाकर्ता के ऊपर एसटीपी लगा दिया। वहीं बाद में गत छह सितंबर को यूडीएच विभाग के ही एपीओ चल रहे एक डीटीपी को स्थानीय निकाय में एसटीपी लगा दिया। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का छह सितंबर का आदेश गलत है। याचिकाकर्ता स्थानीय निकाय का है और पदोन्नति के लिए पात्र है। ऐसे में यूडीएच विभाग के एपीओ चल रहे डीटीपी को स्थानीय निकाय में एसटीपी नहीं लगाया जा सकता। इसलिए छह सितंबर का आदेश रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# जयपुर मेट्रो के विस्तार के लिए 204.81 करोड़ रूपए मंजूर

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुरवासियों के लिए मेट्रो सुविधा को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में जयपुर मेट्रो के फेज-1-डी (मानसरोवर से अजमेर रोड चौराहा) के निर्माण के लिए 204.81 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

- **जयपुर मेट्रो के फेज-1डी में मानसरोवर से अजमेर रोड चौराहा तक होगा निर्माण**

उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट वर्ष 2022-23 में जयपुर मेट्रो का विस्तार करते हुए बड़ी चौपड़ से दिल्ली-आगरा हाइवे पर ट्रांसपोर्ट नगर को (फेज-1-सी) एवं मानसरोवर से अजमेर रोड चौराहा (फेज-1-डी) को मेट्रो द्वारा जोड़ने की घोषणा की थी। वर्तमान में जयपुर के मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक मैट्रो संचालित है।


## तीये की बैठक


अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती सौभाग देवी सेवड़िया**

(पति स्व. श्री किशनलाल सेवड़िया) का स्वर्गवास दिनांक 28.10.2022 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 30.10.2022 रविवार को सायं 4:00 से 5:00 बजे तक झटपट बालाजी मंदिर, राधा विहार, न्यू सांगानेर रोड सोडाला जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल-** भागीरथ सिंह चौधरी (Retd. BSNL), बालमुकुंद, सुरेश, नंदकिशोर (पुत्र) प्रशांत, उदिप, ईशा, भानुप्रताप (पौत्र), समस्त सेवड़िया परिवार।

मो.- 9414330039, 9828015470

## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# शैल्बी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने स्ट्रोक के लक्षण और उपचार बताए

**जयपुर** (कासं)। 'वर्ल्ड स्ट्रोक डे' पर शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर के न्यूरो विशेषज्ञों ने आमजन के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यत: दो प्रकार के स्ट्रोक होते हैं, जिन्हें इस्केमिक स्ट्रोक और हेमोरेजिक स्ट्रोक (ब्रेन हेमरेज) कहा जाता है।




इस्केमिक स्ट्रोक में मस्तिष्क की धमनी में रक्त का थक्का जम जाता है व रक्त प्रवाह रूक जाता है। लगभग 85 प्रतिशत मामले इसी श्रेणी में आते है। जबकि हेमोरेजिक स्ट्रोक (ब्रेन हेमरेज) वह स्थिति है जब धमन (आर्टरी) फट जाती है, तब अधिक मात्रा में खून बहता है और मस्तिष्क के किसी हिस्से में जमा हो जाता है। जिसके कारण मरीज को लकवा हो जाता है।

विशेषज्ञों ने बताया कि ब्रेन (दिमाग) के एक खास हिस्से तक ब्लड सप्लाई में समस्या होने पर स्ट्रोक का खतरा रहता है। ब्रेन स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क में रक्त परिसंचरण में रुकावट होती है या जब मस्तिष्क में रक्त वाहिका फट जाती है या लीक हो जाती है। ऑक्सीजन और रक्त की कमी से मस्तिष्क में ऊतक और कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और कुछ ही समय में मर जाती हैं।

जब किसी मरीज को स्ट्रोक होता है तो उसके शरीर में कई लक्षण दिखते हैं। जैसे अचानक एक तरफ के हाथ-पैर कमजोर होना, अचानक देखने में समस्या या धुंधला दिखाई देना, अचानक शरीर का कोई भी हिस्सा सुन्न पड़ना, अचानक शरीर पर कंट्रोल न होना, अचानक बोली में परिवर्तन इत्यादि। अगर स्ट्रोक के लिए उपचार की बात करें तो हेमोरेजिक स्ट्रोक में मरीज में ब्लड प्रेशर कंट्रोल करना होता है और कुछ मरीजों में सर्जरी की जरूरत भी पड़ सकती है। वहीं इस्केमिक स्ट्रोक में मरीज को शुरूआती 4.5 घण्टे में थ्रोमबोलिसिस का विकल्प रहता है। उसके पश्चात कुछ चुनिन्दा मरीजों में मेकेनिकल थ्रोमबेक्टोमी के द्वारा थक्के को धमनी से निकाला जा सकता है, ताकि रक्त का प्रवाह फिर से चालू हो सके। दोनों ही इलाज के विकल्प जितने जल्दी किए जाएं, परिणाम उतने ही अच्छे प्राप्त होते है।

विशेषज्ञों ने बताया कि शैल्बी मल्टी-स्पेशिलिटी हॉस्पिटल जयपुर के डिपार्टमेन्ट ऑफ न्यूरोलॉजी में स्वस्थ मस्तिष्क ओर इसके बेहतर इलाज के लिए अनुभवी डॉक्टर्स की टीम एवं विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है। मुख्यत: स्ट्रोक मेडिकल इमरजेंसी के लिए यहाँ उत्कृष्ट स्ट्रोक युनिट है, जिनमें कई आधुनिक जांच उपकरण एवं चिकित्सा तकनीक इत्यादि शामिल है।

# शास्त्रीय संगीत संध्या सजी

**जयपुर।** जयपुर में गोपाल कृष्ण स्प्रिंग फाउंडेशन की ओर से भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया। पंडित निषेन्द् किंजल्क ने सितार पर राग मधुवंती की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उभरते हुए कलाकार अक्षत शर्मा ने गिटार पर राग झिंझोटी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अक्षत शर्मा विश्व विख्यात विचित्र वीणा वादक पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा के पोते और सुप्रसिद्ध गिटार वादक पंडित श्री कृष्ण शर्मा के पुत्र हैं।


## खोया पाया

मेरी फर्म कविश एंटरप्राइजेज को बजाज ऑटो फाइनेंस से रिपोकिट नं. PLSED673193, PLSED673194, PGYED823838, PGYED823839, PGYED823738, GSPED737826, GSPED739453, PGYED823947, PGYED823795, GSPED739659, PGYED823388, PGYED823555, PGYED823556, PGYED823557, PGYED823558, PGYED824533, PGYED824550, PGYED824724, PGYED824778 जारी की गई थी। जो भरी हुई कहीं गुम हो गई। मिलने पर सूचित करें। हिम्मत चौधरी 9214057395

आवास संख्या 37/165 मानसरोवर जयपुर का कब्जा पत्र व आवंटन पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। धापू बाई मो.7222055587

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री गोरधन शर्मा, निवासी-176, व्यास कॉलोनी, रावण का चौराहा, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर के हैं तथा उसका पुत्र देवेद्र शर्मा मेरे अभिभाष्य के कहने में नही है एवं वह मेरे अभिभाष्य दबाव में लाने के लिये एवं झूँठों केसों में फसाने की धमकियाँ देता हैं एवं मेरा अभिभाष्य अपने उक्त पुत्र को दिनांक 28.10.2022 से अपनी चल व अचल सम्पत्ति व अपनी निजी जिन्दगी से बेदखल करता हैं। यदि इनसे किसी भी प्रकार का संव्यवहार करेगा तो वह उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
जयपुर (महेश कुमार ज्योतिषी) एडवोकेट
दिनांक-29.10.2022 मो.नं. 7976249094

**PUBLIC NOTICE** Dated: 01.10.2022
Public in General is hereby informed that our client Shri Dinesh Kumar Rana S/o Late Shri O. P. Rana, Aged 57 Years, and his wife Smt. Neerja Rana W/o Shri Dinesh Kumar Rana, Aged 53 Years, Both Resident Of,158, Doctors Colony, Jaipur 302021, have ceased all relations with their son Shri Himanshu Singh Rana, who is not staying with them since last one and a half year (address not disclosed to them) and taking his personal decisions/ acts/ deeds/ conduct and professional decisions independently or under influence/ pressure of others which is nothing to do with my client. Both of our above-named clients have also disowned and debarred their above-named son Shri Himanshu Singh Rana from all their moveable and immovable properties, anybody dealing with him and his company in reference to his relationship, agreement, MOU, understanding (if any) will do so at his/her/their own risk and responsibilities and our client shall not be responsible for any act, deed or dealing done by Shri Himanshu Singh Rana. This is without prejudice to all other legal rights and remedies available to our client for the above-stated purpose. A copy of this notice has been retained in our office for necessary action.
Hardik Agarwal (Advocate) Mob.: 9314638289

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id:dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in,Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/704 दिनांक-29.10.2022
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 2/177, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री दयाराम पूनिया पुत्र श्री सुरजाराम पूनियां को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 608 दिनांक 29.04.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 06.07.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात् राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 622 दिनांक 29.05.1990 के द्वारा श्री दयाराम पूनियां पुत्र श्री सुरजाराम पूनियां के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.03.1991 को करवाया गया। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2584 दिनांक 24.07.2007 के द्वारा श्री झम्मट राम धीरिया पुत्र श्री खेमचन्द धीरिया के नाम पंजीयन पश्चात् हस्तान्तरण कर दिया गया। तत्पश्चात् श्री झम्मट राम धीरिया की मृत्यु दिनांक 21.05.2020 को हो जाने के कारण इनके पुत्रांन श्री प्रदीप धीरिया, सुनील धीरिया एवं श्री योगेन्द्र धीरिया पुत्रांन स्व. श्री झम्मट राम धीरिया ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र तथा पंजीकृत हकत्याग प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री प्रदीप धीरिया, सुनील धीरिया एवं श्री योगेन्द्र धीरिया पुत्रांन स्व. श्री झम्मट राम धीरिया के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री प्रदीप धीरिया, सुनील धीरिया एवं श्री योगेन्द्र धीरिया पुत्रांन स्व. श्री झम्मट राम धीरिया के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-7/2022/डी-2292 दिनांक-29.10.22
**आम सूचना** निजी खातेदारी की आवासीय योजना केडियाज प्रकाश ऐवन्यूज ब्लॉक-ए नियमन शिविर का आयोजन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत योजना ग्राम सिरसी, तहसील जयपुर जिला जयपुर के निम्नलिखित खसरा नम्बरों के भाग का नियमन शिविर आयोजित किया जाता है-
क्र.सं.-1, **ग्राम का नाम मय तहसील**-ग्राम सिरसी, तहसील जयपुर जिला जयपुर, **हाल खसरा नम्बर**-921,922,2322/2301,924,923/2303, **योजना का नाम**-केडियाज प्रकाश ऐवन्यूज ब्लॉक-ए, **शिविर दिनांक**-02.11.2022, **शिविर स्थल**-जविप्रा परिसर
अतः योजना के क्षेत्र में आने वाले खसरा नम्बर के संबंध में अगर किसी खातेदार/हितदार/भूखण्डधारी/व्यक्ति/संस्था/अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति पश्चात् कार्यालय में जोन-7 जयपुर में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज गवाह साक्ष्य आदि एवं आपत्ति के समर्थन में स्वयं की पहचान के प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
प्राधिकृत अधिकारी जोन-7, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4851/2022
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी-नाम श्रीमती संजू मोहनोत पत्नी स्व. श्री महीपत राज मोहनोत, आयु 58 वर्ष, निवासी-बी-83, फ्लैट नं.जी-2, नीलेश अपार्टमेन्ट, रमन मार्ग, तिलक नगर, जवाहर नगर, जयपुर-302004 (राज.)
विवाद स्थान- मृतक द्वारा छोड़ी गई चल सम्पत्तियों के संबंध में।
मृतक-श्री महीपत राज मोहनोत की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-04.11.2022
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक नाम श्री महीपत राज मोहनोत पुत्र स्व. श्री उगम राज मोहनोत, जाति...निवासी बी-83, फ्लैट नं. जी-2, नीलेश अपार्टमेन्ट, रमन मार्ग, तिलक नगर, जवाहर नगर, जयपुर-302004 (राज.) की उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्टेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04.11.2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 17 माह 10 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीया ने मृतक श्री महीपत राज मोहनोत के प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयर्स बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

# पांच घंटे में अब उदयपुर से अहमदाबाद पहुंच सकेंगे

## कल से शुरू होगी ट्रेन, 16 साल से उदयपुर इस टेंन का इंतजार कर रहा था

**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर-अहमदाबाद (असारवा) आमान परिवर्तन ट्रेन का बीते 16 सालों से चल रहा लंबा इंतजार अब खत्म होने को है। सोमवार को असारवा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शाम 6 बजे इस ट्रैन को रवाना कर इसकी शुरूआत करेंगे। वहीं उदयपुर से भी शाम 6 बजे इसी दिन ट्रैन का औपचारिक उद्घाटन कर रवाना किया जाएगा।

इस ट्रैन की शुरू होने से प्रदेश का सीधा जुड़ाव दक्षिण से हो सकेगा। इसके संचालन से व्यापार व पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इस रूट पर प्रारंभिक तौर पर दो ट्रैनों चलेगी जो नियमित होगी वहीं एक ट्रैन की कनेक्टिविटी जयपुर से रहेगी। इधर, ट्रैन की विधिवत शुरूआत होने से पहले रविवार को उदयपुर-डूंगरपुर रेलखंड पर ट्रैन चलाकर इसका अंतिम स्पीड ट्रायल लिया जाएगा। वर्ष 2006 से इस ट्रैन का इंतजार था। करीब 16 सालों बाद इस ट्रैन की सौगात मिली है।

मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक रेलवे ने बताया कि उदयपुर-डूंगरपुर रेलखंड आमान परिवर्तन के पश्चाम 31 अक्टूबर को अहमदाबाद तक चलने वाली ट्रैन से पहले रविवार को उदयपुर-डूंगरपुर मार्ग पर स्पीड ट्रैन चलाकर अंतिम ट्रायल लिया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि इस दौरान ट्रैक के असपास न जाएं। अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार न करें। ट्रैक पार करने के लिए ट्रैक पार करने के लिए रेलवे फाटक/रोड अंडर पास /रेल ओवर ब्रिज का प्रयोग करें।

- प्रारंभिक तौर पर दो ट्रेनें चलेगी एक उदयपुर से, एक ट्रेन जयपुर से
- आज उदयपुर-डूंगरपुर पर स्पीड ट्रैन चलाकर लिया जाएगा अंतिम ट्रायल
- शाम 6 बजे असारवा से पीएम मोदी रवाना करेंगे ट्रेन, उदयपुर से भी जाएगी इस समय ट्रैन

इधर, उदयपुर-अहमदाबाद रूट पर दो ट्रैनें चलेगी। इस गाड़ियों में चार-चार सामान्य श्रेणी के डिब्बे होंगे जिनका किराया एक्सप्रेस ट्रेन के अनुसार 110 रूपए होगा। वहीं अन्य श्रेणियों का किराया अभी अपडेट नहीं हो पाया है। रूट पर चलने वाले गाड़ी संख्या 20963/64 सुबह 5.30 बजे उदयपुर से रवाना होगी जो साढ़े पांच घन्टे में दोपहर 10.55 बजे अहमदाबाद (असारवा-शाही बाग) पहुंचाएगी। यहीं ट्रैन अहमदाबाद से दोपहर 2.30 बजे रवाना जो रात 8 बजे उदयपुर पहुँचेगी। ट्रैन में 22 डिब्बे होंगे जिनमें 4 सामान्य श्रेणी, स्लीपर कोच 8, थर्ड एसी 5, सेकंड क्लास एसी 2 व फर्स्ट क्लास एसी 1 डिब्बा होंगे। इसके अलावा 2 डिब्बे लगेज होंगे।

इसी तरह दूसरी गाड़ी संख्या 19703/704 उदयुपर से शाम 5 बजे (17:00) बजे रवाना होगी जो रात 11 बजे (23:00) बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यही ट्रैन सुबह 6.30 बेज अहमदाबाद से निकल दोपहर 12.30 बजे उदयपुर आएगी। इस ट्रैन से छह घंटे लगेंगे। इस ट्रैन में 12 कोच होंगे- 4 सामान्य श्रेणी कोच, 2 सामान्य स्लीपर कोच, थर्ड एसी 3, सेकंड एसी 2 व एक फर्स्ट क्लास एसी डिब्बा होगा।

# भारत में घुस रहा पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

## बीएसएफ जवानों ने रोकने की कोशिश की, नहीं माना तो मार गिराया

**अनूपगढ़,** (निसं)। पाकिस्तान की ओर भारत की सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठिए को बीएसएफ के जवानों ने ढेर कर दिया। घुसपैठिया जीरो लाइन से लगभग 250 मीटर तक भारतीय सीमा में आ गया था। सुरक्षाबलों के रोकने पर भी जब वह नहीं रुका तो जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें वह मारा गया।

अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर घुसपैठ का यह प्रयास श्रीगंगानगर में अनूपगढ़ के पास शेरपुरा पोस्ट पर हुआ, जब बीएसएफ जवानों की टुकड़ी गश्त कर रही थी। बीएसएफ के डीआईजी अमित कुमार त्यागी ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान पाकिस्तान की ओर से एक युवक जीरो लाइन को पार कर घने जंगल से होता हुआ भारत की सीमा में आता हुआ दिखाई दिया। जवानों ने उससे रुकने के लिए कहा। इसके बाद भी वह जीरो लाइन से लगभग 250 मीटर तक आगे

- घुसपैठिया जीरो लाइन से लगभग 250 मीटर तक भारतीय सीमा में आ गया था

आ गया था। वह लगातार आगे बढ़ता जा रहा था। इसके बाद गश्त कर रहे जवानों ने गोली चलानी शुरू कर दी। युवक के नहीं रुकने पर 8 राउंड फायरिंग कर उसे मार दिया गया।

एनकाउंटर की सूचना मिलने पर बीएसएफ के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। डीआईजी ने बताया कि पाकिस्तानी युवक की तलाशी में फिलहाल उसके पास से कोई सामान नहीं मिला है। मृतक की उम्र लगभग 22 साल थी। इस तरीके से सीमा पार कर भारत में घुसने की कोशिश पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। डीआईजी ने बताया कि अनूपगढ़ के पास स्थित भारत-पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घना जंगल है। पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों के लिए उसका फायदा उठाने की फिराक में रहता है।

जयदेव सियाग ने बताया कि बीएसएफ अधिकारियों से सूचना मिलने के बाद पुलिस शेरपुरा पोस्ट पर पहुंची थी। बीएसएफ के अधिकारी अब पाकिस्तान के अधिकारियों से बात कर शव को वापस देने का प्रयास करेंगे। फिलहाल शव को अनूपगढ़ के हॉस्पिटल में रखवाया गया है। अनूपगढ़ के पास स्थित भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 18 अक्टूबर को भी दो लोगों के पैरों के निशान मिले थे। डीआईजी ने बताया कि ऐसी घटनाओं को लेकर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान मुस्तैद और सतर्क हैं।

# महिला बैंककर्मी ने छेड़खानी का मामला दर्ज कराया

## बगड़ी आईसीआईसीआई बैंक का मामला

**लालसोट,** (निसं)। मंडावरी थाना क्षेत्र के बगड़ी ग्राम ग्राम स्थित आईसीआईसीआई ब्रांच की महिला बैंक कर्मी केशियर सुनयना सैनी द्वारा उसी बैंक ब्रांच में कार्यरत पुरुष बैंककर्मी हिमांशु घीया के खिलाफ छेड़खानी का मामला पुलिस थाना मंडावरी में दर्ज कराया गया है। महिला बैंक कर्मी द्वारा पुरुष सहकर्मी पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह सुबह बगड़ी स्थित आईसीआईसीआई बैंक के अंदर कैश रूम में थी। जहां ब्रांच में कार्यरत बैंक कर्मी हिमांशु घीया द्वारा उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई एवं उसके साथ छेड़खानी की गई। इसके बाद वह हिमांशु को धक्का देकर बाहर आ गई। प्राथमिकी के माध्यम से महिला बैंक कर्मी ने बताया कि इस मामले की

- बैंक के अंदर कैश रूम में की थी हिमांशु ने छेड़छाड़ की कोशिश

सूचना उसके द्वारा बैंक के उच्च अधिकारियों को ईमेल के द्वारा दे दी गई है। महिला बैंक कर्मी ने बताया कि जब बैंक सहकर्मी हिमांशु को उसके द्वारा उच्च अधिकारियों को शिकायत का पता चला तो हिमांशु घीया मेघराज रवि पूजा आदि उसके पापा से मिलने एवं शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के लिए घर पहुंचे एवं प्राथमिकी वापस लेने की धमकी देकर वहां से चले गए। प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित बैंक महिला कर्मी ने बताया कि इस मामले को लेकर उसके एक दोस्त द्वारा आरोपी हिमांशु घिया से बात करवाई इस दौरान आरोपी हिमांशु द्वारा खुद की गलती भी स्वीकार की गई एवं उसे शिकायत करने के लिए मना किया गया।

मामला दर्ज होने के साथ मंडावरी थाना प्रभारी रामपाल मीणा द्वारा बगड़ी स्थित आईसीआईसीआई बैंक ब्रांच पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया एवं घटना से जुड़े साक्ष्यों का बारीकी से जायजा लिया गया। मामले को लेकर थाना अधिकारी मीणा ने बताया कि बैंक महिला कर्मी द्वारा उसी ब्रांच के पुरुष बैंक कर्मी पर छेड़खानी के दर्ज मामले में पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

# दस्तावेजों का सत्यापन आज

**अजमेर,** (कासं)। पर्यटक गाइड चयन के लिए हुई लिखित परीक्षा में सफल अजमेर, नागौर एवं भीलवाड़ा के अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों का सत्यापन 30 अक्टूबर तक करा सकते हैं।

अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों और आवेदन फॉर्म के साथ अजमेर जिला मुख्यालय पर होटल खदिम स्थित पर्यटक स्वागत केंद्र पर दोपहर 2 से 4 बजे के बीच पहुंचना होगा। पर्यटन विभाग के उप निदेशक संजय जौहरी ने बताया कि अजमेर, नागौर एवं भीलवाड़ा तीनों जिलों से पर्यटक गाइड के लिए हुई लिखित परीक्षा में कुल 285 अभ्यर्थी सफल रहे हैं।

पहले इन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 18 से 21 अक्टूबर तक किया जा जाना था। कुछ अभ्यर्थी इस अवधि में सत्यापन नहीं करा पाए थे। इसलिए विभाग ने राहत देते हुए सत्यापन करवाने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी इस तिथि तक दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकते हैं।

# लॉरेंस और सोपू गैंग के 2 गुर्गों को किया गिरफ्तार

## एक मैगजीन और चार कारतूस सहित एक कार बरामद

**अनूपगढ,** (निसं) घडसाना पुलिस ने शनिवार को लॉरेंस व सोपू गैंग के दो गुर्गों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से एक मैगजीन, चार कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घडसाना क्षेत्र में लारेंस गैंग व सोपू गैंग के सदस्यों के घड़साना होने की सूचना मिलने पर थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी के नेतृत्व में टीम ने ज्वाला कॉलोनी में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में जितेंद्र स्वामी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी नई मंडी घड़साना द्वारा एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। थाना अधिकारी

- बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे आरोपी

जितेंद्र स्वामी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में आपराधिक प्रवृति के दो व्यक्ति हथियारों सहित घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर ज्वाला कॉलोनी में टीम के सदस्यों ने घेरा बनाकर दबिश दी। वहां पर हिस्ट्रीशीटर लॉरेंस गैंग व सोपू गैंग के गुर्गे आशीष बिश्नोई ( 30) और संदीप बिश्नोई (26) को गिरफ्तार किया गया। साथ ही बताया कि दोनों अलग-अलग गाडियों से कस्बे में दहशत फैलाने के लिए घूम रहे थे और दोनों ही हथियारों से लैस थे। दोनों हिस्ट्रीशीटर इलाके में दहशत फैलाने आए थे।

आरोपी आशीष बिश्नोई व संदीप पर विभिन्न थानों में मारपीट, आपराधिक षड्यंत्र रचने, जानलेवा हमला करने ,लोगों को धमकाने ,मारपीट करने सहित एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने जब दोनों हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया, तब आरोपी आशीष बिश्नोई पुत्र प्रवीण कुमार बिश्नोई से एक एम. एम पिस्टल मय मैगजीन, 4 जिंदा राउंड 9 एम. एम तथा एक कार बरामद की है। वहीं दूसरे आरोपी संदीप पुत्र सीताराम बिश्नोई 1 एस. एम के.एम.एक मैगजीन, 4 जिंदा राउंड 9 एम. एम, एक थार जीप बरामद की है।

# बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। थाना अंतर्गत मंडा चौराहे से दुकान के बाहर खड़ी बाइक को मौका देख कर चोरी करने का आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 घंटे के अंदर ही बाइक जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव के निर्देशन में हेड कांस्टेबल हरि सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल गिरधारी लाल व विनोद कुमार की टीम ने बाइक चोरी के आसपास के सीसीटीवी कैमरे के सहयोग से आरोपी की पहचान की गई।

आरोपी मुकेश कुमार भोपा पुत्र हनुमान प्रसाद को चोमू पुरोहितान से आभावास जाने वाले सड़क मार्ग पर करीब 5 किलोमीटर पीछा कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।थाने के हेड कांस्टेबल हरि सिंह ने बताया कि आरोपी से अन्य मामलों को लेकर भी पूछताछ की जा रही है।कल आरोपी को अवकाशकालीन न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जाएगा।

# छठ त्यौहार के कारण कोटा-दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन की ट्रिप बढ़ाई

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा त्योंहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से प.म.रे. ने कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलने का निर्णय लिया। पूर्व में यह स्पेशल ट्रेन कोटा से 21 एवं 26 अक्टूबर और दानापुर से 22 एवं 27 अक्टूबर तक चलाया गया। जिसकी दो-दो ट्रिप को बढ़ा दिया गया है।

यह गाड़ी प.म.रे. के कोटा प्रारम्भ होकर सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी, हिण्डौनसिटी एवं भरतपुर स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन दो ट्रिप के लिए दिनांक 31 अक्टूबर एवं 05 नवम्बर को कोटा स्टेशन से शाम 06.40 बजे प्रस्थान कर सवाईमाधोपुर शाम 08.03 बजे, गंगापुरसिटी रात 08.50 बजे, हिण्डौनसिटी रात 09.26 बजे, भरतपुर रात 11.08 बजे आगमन होकर दूसरे दिन रात 08.00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन दो ट्रिप के लिए 01 नवम्बर एवं 06 नवम्बर को दानापुर स्टेशन से रात 09.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भरतपुर रात 09.20 बजे, हिण्डौनसिटी रात 10.14 बजे,

- पूर्व में कोटा व दानापुर से चलाई गई स्पेशल ट्रेन की दो-दो ट्रिप बढ़ाई

गंगापुरसिटी रात 10.52 बजे, सवाईमाधोपुर रात 11.43 बजे और तीसरे दिन मध्यरात्रि को 02.00 बजे कोटा स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी, हिण्डौनसिटी, भरतपुर, अछनेरा जंक्शन, मथुरा जंक्शन, हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपूर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़ , वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा द्वारा बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दीपावली एवं छठ त्यौहार में स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा है।

# महिलाओं में कहासुनी के बाद एक ही समुदाय के दो पक्ष भिड़े

**टोंक,** (नि.स.)। महिलाओं में आपसी कहासुनी के बाद एक ही समुदाय के दो पक्षो में झगडा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाईश की कोशिश की, नही मानने पर 6 जनो को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि कालीपलटन में पैसे के लेने के मामले में दो पक्षो की महिलाओं में कहासुनी हो गई।

- 6 जनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया

मामला अधिक बढ गया, दोनो पक्षो के भारी तादाद में लोग एकत्रित हो गए और झगडा करने लगे। सूचना मिलते ही हैडकांस्टेबल शिवराज दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाईश कर प्रयास किया, लेकिन दोनो पक्ष झगडे पर आमदा रहने पर दोनो पक्षों के दानिश, मुज्जमिल, असलम, फिरोज, बादशाह व शाहिद को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जिन्हे अदालत में पेश किया जाएगा।

# जयपुर-आगरा एनएच पर तीन वाहन टकराए, आठ घायल

## हाईवे पर एक तरफ का यातायात करीब सवा घंटे तक अवरुद्ध रहा

**हलैना,** (निसं)। जयपुर नेशनल हाईवे के गांव छोकरवारा कलां पर एक साथ तीन वाहन टकरा जाने से तीन महिलाओं सहित आठ जने घायल हो गए। सड़क हादसे के कारण नेशनल हाईवे का एक तरफ का यातायात करीब सवा घंटे तक अवरुद्ध रहा। ग्रामीणों की सूचना पर भुसावर थाना और खेड़ली मोड़ पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से हादसे में घायल हुए व्यक्तियों को टोल वसूल कंपनी की एंबुलेंस तथा 108 से भुसावर और भरतपुर के अस्पताल तक उपचार के लिए पहुंचाये और कड़ी मेहनत कर यातायात को सुचारू कराया।

भुसावर थाना के एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोग मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर मथुरा व आगरा लौट रहे थे। हादसा के कारण

- घायल हुए लोग मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर मथुरा व आगरा लौट रहे थे

नेशनल हाईवे का जयपुर से भरतपुर की ओर जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया। टोल वसूल कंपनी के परियोजना निदेशक कौशल सिंह परिहार तथा अमोली टोल के वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुलश्रेष्ठ ने बताया की गांव छोकरवाडा कला हादसे की सूचना प्राप्त होते ही सुरक्षा टीम और एंबुलेंस को भेजा गया। जिस टीम ने पुलिस का सहयोग कर घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया और यातायात को सुचारू कराने में पूरा सहयोग कर क्षतिग्रस्त वाहनों को फोरलेन से हटाकर खेड़ली मोड़ पुलिस चौकी पहुंचाया।

# मूंगफली की क्वालिटी सुधरी 3000 टन निर्यात सम्भव

**बीकानेर,** (कासं)। यहां उपजी मूंगफली की खरीद के लिए दूसरे राज्यों के व्यापारी आने लगे हैं। पिछले एक सप्ताह में गुजरात, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश में मूंगफली की बड़ी खेप भेजी गई है। इस बार अच्छी बारिश के कारण पैदावार में बढ़ोतरी के अलावा क्वालिटी भी सुधरी है। इस वजह से 3000 टन निर्यात होने की संभावना है। पिछले साल बीकानेर से 800 टन निर्यात हुआ था।

मूंगफली की बम्पर आवक और कीमतों में हुई गिरावट के कारण पिछले 7 दिन में करीब 30 हजार बोरी मूंगफली की आवक भी टूटी है। शुक्रवार को करीब 70 हजार बोरी मूंगफली की आवक मंडी में हुई। कच्ची आढ़त व्यापार संघ के अध्यक्ष जगदीश पेड़ीवाल ने बताया कि मूंगफली 5000 से 6700 रुपए में क्विंटल में बिकी। पिछले 7 दिन में कीमत करीब 500 रुपए प्रति क्विंटल कम हुई है।

इस बार अच्छी बारिश से मूंगफली के दाने मोटे और स्वादिष्ट भी हैं। कच्ची आढ़ त व्यापार संघ के अध्यक्ष पेड़ीवाल ने बताया कि गुजरात को मूंगफली का हब कहा जाता है, लेकिन गुजरात के व्यापारियों की नजरें बीकानेर मंडी पर टिकी हुई हैं। इसकी खास वजह यह है कि बीकानेर जिले में उपजी मूंगफली एक्सपोर्ट के मापदंडों को पूरा करती है। नवम्बर से मूंगफली का एक्सपोर्ट शुरू हो जाएगा।

- पिछले साल बीकानेर से 800 टन हुआ था मूंगफली निर्यात
- मूंगफली का हब कहे जाने वाले गुजरात के व्यापारियों की नजरें भी बीकानेर की मूंगफली मंडी पर टिकी हुई हैं

एक्सपोर्टर नवनीत मूंधड़ा ने बताया कि चीन, बांग्लादेश, यूरोप और नेपाल से मूंगफली दाने की डिमांड आने लगी है। बीकानेर अनाज मंडी में एक्सपोर्ट क्वालिटी की मूंगफली के भाव प्रति क्विंटल 5800 से 6000 रुपए हैं। इस मूंगफली को प्रोसेस कर इसके दाने को एक्सपोर्ट लायक बनाया जाता है।

संजय पटेल, एक्सपोर्टर, राजकोट गुजरात का कहना है कि एक्सपोर्ट करने के लिए कोटा से मूंगफली दाने की खरीद करते हैं। बीकानेर से सैंपल मंगवाया था, जो एक्सपोर्ट के मापदंडों को पूरा कर रहा है। इस वर्ष मूंगफली दाने की खरीद बीकानेर से भी करेंगे।

# झोलाछाप डाक्टरों पर स्वास्थय विभाग व पुलिस की रेड

**अलवर,** (निसं)। रामगढ़ में अवैध क्लिनिक चला रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से एक बार हड़कंप मच गया। झोलाछाप डॉक्टर क्लिनिक छोड़ भाग गए। कस्बे में अवैध रूप से संचालित दो क्लिनिक खुले पाए गए। एक को सीज कर नोटिस चस्पा कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ब्लॉक सम मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र पालीवाल ने बताया कि रामगढ़ तहसीलदार, रामगढ़ पुलिस व चिकित्सा विभाग ब्लॉक सम की संयुक्त टीम ने क्लिनिक व कार्यरत नीम हकीमों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए रामगढ़ में संचालित दो क्लिनिकों को सीज करने की कार्रवाई की।

साथ ही दोनों क्लिनिकों पर नोटिस चस्पा कर सूचित किया गया है कि वे अपनी क्लिनिक के संचालन के संबंध में अधिकृत आवश्यक दस्तावेज मय चिकित्सकीय रजिस्ट्रेशन व योग्यता प्रमाण पत्र ब्लॉक सीएमएचओ कार्यालय में प्रस्तुत करें। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई दौरान रामगढ़ तहसीलदार तनसिंह भाटी, ब्लॉक सम मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र पालीवाल, रामगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ. आलोक, सहायक उपनिरीक्षक गुमानसिंह, भू अभिलेख निरीक्षक श्रवण कुमार व हरप्रीतसिंह मौजूद रहे।

# मालपुरा-केकड़ी मार्ग पर खाई में पलटी बोलेरो कार, आठ जने घायल

## खेडा बालाजी के दर्शन कर देवगांव, जूनियां, केकडी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पलटी

**मालपुरा,** (निसं)। शनिवार को माधोराजपुरा फागी स्थित खेडा बालाजी के दर्शन कर देवगांव जूनियां केकडी जा रहे श्रद्धालूओं से भरी बोलेरो कार मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर तितरिया मोड के पास अनियंत्रित हो खाई में पलटी खा जाने से कार सवार आठ महिला-पुरूष व बच्चे गंभीर घायल हो गये। जिनमे से पांच गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। मामले के अनुसार शनिवार को देवगांव निवासी गणेश पुत्र रामेश्वर, मंजू पत्नी ज्ञानचन्द, अनिता पत्नी गणेश, विष्णु पत्नी शिवराज, परी पुत्री गणेश, प्रियांशु पुत्र गणेश, खुशी पुत्री श्योराज, अभय पुत्र शिवराज जांगिड की कार जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर तितरिया मोड के पास खाई में पलटी खा गई।

राहगीरो की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कडी मशक्कत कर बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाल तीन को एम्बूलेंसों की सहायता से मालपुरा के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। घटना स्थल से रवाना होने के दौरान ही मालपुरा अस्पताल ड्यूटी डॉक्टर अमित सक्सेना को सूचना के



मालपुरा अस्पताल में परिजनों ने स्ट्रेचर के अभाव में घायलों को हाथों में उठा वार्ड में भर्ती कराया।

बावजूद चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्थाएं नहीं की गई। अस्पताल में इतनी बडी संख्या मे एक साथ घायलों के पहुंचने के बावजूद भी ना तो स्ट्रेचर मिला और ना ही नर्सिंग स्टाफ। परिणाम यह रहा कि अस्पताल परिसर मे मौजूद लोगो ने सभी घायलो को हाथों में उठा वार्ड में भर्ती करवाया।

डॉ. सक्सेना अवगत करवाने के बजाय कागजी कार्यवाही में समय व्यतीत करते रहे। तो सभी घायलों को प्रशिक्षु प्रथम व द्वितीय वर्ष के नर्सिंग छात्रो के भरोसे छोड़ दिया। तकरीबन आधा घंटे से अधिक समय तक प्रशिक्षु छात्र महज तीन घायलों के उपचार के नाम पर प्रशिक्षण करते रहे तो शेष घायल पलंगों पर लैटे तडपते रहे। सूचना के बाद एसडीएम रामकुमार वर्मा ने अस्पताल पहुंच उपचार शुरू कराया। इतना ही नहीं घायलों को रैफर किये जाने से पूर्व चिकित्सक ने समुचित जांच नही की जिससे एम्बूलेंस मे भारी मात्रा में खून फैल गया।

मिडियाकर्मियों द्वारा पूछे गये सवालों पर एसडीएम ने भी व्यवस्थाओं में हुई चूक व घायलों के उपचार में हुई देरी को स्वीकारते हुए मामले की जांच करवा दोषी के विरूद्ध कार्यवाही की बात कही है। पूर्व संसदीय सचिव शत्रुघ्न गौतम ने मालपुरा अस्पताल में सामने आये अनियमितता व चिकित्सक की लापरवाही से मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री व जिला कलेक्टर को जरिए दूरभाष के अवगत करवा ट्यूटर पर टैग करते हुए दोषी चिकित्सक पर कार्यवाही व अव्यवस्थाओं मे सुधार की मांग की।

- पांच गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया
- ड्यूटी डॉक्टर की संवेदनहीनता व अव्यवस्थाओं के चलते बिना उपचार के तड़पते रहे घायल

# पांचवीं बार डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के टैंडर की तैयारी में ग्रेटर नगर निगम

## शहर के सांगानेर, मानसरोवर, जगतपुरा, झोटवाड़ा और विद्याधर नगर क्षेत्र में नहीं है घर-घर कचरा संग्रहण का कोई इंतजाम, लोग परेशान

**जयपुर** (कासं)। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था के लिए नगर निगम ग्रेटर शेष रहे 5 जोन में फिर से टैंडर जारी करने की तैयारी कर रहा है। चार बार टैंडर फेल होने के बाद इस बार शर्तों को बदला गया है। अब तक चार बार टैंडर किए गए हैं, जिनमें तीन बार कोई भी फर्म नहीं आई और चौथी बार सिर्फ एक फर्म आई, जो भी तकनीकी परीक्षा में फेल हो गई।

इसके चलते निगम ने इस बार नियमों में शिथिलता दी है। ग्रेटर निगम के सांगानेर, मानसरोवर, जगतपुरा, झोटवाड़ा और विद्याधर नगर के लिए यह टैंडर जारी होंगे।

शर्तों में शिथिलता देते हुए आरएफआईडी कार्ड लगाने के अनुभव होने की शर्त को हटा दिया गया है। अब कंपनी यह काम किसी

■ **टैंडर की शर्तों में से आरएफआईडी कार्ड लगाने के अनुभव को इस बार हटा लिया गया है, ताकि इन जोनों में घर-घर कचरा संग्रहण हो**

अन्य फर्म के जरिए करवा सकेगी। इसी तरह फर्म को ठेका देते समय ही सभी हूपर की आरसी देने की शर्त में भी छूट दी गई है। फर्म एक महीने के भीतर यह आरसी की कॉपी दे सकेगी। लेकिन सभी हूपर फर्म के नाम पर होना जरूरी है ताकि काम को किसी अन्य कंपनी को सबलेट नहीं किया जा सके। तकनीकी नियमों में भी शिथिलता दी गई है।

## 'मालवीय नगर में सात दिन से आती है कचरे की गाड़ी'

**जयपुर** । जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद भी निगम के जिम्मेदार अधिकारी आँख मूंदे बैठे है।

जयपुर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड नंबर 109 के मॉडल टाउन डी ब्लॉक के निवासी और वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा ने बताया कि उनकी कॉलोनी में पिछले छह माह से 7 दिन में कचरा गाड़ी आती है। इस व्यवस्था से मौसमी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। इसकी शिकायत मेयर और आयुक्त, नगर निगम के शिकायत केंद्र सहित क्षेत्र के सफाई इंस्पेक्टर रमेश को कई बार मोबाइल पर करने के बाद भी कचरा गाड़ी नहीं पहुंचती। इससे सफाई व्यवस्था नाकाम और बेपटरी होने का साफ़-साफ़ पता चलता है।

ज्ञात रहे कि ग्रेटर निगम ने वी केयर एन्वायरो फर्म को मालवीय नगर क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण का काम दे रखा है, लेकिन यहां भी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से छात्र की मौत

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना इलाके में शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार ने स्कूल छात्र को टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना (पश्चिम) कर रही है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में श्री करणी उमा नगर निवासी ईश्वर सिंह (15) की मौत हो गई जो एक प्राइवेट स्कूल में 8वीं क्लास में पढता था। जो सुबह शनिवार साढे नौ बजे 80 फीट रोड से घर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। लोगों ने गंभीर हालत में ईश्वर को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक और कार की तलाश कर रही है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि मृतक ईश्वर सिंह घर का इकलौता चिराग था, उसके तीन बहनें है। ईश्वर सिंह की मौत की खबर सुनकर उसके घर में कोहराम मच गया, मां और बहनों का रो-रो के बुरा हाल है।

# 23 बाल ब्रह्मचारिणी बेटियों के स्वयंवर का गवाह बनेगा जयपुर

## 5 वर्ष की ट्रेनिंग के बाद होता है समर्पण, बग्गी में निकलेगी सवारी



**जयपुर,** (कासं)। वर्तमान समय में जब लोग स्व-केन्द्रित होते जा रहे है। ऐसे में 23 राजयोगिनी बाल ब्रह्मचारिणी बेटियां सामाजिक उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित करने जा रही है। इसके लिए अंतराष्ट्रीय आध्यात्मिक ब्रम्हाकुमारीज संस्थान 30 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे रणबंका मैरेज हॉल, सिरसी रोड पर इतिहास रचने जा रही है। यानि यह राजयोगिनी बहनें अपना परिवार न बसाकर बल्कि पूरे समाज में बतौर स्पिरिचुअल टीचर्स आजीवन राजयोग मेडिटेशन और ईश्वरीय ज्ञान के जरिये लोगों का आध्यात्मिक उत्थान करेंगी। ताकि एक मूल्यनिष्ठ और सांस्कारिक समाज का निर्माण हो सके। खास बात यह है कि ईश्वरीय सेवा में अपना जीवन समर्पित करने जा रही यह 23 बहने पोस्ट ग्रेजुएट है और प्रोफेशनली क्वालिफाइड है। कुछ के पास इंजिनीयरिंग, तो कुछ टीचिंग तो कुछ आर्ट और कॉमर्स फील्ड से ताल्लुक रखती है।

यह जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज जयपुर सबजोन प्रभारी बीके सुषमा ने बताया यह पहली बार है कि जब एक साथ 23 बहनों का महासमर्पण होने जा रहा है। यह महासमर्पण एक तरह से ईश्वर के साथ उनका स्वयंवर है। इस कार्यक्रम में उनके माता, पिता, परिजन, रिश्तेदार मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर इनका श्रृंगार किया जायेगा। रीति रिवाज भले सामाजिक रुपरेखा में होगी लेकिन यह एक आध्यात्मिक प्रक्रिया के तहत इनके माता पिता आजीवन ईश्वरीय सेवा के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान को समर्पित कर देंगे। इस कार्यक्रम खासतौर पर ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका और यूरोपियन सेवाकेन्द्रों की निदेशिका राजयोगिनी बीके जयन्ती, राजस्थान सरकार के चिकित्सा राज्यमंत्री सुभाष गर्ग, ब्रह्माकुमारीज के मीडिया चीफ बीके करुणा, संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे।

दरअसल जो बहनें ईश्वरीय सेवा में अपना जीवन समर्पित करना चाहती है। संस्थान उनको पांच साल तक राजयोगा मेडिटेशन और ईश्वरीय ज्ञान में प्रशिक्षित करती है। इसमें सफल होने के बाद ही उनके माता-पिता तथा परिवारजनों की सहमति के बाद संस्था में उनका सपर्मण होता है।

स्वयंवर समारोह से पूर्व समर्पित होने वाली बहनों को वैशाली नगर सेवाकेन्द्र से सजी-धजी बग्गियों में परिक्रमा कराकर समारोह स्थल पर ले जाया जायेगा। इस कार्यक्रम में हजारों लोग इनका स्वागत सत्कार करेंगे।

# पारदी गैंग के सरगना और संदिग्ध महिला समेत 3 बदमाश गिरफ्तार

## मुहाना थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए आरोपियों को पकड़ा, पूछताछ जारी

**जयपुर** । मुहाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पारदी गैंग के सरगना एवं संदिग्ध महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से दो महंगे मोबाइल बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पारदी गैंग के सरगना रबिन सोलंकी (20) निवासी मालवा मध्य प्रदेश हाल खानाबदोश गोनेर रोड सांगानेर, सोनिया पंवार (25) निवासी भोपाल मध्य प्रदेश और दुला बाई सोलंकी (60) निवासी भोपाल मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।







गिरफ्तार आरोपी रॉबिन, सोनिया और दुला बाई

पुलिस ने इनके पास से दो महंगे मोबाइल बरामद किए है। पूछताछ में सामने आया कि भीड-भाड वाले इलाको में मौका देखकर आरोपित मोबाइल और पर्स चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। पकडे जाने के डर से चोरी किए गए सामानों को एक-दूसरे को पास करते रहते है। इसके अलावा इनकी गैंग का एक सदस्य बाइक लेकर साइड में खड़ा रहता है जो चोरी किए गए सामानों को ले जाकर दूर कहीं छिपा देता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की संभावना है।

# शिविर में 175 लोगों ने रक्तदान किया

**जयपुर,** (का.प्र.)। जीवन लक्ष्य फ़ाउंडेशन ,जयपुर एवं माई राइट फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया ।

कार्यक्रम के संयोजक अंजू गर्ग ने बताया कि जीवन लक्ष्य फाउंडेशन एवं माई राइट फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, यह रक्तदान शिविर अभयम, लाल कोठी, ज्योति नगर थाने के सामने आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में 175 से अधिक रक्तदाताओं अपने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक एवं सुमन ब्लड बैंक के द्वारा तकनीकी टीम को लगाकर रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान से योगदान क्रम के संयोजक प्रमित कुमार ने बताया कि, संस्था जीवन लक्ष्य फाउंडेशन ने अब तक 105 से ज्यादा प्रोग्रामों का आयोजन पिछले 2 सालों में किया है, जिसमें ब्लड डोनेशन कैंप, वृक्षारोपण, गरीब विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की व्यवस्था, सरकारी स्कूलों में स्वेटर वितरण, पुस्तकों का वितरण एवं अन्य शिक्षा संबंधी सामग्री का वितरण किया गया, संस्था के द्वारा कच्ची बस्ती के परिवारों के बीच जितने भी सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं उनके बीच संस्था के द्वारा आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ, पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, जयपुर नगर निगम उपमहापौर पुनीत करनावत, ज्योति नगर थाना इंचार्ज सरोज धायल, वाणिज्य कर विभाग कर्मचारी अधिकारी अध्यक्ष महेश चौधरी ने भी रक्तदाताओं का सम्मान कर उनके कार्य की प्रशंसा की एवं सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापक सदस्या पूजा चतुर्वेदी ने बताया कि यह शिविर किशोरी लाल गर्ग, शकुन्तला देवी, अर्पिता गर्ग, हरीश चंद्र शर्मा, कुसुमलता, राधेश्याम गुप्ता, भवानी सिंह, श्याम सुंदर मीना एवं राहुल पारीक की स्मृति में आयोजित किया गया।

## रक्तदान शिविर का पोस्टर जारी

**जयपुर** । महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की 335वीं जयन्ती समारोह के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन 3 नवम्बर, को राजपूत सभा भवन, जयपुर पर किया जा रहा है। 29 अक्टूबर को जयन्ती समारोह एवं रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन भवानी निकेतन परिसर में किया गया। इस अवसर पर नगेन्द्र सिंह बगड़ उपाध्यक्ष, सम्पत सिंह धमोरा कार्यकारिणी सदस्य, राम सिंह चन्दलाई अध्यक्ष, बलवीर सिंह हाथोज महामंत्री, धीर सिंह शेखावत संगठन मंत्री, प्रताप सिंह राणावत उपाध्यक्ष, प्रद्युमन सिंह मुण्डरू कोषाध्यक्ष, मोहन सिंह बगड़ सहमंत्री, सुरेन्द्र सिंह नरूका (एडवोकेट), राजपूत सभा, शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधान, व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### नशापूर्ति के लिए चोरी करने वाले पकड़े

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना पुलिस ने नशा करने के लिए सिलेंडर और कटर मशीन चोरी करने वाले दोआरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मार्बल कटर मशीन व तीन सिलेंडर बरामद किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी पन्नालाल ने बताया कि चोरी के आरोप में जवाहर नगर स्थित कच्ची बस्ती निवासी आकाश उर्फ बंटी खटीक (22) व सूरज कुमार (23) को गिरफ्तार कर इनके पास से क मार्बल कटर मशीन व तीन सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित नशा करने के आदि है। नशा करने के लिए आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से कई अन्य चोरी की वारदातों का खुलासा भी हो सकता है। 23 अक्टूबर को पीड़ित वासुदेव देवनानी द्वारा निर्माण कार्य में काम आने वाली हेड मार्बल कटर मशीन व तीन गैस सिलेंडर चोरी होने का मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आस पास के स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर संदिग्ध मिलने पर दो जनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया।

### घर की खिड़की तोड़कर दो बहनें भागी

**जयपुर** । मुहाना इलाके में दो नाबालिग बहनें अपने घर की खिड़की तोड़कर निकल गई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनों बहनों की तलाश में जुटी है। जांच-अधिकारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इलाके निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है कि वह मुहाना मंडी में सब्जी बेचने का काम करता है। उसकी दो बेटियां 16 साल और 14 साल की हैं। घटनाक्रम के मुताबिक 28 अक्टूबर की अलसुबह करीब 4 बजे दोनों बेटियां घर की खिड़की तोड़कर बाहर निकल गई, जोकि अब तक नहीं लौटी हैं। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर दोनों बहनों की तलाश शुरू की है।

### जालसाज ने खाते से नकदी निकाली

**जयपुर** (कासं)। ओएलएक्स पर जूते बेचना एक युवक को महंगा पड़ गया। जालसाज ने उसे झांसे में लेकर 98 हजार 400 रूपए की चपत लगा दी। मानसरोवर थाना पुलिस में मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार ख़ुशी विहार निवासी नीलीमा शर्मा ने रिपोर्ट दी है कि उसका बेटा इलाके स्थित एक स्कूल के हॉस्टल में रहता है। उसने ओएलएक्स पर जूते बेचने के लिए डाले थे। इस दौरान जालसाज ने उससे सम्पर्क कर ऑनलाइन पेमेंट भेजने का झांसा देकर ओटीपी पूछ बैंक खाते से 98400 रूपए पार कर लिए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### बच्ची से अश्लीलता करने वाला पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में स्थित मकान में घुस कर नाबालिग से अश्लील हरकत कर रहे एक किशोर को रंगे हाथों पिता ने पकड़ लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज बालअपचारी को निरुद्ध कर लिया है। थानाधिकारी शीशराम मीणा ने बताया इलाके निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दी है कि वह पेशे से वकील है, जबकि उसके पति सरकारी कर्मचारी हैं। दोनों की दो नाबालिग बेटियां हैं। घटनाक्रम के मुताबिक महिला और उसका पति 28 अक्टूबर की सुबह अपने अपने काम पर चले गए थे। घर पर दोनों नाबालिग बेटियां अकेली थी। इसी दौरान 16 वर्षीय किशोर घर में आ गया और बेडरूम में घुस कर नाबालिग बेटी से अश्लील हरकत करने लगा। तभी महिला के पति भी घर में आ गए और बालअपचारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर बालअपचारी को निरुद्ध कर लिया है।

### हथियार लेकर घूम रहा बदमाश दबोचा

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) डॉ. राजीव पचान ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी तुषार खराडिया (21) निवासी आदर्श नगर को नाहर सिंह कबाडी तिराहा आमागढ से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### नाथूलाल शर्मा की हिस्ट्रीशीट खोली

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना इलाके के आदतन अपराधी की हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश जारी किए गए है।अपराधी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ 17 मामले शहर के विभिन्न थानों में दर्ज है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना इलाके में लगातार अपराधों में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय आदतन अपराधी नाथूलाल शर्मा (59) निवासी बडी ढाणी ग्राम केश्यावाला मुहाना पर विशेष निगरानी और अपराध की रोकथाम के लिए उसकी हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश जारी किए गए है। हिस्ट्रीशीटर नाथूलाल शर्मा आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ मारपीट, चोरी, छेड़छाड़ के करीब 17 मामले शहर के विभिन्न थानों में दर्ज है। कई बार इलाके में शांति कायम करने के लिए अपराधी को पाबंद भी करवाया जा चुका है।

## प्रताप नगर में युवक से मारपीट

**जयपुर** । प्रताप नगर थाना इलाके में द्वारकापुरी सर्कल पर रोड रेज के मामले में दूसरे पक्ष ने भी शुक्रवार शाम को एफआइआर दर्ज कराई। रामनगरिया निवासी लखविंदर सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि वह 25 अक्टूबर को रात 10 बजे अपनी गाडी से प्रताप नगर से घर जा रहे था। तभी द्वारकापुरी के पास चौराहे पर एक कार सवार लोगों ने उन्हें रोक लिया।

आरोप है कि कार सवार लोगों ने उससे गाली-गलौच की और धार्मिक टिप्पणी की। इसी दौरान वहां और भी लोग आ गए। उन्होंने आरोपी युवक को रोकने की कोशिश की तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। इस पर वहां एकत्र लोगों ने उसकी मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक प्रताप नगर निवासी सतीश गुर्जर है। उसने अत्यधिक मात्रा में शराब पी रखी थी। पुलिस ने मौके से ही सतीश सहित चार जनों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया था। उधर सतीश की बेटी ने दूसरे पक्ष पर कार को टक्कार मारने और मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

## छात्रों को हवाई किराए का पुनर्भरण

**जयपुर** । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन से भारत लौटे राजस्थानी विद्यार्थियों को हवाई किराए का पुनर्भरण करने की सहमति प्रदान की है। गहलोत की इस स्वीकृति के बाद 1 फरवरी से 14 फरवरी तक स्वयं के खर्चे पर यूक्रेन से भारत लौटने वाले राजस्थान के विद्यार्थियों के हवाई किराए की राशि का पुनर्भरण किया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग द्वारा 50 लाख रूपए की सहमति पूर्व में ही प्रदान कर दी गई थी।

# 35 किलो अवैध गांजे के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की सप्लायर करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित तस्कर के पास से 35 किलो से अधिक पदार्थ गांजा और वारदात में प्रयुक्त कार जब्त की है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित सप्लायर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) डॉ. राजीव पचार ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस और डीएसटी ने अवैध मादक पदार्थ गांजा सप्लायर करने वाले तस्कर पबीर दास उर्फ बॉबी (29) निवासी मूलत कुचबिहार( पश्चिम बंगाल) हाल फ्रन्टियर कॉलोनी गोविन्द मार्ग आदर्श नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि जवाहर नगर स्थित सर्वानन्द पार्क के पास एक कार से अवैघ मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई की जा रही है।



जवाहर नगर पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया।

सूचना पर जवाहर नगर थाना पुलिस और डीएसटी ने कार्रवाई करते हुए कार सवार संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़कर कार की तलाशी में उसके पास 35 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

पुलिस ने गांजा सप्लायर पबीर दास उर्फ बॉबी को गिरफ्तार का गांजा और सप्लाई में काम में ली जा रही सेंट्रो कार को जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित तस्कर पबीस दास उर्फ बॉबी के खिलाफ कोतवाली और मोती डूंगरी थाने में दो आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस आरोपित तस्कर से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# जीरो सेटबैक पर बनी चार मंजिला अवैध इमारत सीज

## जेडीए की प्रवर्तन टीम ने मुहाना मंडी रोड स्थित केसर नगर में अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग पर कार्रवाई की

**जयपुर** (कासं)। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने मुहाना मंडी रोड स्थित केसर नगर में जीरो सेटबैक पर बन रही बेसमेंट समेत चार मंजिला बिल्डिंग को सीज किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि केसर नगर के भूखंड संख्या 245 की 166 वर्गगज जमीन पर जेडीए प्रशासन की बिना अनुमति और स्वीकृति लिए भूखंड मालिक ने जीरो सेटबैक पर बेसमेंट समेत चार मंजिला अवैध व्यावसायिक इमारत बना ली।

गत 10 अगस्त को जेडीए ने भूखंड मालिक को नोटिस थमाया, इसके बाद निर्माणकर्ता ने जेडीए ट्रिब्यूनल में अपील पेश की। जहां प्रवर्तन टीम ने अपना पक्ष रखा, तब कोर्ट ने 15 दिन का समय देते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करने को कहा। इसी बीच बिल्डिंग मालिक चोरी छिपे निर्माण कार्य पूरा करने में जुटा रहा। शनिवार को जेडीए टीम ने इमारत के प्रवेश द्वार पर ईंटों की दीवार चुनवाकर सीलिंग की कार्रवाई की।

इसी प्रकार आगरा रोड पर इकोलॉजिकल जोन चावण्ड का मंड गेट के पीछे करीब 4 बीघा कृषि भूमि



पर 'चामुंडा विहार' के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को भी खुर्द-बुर्द किया। जेडीए की बिना अनुमति काश्तकार ने दीपावली की छुट्टियों की आड़ लेकर कॉलोनी में मिट्टी की सड़कें, बाउंड्रीवाल और कई अवैध निर्माण कर लिए थे। जिन्हें शनिवार को जेसीबी से हटाया।

## तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने असंतुलित होकर अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी चार कारों को चपेट में ले लिया। वहीं स्कूटी पर बैठा एक व्यक्ति हादसे में बाल-बाल बचा। दुर्घटना के बाद चालक कार को तेजी से भगा ले गया। सीसीटीवी कैमरे में दुर्घटना कैद हो गई। जिसके आधार पर पुलिस कार व उसके चालक का पता लगा रही है। थानाधिकारी पन्नालाल ने बताया कि शुक्रवार रात को राजापार्क गली नंबर सात में हादसा हुआ। एक कार तेज गति से आ रही थी, इसी दौरान सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक की चपेट में आने से कार का संतुलन बिगड़ गया और पार्किंग में खड़ी कारों के टक्कर मार दी। हादसे में बाल-बाल बचे एक व्यक्ति ने कार को रोकना भी चाहा, लेकिन चालक भगा ले गया।

## श्याम नगर में सूने मकान से जेवर और नकदी चोरी

**जयपुर** । श्याम नगर थाना इलाके में चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित नंदलाल शर्मा की ओर से पुलिस थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसमें बताया कि वह अपने परिवार के साथ झुंझुनू एक धार्मिक अनुष्ठान और जागरण के प्रोग्राम में गए हुए थे।

उनके पीछे से अज्ञात चोर घर में घुसे और मकान का ताला तोड़कर अलमारियों से से 10 लाख रूपए के सोने, चांदी के जेवरात और 30 हजार रुपए की नगदी चुरा कर फरार हो गए। घटना का पता उस वक्त चला जब पीड़ित परिवार दो दिन बाद 28 अक्टूबर को घर पर पहुंचा। इस दौरान घर के सभी ताले टूटे हुए पाए गए। घर में रखी अलमारियों के ताले टूटे हुए पाए गए। पीड़ित नंदलाल ने श्याम नगर थाना पुलिस को सूचना दी।

घटना के बाद जयपुर सिटी एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। इस दौरान एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

बता दें कि इससे पहले श्याम नगर थाने में 3 दिन पहले भी एक चोरी की वारदात हुई थी। जहां से नौकर 40 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गया था।

लगातार तीन दिनों में हुई दो चोरी की घटना के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।



## Haunted Refrigerator Night


Ok, that may be a little harsh but let's face it, there isn't a huge amount of things you can do with certain leftovers. When you forget about those leftovers, you can rest assured they certainly haven't forgotten about you. Instead, they sit lurking in the back of the refrigerator waiting for you to delve into its darkest corners and unleash the disgusting rotten mess. Haunted Refrigerator Night is time for you to don your protective gear, grab your proton pack, and bust the ghosts of dinners past that still lurk in your refrigerator.



#PSYCHOLOGY


## Stop Telling Introverts to Act Like Extroverts

If you're not a natural introvert, does putting on an extroverted face really pay off?



The modern workplace is built for extroverts. Extroverts are paid more, promoted faster, and rated more positively by their colleagues and managers. As such, it's hardly surprising that many people say they want to become more extroverted, and that employees looking to advance their careers are often encouraged to engage in extroverted activities such as networking and public speaking. But if you're not a natural extrovert, does putting on an extroverted face really pay off?

Research has shown that even for naturally introverted people, behaving in a more extroverted way can be mood-boosting and be energizing in the moment. For example, in one series of lab-based studies, participants were randomly assigned to participate in more- or less-extroverted activities, and researchers found that the participants in the more-extroverted group consistently reported higher levels of happiness immediately after the experiment. In our own research, we've demonstrated similar effects in a



real-world work setting: When employees acted more extroverted than they typically did, they felt better, happier, and more energized.

That said, both our own research and that of others has also shown that acting in a manner that's out of character can be depleting in the longer term. In particular, one study found that when introverts acted extroverted, they experienced improved moods and energy levels in the short term, but because these behaviours were inconsistent with their natural personalities and preferences, their energy levels fell substantially just one hour after the fact, ultimately hampering their ability to benefit from these activities.

This suggests a substantial mental toll associated with acting more extroverted than you are - a toll whose long-term costs may sometimes outweigh the benefits.

For example, going to a networking event might be an opportunity to meet people that can help you grow professionally and get more excited about your work. But if you're an introvert, these events can also be so exhausting that you become stressed and ineffective, ultimately cancelling out any potential benefits to your career or to your wellbeing.

To be sure, people who are naturally more introverted may still stand to benefit from adopting extroverted behaviours in some cases. But research illustrates the importance of doing so in moderation, and of making sure to give yourself time to recharge when you do opt to act more extroverted than you are.

So, what does it take to strike the right balance? Self-reflection is the critical first step. Ask yourself how different social situations make you feel, and how much time you need to recover from different kinds of extroverted activities. The same activity can be restorative for one person and stressful for others, so it's vital to take a personalized approach and try different options to see what is most effective for you.

Next, once you've determined how different behaviours tend to affect you, there are a few research-backed techniques that can help you stay on top of your social energy levels. Proactively scheduling breaks can be a good way to ensure you have time set aside to recharge after a period of extroversion.

Most importantly, don't wait until you become depleted and then reactively try to cure an "extroversion hangover." Quick fixes such as crammed-in power naps or an unhealthy reliance on caffeine or alcohol won't solve the problem, and they'll just end up creating more stress in the long term. Instead, identify the strategies that will work best for you - and proactively incorporate them into your life before you become exhausted. That means determining which activities you're likely to find draining or revitalizing, and then planning ahead accordingly to ensure you're set up to maintain sustainable energy levels while reaching your goals.

There's no denying the professional benefits of acting extroverted. Many elements of our working lives necessitate a certain amount of extroversion to get ahead, whether it's giving a talk at an important conference, schmoozing at a cocktail reception, or even just speaking up in a meeting. However, for naturally less-extroverted people, acting more extroverted can sometimes seriously backfire. So before jumping on the extroversion bandwagon, think about what kinds of social activities will be invigorating for you, and which may end up doing you more harm than good. Ultimately, it's all about knowing your own limits, using your social battery wisely, and giving yourself time to recharge if and when you need it.






Inderjit Khanna.

Scaling the heights and reaching the peak of their fabled mountain is perhaps the dream of many. Many fall prey to temptations and the glittery life that beckons them. However, the climbers who don't compromise on their values and do make it at the top are often left alone despite all their hardwork and efforts.

# The Tussle Between 'Propah' & Corp de Spirite (...2)

#LONE RANGER




Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*


Think IAS or IFS and people get the impression of a high flying, jet setting lifestyle. Most believe that foreign trips on government expense are a norm for such positions. Perhaps, to an extent yes. But there is more to it that meets the eye. Even IAS officers have to struggle to be with their family amidst their gruelling schedules and trainings. Inderjit Khanna too was determined to not leave his family behind as he went on training to England in 1980s. He writes:

"The concept of encashing privilege leave (PL) came in the mid-seventies. One has to take PL of thirty days to be able to encash another thirty days of PL. We were then quite often in need of money. In April 1979 I took a month's PL but remained in Jaipur working throughout. Soon, government found that absence of thirty days was sometimes too much and so it was changed to taking fifteen days of PL to entitle you to encash thirty days leave. My personal circumstances brought about another change in this policy. I was to go to England in early January 1981 for a three month's training programme under the Colombo Plan. We decided that Yasmin and Shonali would accompany me, but the cost of travel for the two of them was to be borne by me. So, in December 1980 I took fifteen days PL and encashed thirty days PL. During the leave period I was in Jaipur and working on most days. On 15th December 1980 the CS, FS and I were briefing the CM regarding the forthcoming discussions in the Planning Commission with regard to the Sixth Plan 1980-85 and the Annual Plan for 1980-81. At the end of the discussions, the CM asked all three of us to accompany him to Delhi for the discussions. The CS told him that the FS and he would accompany the CM but since I was on PL, I would not be able to accompany them. CM inquired that if I was on PL how was it that I was attending meetings in Jaipur. CS then explained that the fifteen days PL had been taken so as to enable me to surrender thirty days PL, get the extra salary for those thirty days to enable me to pay for my wife and daughter's travel to England where I was to go for training in early January 1981. The CM turned to FS and told him that we should change the rules and not insist on the taking of PL as a pre-condition to encash leave. Of course, I could not get the immediate benefit for this as I was already on leave, but I did attend the meeting on 19th with a special sanction of the government to enable me to draw my Travelling Allowance (TA) and Daily Allowance (DA) for that journey!"

He has written a lot about how his wife Yasmin was a very understanding and a non-demanding spouse who did not ask for much. She understood his rigorous schedules and did not complain when he could not spend time with her and their daughter. The question is, what did he do to ensure that he could create some sort of a work-life balance and spend time with his family. To this he writes:

"On a personal front I also decided and took two holidays in a year. A short one comprising seven to ten days which was on casual leave and a longer one of around one month which was on privilege leave. These provided me with some respite from the extreme pressure of work and enabled me to unwind. Also, to be able to spend more time with Yasmin."

> On a personal front I also decided and took two holidays in a year. A short one comprising seven to ten days which was on casual leave and a longer one of around one month which was on privilege leave. These provided me with some respite from the extreme pressure of work and enabled me to unwind. Also, to be able to spend more time with Yasmin."

Somehow it is commonly assumed that there will never be a dearth of vegetables in a green-grocer's home or a doctor's family will always have readily available medicines. In case of IAS, people often believe that their family will never have issues with administrative issues like voter's cards or even government loans. However, in his book Inderjit Khanna points out how despite being a part of the system for more than three decades, he still could not change certain mistakes and even lost his faith in the system. He says:

"Why do I have this lack of faith in the system even though I have myself worked in government for over thirty-six years? Let me give you some personal examples. …… My mother-in-law, Mrs. Victoria David was staying with us in Chanakyapuri, Delhi. She passed away on 1st January 1997. I duly informed the ERO of this and asked that her name be deleted from the electoral roll. Elections came in mid-1997. Yasmin and I went to vote. To our horror we found that Yasmin's name had been struck of the electoral roll while her mother's name was still on the electoral roll though her mother was no more alive and I had dutifully informed the ERO (Electoral Registration Officer) of this. Our request, that Yasmin had voted just year ago in 1996 and it was her mother who had passed away and whose name should have been deleted, fell on deaf ears. This incident nullified the citizen's (in this case Yasmin) right to vote. My complaint to CEC did not result in any action except for an odd apology.

The thought-provoking point here is though he could get his wife's name included in the electoral roll again, as a State Election Commissioner of Rajasthan, he was asked to include the name of two leading politicians in the voter list at a place where they were not ordinarily the residents. He says:

"I received the complaint in this regard against two leading politicians in August 2005. The complaints were sent to the respective Collectors, who were also the District Election Officers (DEOs), for inquiry and report. The Collector of one of these districts directly sought a clarification from the Advocate General of the state. This was a totally unheard-of step since the Advocate General should only have given his opinion on a matter referred to him by the relevant department of the state government, and that too, through the law department. Surprisingly, the Advocate General entertained the request of the collector and sent his opinion to him. With the opinion of the Advocate General the matter came to me for decision."


Inderjit Khanna says that he respectfully disagreed with the opinion of the Advocate General and concluded that as per Rajasthan Municipality Act, a minister was not entitled to be a voter in a municipality outside Jaipur as he/she did not ordinarily reside in that municipality during the time that he/she occupied the office of a minister. Hence, he asked the electoral roll to be corrected accordingly. However, he says that instead of challenging his order in the High Court, the government promptly promulgated an Ordinance in December 2005 to amend the Rajasthan Municipalities Act.

The interesting bit is that even with mundane procedures like home loans or car loans, a government servant cannot leave anything to chance otherwise he may be penalized in the future. Inderjit Khanna believes that it's better to be safe than sorry. He writes:

"Normally, repayment instalments are deducted from the salary and it is for the government to maintain the relevant record up to date. When I was FS in 1992-93 my Personal Secretary who was probably wiser than me in these matters, asked me whether I had taken NOCs after having fully repaid such loans. I had not. So, at his suggestion I applied for and got the NOCs. His point was that in the absence of NOC, when my pension papers would be prepared many years later, they may find repayment of some instalment to be missing in their record and then I would have to prove that I had actually paid that instalment. This, I observed, did happen in quite a few cases of very senior officers who had been on deputation to GoI or even gone abroad on posting. The unfortunate moral of the story is not to trust the government in the maintenance of one's records but to maintain the record yourself."



Inderjit Khanna with his wife Yasmin.



Inderjit Khanna with his family.



Inderjit Khanna with Manmohan Singh.



Inderjit Khanna with Bhairon Singh Shekhawat.

### Know the Enigma...

Mr. Inderjit Khanna, IAS, eminent scholar will bare his soul talking about his trials, joys, frustrations, both personal and professional. All admirers, critiques are invited to come and have a heart-to-heart conversation with him. At 4:30 pm on 30 October 2022 at Sudharma, Chameliwala Marker, M.I. Road, Jaipur.

> As can be seen from the various incidents narrated in his book, Inderjit as a person and professional has also made it a point to be clear about propriety in government service. His strict principles of car usage are probably outlandish in today's bureaucratic environment. When he applied these strict rules, they did not sit well with the IAS community.

Many a times, it is difficult to understand when a position of privilege has been used or misused by an officer. Mr. Khanna also faced the same dilemma. He says:

"In IIM, Ahmedabad, once, after a three-day visit to Jhabua district, while driving back to Ahmedabad, we decided to take up an evaluation of the officers we had met and interacted with during the three-day visit. For the current purpose, I will discuss our evaluation of the Collector and DM of the district. …… Coming straight to the evaluation of his performance, which was done by each one of us and disclosed individually, I had rated him as a very good officer but not in the outstanding category…. Ravi felt that I had downgraded by assessment of this officer because during the one-hour interaction with him I had seen the Collector's wife and children return home, presumably from a visit to a friend or the bazaar in a government vehicle. He said that I saw it as a misuse of the government vehicle and I said yes."

Inderjit Khanna was perhaps one of the few IAS officers who was deputed as the visiting professor at the Indian Institute of Management, Ahmedabad. He stayed on for two years and taught compulsory paper "Indian Social and Political Environment" (ISPE) in the first year and optional paper on "Management of Social Development Programmes" (MSDP) in the second year at the two year Post Graduate Programme (PGP) along with many short-term Management Development Programmes (PGPs) ranging from one week to four months.

Of his IIM experience he writes, "Quite often, some PGP students would come to me to discuss the possibility of a career in the IAS. Generally, they were put off when they learnt of the salaries given in the IAS. I remember one student telling me that he had four or five sisters to marry and that was one of the reasons why he was seriously considering IAS as an option. I told him that since money was a prime consideration for him, the option of a job in the corporate sector was a better one for him.

As can be seen from the various incidents narrated in his book, Inderjit as a person and professional has also made it a point to be clear about propriety in government service. His strict principles of car usage are probably outlandish in today's bureaucratic environment. When he applied these strict rules in evaluating the IAS officer's performance as in the case of Banswara collector, it did not sit well with the IAS community and he lost many friends.

No wonder after the death of his wife and the marriage of his daughter, he is alone and trying to immerse himself in work. Nevertheless, the loneliness is there and one wonders why hardworking, honest, competent person are often lonely at the end of the day.

On a lighter note, just because it talks about the reality of civil service and life, it does not mean that this book does not have a generous sprinkling of humour.

On 15th September 2000, Shonali, his daughter took the delivery of her Maruti 800 car at Gurgaon. Tich was in Delhi on 13th and 14th for events relating to the visit of Bill Gates.

He says, "Shonali and I decided to drive the new Maruti back to Jaipur. I drove it and so the official car in which I had come from Jaipur on 13th was being driven ahead of us by the driver. Whenever we would pass any toll or other barrier a salute would be given to the Ambassador car, which was not carrying the CS. Shonali had a hearty laugh that the individual Inderjit Khanna was not of any consequence. Maybe that is the truth of the matter!"

In another incident, he was conferred with the powers of Magistrate 1st Class. To which he says:

"I enjoyed judicial work. Simultaneously, I was also hearing revenue cases under the Revenue and the Tenancy Acts. A hilarious incident needs to be mentioned. One day while recording an order sheet on a case file I wrote "Bhains (meaning buffalo) suni gayee". My reader came running to me with the file and sheepishly said "Sir, behes (meaning argument) suni gayee". Such was my Hindi at the time."

Though he misses his wife, his constant companion of fifty years, Inderjit Khanna is a contented man. He still feels satisfied with the roll he has played-impartial, frugal and efficient. He is proud of the fact that Rajasthan gave him a chance to serve without too much interference from politicians.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com




Inderjit Khanna with Bill Clinton.



Inderjit Khanna with his grandchildren.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जन्मदिन पर हिसार के युवक ने पानीपत में की आत्महत्या

## दिवाली मनाकर बीकानेर से लौटा था, 3 बहनों का इकलौता भाई

**बीकानेर,** (कासं)। यहां के युवक ने पानीपत शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अपने जन्मदिन के दिन ही सुसाइड कर लिया। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब परिजनों ने जन्मदिन की बधाई देने के लिए उसे कॉल की और उसने रिसीव नहीं की।

जिसके बाद मकान मालिक ने ऊपर कमरे में जाकर देखा तो वहां वह पंखे पर फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद राजस्थान के बीकानेर से परिजन पानीपत पहुंचे। परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करवा कर शनिवार को शव परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जानकारी देते हुए अमित स्वामी ने बताया कि वह हिसार का रहने वाला है। उसका रिश्तेदार श्यामसुंदर (25) मूल रूप से राजस्थान के बीकानेर की सर्वोदय बस्ती का रहने वाला था। जो कि पिछले करीब 2 साल से पानीपत की सेक्टर 13-17 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था।

मृतक पानीपत में घरों में मार्बल पत्थर लगाने वाली लेबर का सुपरवाइजर था। शुक्रवार को कई बार कॉल करने व जबाव नहीं मिलने पर परिजनों ने उसके ठेकेदार को कॉल की। ठेकेदार के मकान मालिक को कॉल करने व देखने पर श्याम सुंदर कमरे में पंखे से फंदे पर लटका हुआ दिखा।

परिजनों ने बताया कि श्याम सुंदर दिवाली की छुट्टियां मनाने के बाद 27 अक्टूबर को वापस पानीपत लौटा था। डॉक्टरों ने भी परिजनों को बताया कि उसकी मौत 28 अक्टूबर की सुबह 3 से 4 बजे के बीच हुई है। श्याम सुंदर के पिता नवीन कुमार बीकानेर में ही लकड़ी के मिस्त्री हैं। मां मंजू गृहिणी है।

# लेजर के प्रयोग ने यूरोलॉजी से जुड़ी सर्जरी को और भी सटीक बनाया: डॉ. स्वामी

## 32वीं नॉर्थ जोन यूरोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया (यूसीकोन) की कांफ्रेंस



कॉन्फ्रेंस को आयोजन सचिव डॉ. जे.पी. स्वामी ने सम्बोधित किया।

- **हिन्दुस्तान के आठ राज्यों के लगभग 500 से अधिक यूरोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं**

**बीकानेर,** (कासं)। लेजर दूरबीन (एंडोस्कोपी) सर्जरी के क्षेत्र में बीते चंद सालों में काफी तेजी से प्रगति हुई है। इस सर्जरी के जरिये मानव शरीर के लगभग हर उस भाग तक पहुंचा जा सकता है, जहां पारंपरिक शल्य चिकित्सा (ओपन सर्जरी) द्वारा नहीं पहुंचा जा सकता है।

अत्यंत सूक्ष्म एंडोस्कोपिक उपकरणों और कैमरे के उपयोग ने वर्तमान में यूरोलॉजी (मूत्र रोगों से संबंधित विज्ञान) के क्षेत्र में होने वाली सर्जरी में उन्नति के पंख लगा दिए हैं। यह बात शनिवार को 32 वीं नॉर्थ जोन यूरोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया (यूसीकोन) की ओर से तीन दिवसीय कांफ्रेंस जिसमें हिन्दुस्तान के आठ राज्यों के लगभग 500 से अधिक यूरोलॉजिस्ट भी भाग ले रहे हैं के समक्ष सामने आई।

आयोजन सचिव डॉ. जे. पी. स्वामी ने बताया कि लेजर के प्रयोग ने यूरोलॉजी से संबंधित सर्जरी को और भी सटीक और सुरक्षित बना दिया है। डॉ. स्वामी ने बताया कि पिछले सालों में यूरोलॉजी विभाग से जितनी भी नई रिसर्च, जितनी भी नई टैक्नोलॉजी, नई खोज आई है उन सबका आज देशभर से आये यूरोलॉजिस्ट के सामने डिस्कशन हुआ। सभी ने मिलकर अपने अनुभव भी साझा किये। नई तकनीक के फायदे-नुकसान भी चर्चा हुई।

डॉ. स्वामी ने बताया कि आज 400 से ज्यादा रिसर्च का पेपर के साथ-साथ लाइव डेमो डिस्कशन भी हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि यहां यूरो मीट प्रोग्राम में जो भी गाइडलाइन बनाई गई है, उसी के तहत चिकित्सक कार्य करेंगे। साथ ही इस मौके पर रेजीडेंट्स को मशीन की टैक्नोलोजी से समझाया। डॉ. अरूण चावला सहित अनेक ने ट्रेनिंग दी। वहीं हरियाणा के सोनीपत से आये डॉ. अतुल कुमार खण्डेलवाल, उड़ीसा के भुवनेश्वर एम्स से आये डॉ. स्वर्णेन्दू मंडल सहित अनेक डॉक्टरों ने विभिन्न तरह की यूरोलॉजी विभाग से संबंधित ट्रेनिंग, विभिन्न जानकारी दी।

नॉर्थ जोन यूरोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया (यूसीकोन) के आयोजन सचिव डॉ. जे. पी. स्वामी ने बताया कि शनिवार को यूरोपियन यूरोलॉजी एसोसिएशन (ईयूए), अमेरिकन यूरोलॉजी एसोसिएशन (एयूए) के चिकित्सक वर्चुअल जूम के माध्यम से जुड़े। डॉ. फेलिप सीए फिगुइरेडो, डॉ. मोहम्मद लेजर्क ने यूरोलॉजी विभाग में क्या-क्या नई टैक्रोलॉजी, रोबोटिक्स व लेजर के माध्यम से केसेज किए और उन केसेज के क्या रिजल्ट्स मिले उसका आपस में कंपेरिजन किया। इस अवसर पर हिन्दुस्तान में कार्य कर रहे चिकित्सकों के अच्छे काम की तारीफ भी की। डॉ. स्वामी ने बताया कि हिन्दुस्तान का एक्सपिरियंस अच्छा है, चूंकि वर्कलोड, पेशेंट लोड है चिकित्सक मेहनती है। साथ ही यूएसआई-एसआईयू एजूकेशनल कोर्सेज भी हुए तथा यूएसआई-एसयूआई के डिफरेंट सेशन भी हुए।

# नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को दस साल की सजा

## पोक्सो अदालत ने सुनाया फैसला, 61 हजार के अर्थदंड से किया दंडित, साथी बरी


आरोपी को अदालत से जेल लेकर जाती पुलिस।

**अजमेर,** (कास)। अजमेर की विशेष पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने शनिवार को 17 साल की नाबालिग से बलात्कार करने वाले आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही कोर्ट ने 61 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। मामले में कोर्ट ने आरोपी के एक अन्य साथी को बरी कर दिया।

अजमेर की पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि मामले 15 दिसंबर 2020 का है। नाबालिग के पिता ने सावर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें बताया कि उनकी 17 साल की नाबालिग बेटी के साथ देवराज नाम के आरोपी द्वारा अपने साथी के सहयोग से अलग अलग स्थानों की होटलों में लेजाकर दुष्कर्म किया। सावर थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी देवराज को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

शनिवार को मामले में पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने 15 गवाह और 21 दस्तावेज के आधार पर फैसला सुनाते हुए आरोपी देवराज को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 61 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित भी किया। लोक अभियोजक शेखावत ने बताया कि मामले में मेडिकल रिपोर्ट में पीडिता के साथ बलात्कार की घटना की पुष्टि हुई थी। वहीं मामले में आरोपी के सहयोग दोस्त कालू को अदालत ने बरी कर दिया।

## पैट्रोप पंप पर तोड़फोड़

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। शहर में बीती शुक्रवार की रात्री में नई मंडी पुलिस थाना से केवल मीटर की दूरी पर स्थित विश्वनाथ एंड कंपनी के पेट्रोल पंप पर कुछ बदमाशों ने डीजल भरने की मशीन की तोड़फोड़ कर मशीन की डिस्पले को क्षतिग्रस्त कर डेढ लाख रुपये का नुकसान कर दिया और फरार हो गये। सुबह पंप के कर्मचारियों नेमशीन की डिस्प्ले टूटी देखकर मालिक को सूचना दी।

पंप के मालिक ने बदमाशों द्वारा की गयीं तोडफ़ोड़ की घटना की रिपोर्ट पेश की है। नई मंडी पंप मालिक भारत पालीवाल ने बताया कि शुक्रवार की मध्यरात्रि को बदमाशों ने डीजल पंप की मशीन की डिस्प्ले को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हो गया है। थाने से 100 मीटर दूर पंप पर हुई तोड़फोड़ से पुलिस की गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में नई मंडी पुलिस थाने में रिपोर्ट पेश की है। बदमाशों की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। तोड़फोड़ की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

- **रात्रि में नई मंडी पेट्रोल पंप की मशीन को क्षतिग्रस्त किया**
- **नई मंडी थाने से सौ मीटर दूर बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

# चिकित्साकर्मियों की कमी से जूझ रहा अस्पताल

**नसीराबाद,** (निसं)। एक और जहां राज्य सरकार विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने का ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी और चिकित्सा कर्मियों की कमी के चलते रोगियों को सरकार द्वारा उपलब्ध विभिन्न सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। चिकित्सा कर्मियों की कमी के चलते अनेक जांचे नहीं हो पा रही और इसी कमी के चलते रोगियों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। इसके चलते रोगियों को जांच चिकित्सालय के बाहर महंगे दाम चुका कर करवानी पड़ती है।

नसीराबाद राजकीय सामान्य चिकित्सालय में लगभग 51 पद नर्सिंग स्टाफ के स्वीकृत हैं परंतु मात्र 14 नर्सिंग कर्मी कार्यरत हैं 38 पद रिक्त होने के कारण गंभीर मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता। इस संबंध में पूर्व विधायक व पीसीसी सचिव महेंद्र सिंह गुर्जर ने चिकित्सा मंत्री को पत्र लिखकर रिक्त पड़े पदों पर चिकित्सा कर्मियों को लगाने की मांग की है।

चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं होने के कारण सोनोग्राफी मशीन कमरे में बंद कबाड़ होने का इंतजार कर रही है। चिकित्सकों के हाल यह है कि 29 चिकित्सक पदस्थापित हैं परंतु ओपीडी में मात्र चार पांच चिकित्सक ही बैठे नजर आते हैं। 150 पलंग वाले चिकित्सालय में मात्र एक फिजिशियन उपलब्ध है वहीं दूसरी ओर पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा के आशीर्वाद के चलते केकड़ी चिकित्सालय में लगभग 90 चिकित्सक कार्यरत हैं। चिकित्सा विभाग के दोगले आचरण के चलते नसीराबाद चिकित्सालय में हमेशा चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ का टोटा रहता है रही सही कसर चिकित्सालय प्रबंधन की हठधर्मिता के चलते अनेक चिकित्सक व चिकित्सकर्मी अपना स्थानांतरण करवा कर चलते बने और कोई नया चिकित्सक नसीराबाद चिकित्सालय आना नहीं चाहता।

पूर्व में भी राजकीय सामान्य चिकित्सालय रेफरल हॉस्पिटल था और आज की स्थिति में भी यह मात्र रेफरल हॉस्पिटल बना हुआ है। यह समझ से परे है कि आखिर कब सरकार नसीराबाद चिकित्सालय के साथ सौतेला व्यवहार बंद कर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को रिक्त पड़े पदों पर नियुक्त करेगी।

## महिला को धमकाया, दुष्कर्म करने का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। महिला को धमका कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी रेती स्टेण्ड प्रताप कॉलोनी निवासी मनिष पुत्र प्रभूलाल गोहिल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी का मेरे घर आना जाना होने से नजदीकिया बढ गई।

इस दौरान उसे 18 अगस्त 2022 से 27 अक्टूबर तक मेरे साथ दुष्कर्म किया। गत दिनों आरोपी मुझे नाथद्वारा ले गया जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा 26 अक्टूबर 2022 को पायडा क्षैत्र में स्थित अपने कमरे पर ले गया जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने मेरे साथ मारपीट भी की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच प्रतापनगर थाना एसआई मांगीलाल कर रहे है।

# मसूदा में करोड़ों रूपयों की लागत से बने सात सरकारी भवन खंडहर में हो रहे तब्दील

- **बेशकीमती भवन वीरान, सुध नहीं लेने से जर्जर हालत में**

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा कस्बे में करोड़ों की लागत से बने सात जगहों पर सरकारी भवन खंडहर में तब्दील हो रहे हैं इनमें से कई सरकारी भवनों के निर्माण होने के बाद आज तक कोई कार्य नहीं हुआ है तो कई भवनों की जगह नई बिल्डिंग बन गई है जिन्हें अन्यत्र जगह स्थान स्थान्तरण कर दिया गया है। समय के साथ-साथ यह भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं। इन भवनों पर लगे खिड़की दरवाजे तक समाजकंटक खोलकर ले जा चुके हैं या टूट चुके हैं।

मसूदा कस्बे में देवमाली रोड पर वर्षों पूर्व कई बीघा जमीन कृषि जिंसों की खरीद फरोख्त उसके लिए कृषि उपज मंडी को आवंटन की इस भूमि पर विभाग ने निर्माण कर आलीशान भवन बनवाएं परंतु आज तक इसका उपयोग नहीं हुआ है। यह इमारत पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। असामाजिक तत्व शराबियों ने इस कृषि मंडे को शराब का अड्डा बना दिया। वर्षों से जस की तस पड़ी है और यहां कोई कार्य नहीं हो रहा है इस परिसर को कस्बे के जागरूक लोगों ने लावारिस गोवंश के लिए आश्रय स्थल बना दिया।

**सरकारी चिकित्सालय का क्वार्टर:-** मसुदा स्थित स्वास्थ्य केंद्र के डॉ आवास भवन वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है इस क्वार्टर में चारो तरफ गंदगी अवैध लोगों का आवास पर कब्जा व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भवन के अंदर आवाजाही रहती है।स्वास्थ्य विभाग जान कर भी अंजान बन बैठा है।

मसुदा कस्बे में संचालित वर्षों तक मसुदा पुलिस थाना रहा कस्बे से दूर बांदनवाड़ा रोड पर नवीन भवन में स्थानांतरण होने के बाद पूर्व मसूदा पुलिस थाना जर्जर अवस्था में दिखाई दे रहा है। जहां इस भवन में आवाजाही रहती थी वहां खंडहर में तब्दील होते दिखाई दे रहा है पुलिस प्रशासन किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। लाखों रुपए से बना भवन अतिक्रमण की भेंट चढ़ ते दिखाइए देगा।

**मसुदा सीएचसी:-** मसूदा कस्बे में वर्षों तक संचालित मसुदा सामुदायिक चिकित्सालय जहां पर मरीजों की आवाजाही लगी रहती थी वह भवन आज जर्जर स्थिति में है मसुदा चिकित्सालय का नवीन भवन ब्यावर रोड पर वर्षों से संचालित है लेकिन पूर्व का संचालित चिकित्सालय जर्जर अवस्था में होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग का उसी परिसर में ब्लाक चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय संचालित हो रहा है। वह भी जर्जर अवस्था में है नहीं तो अधिकारी वह स्वास्थ्य विभाग का ध्यान इस ओर नहीं होने से कभी भी यह जर्जर भवन आसानी से धराशाई हो सकता है।

मसूदा कस्बे के अजमेरी गेट के पास वर्षों पूर्व बने खुला शौचालय जर्जर अवस्था में दिखाई दे रहे हैं। जिसका उपयोग खुले शौचालय होने से नहीं हो पाता है। मसूदा कस्बे में लाखों रुपए से बना परिवहन विभाग का बस स्टैंड आज इस पर सन्नाटा छाया हुआ है।असामाजिक तत्वों का दिन रात जमावड़ा रहता है। पूर्व विधायक सुशील कवर पलाड़ा के प्रयास से तत्काल मसुदा स्थित मुख्य बस स्टैंड का उद्घाटन किया गया था। शुभारंभ के बाद कुछ महीने बसों का ठहराव रहा उसके बाद मुख्य बस स्टैंड पर ठहराव ना होकर पूर्व राव साहब सर्कल के पास बसों का तेरा होता है।लाखों रुपए से बने बस स्टैंड लावारिस बनकर रह गया।जहा दिनभर जाम लगा रहता है।

वर्षों पहले बने निमगड के नाम से उपस्वास्थ्य केंद उद्घाटन के इंतजार में आज जर्जर अवस्था मे पड़ा है इस कि सुध लेने वाला कोई नहीं है इस भवन का जिला चिकित्सा अधिकारी व ब्लाक चिकित्सा अधिकारी भली भांति जानते है पर लाखों रुपये का भवन लोगो को स्वास्थ्य का उपयोग नहीं मिल रहा है।

## महिला जेल से चार मोबाइल व सिम जब्त

**जोधपुर,** (कासं)। केन्द्रीय कारागार जोधपुर महिला जेल में मोबाइल मिलने के मामले में पुलिस ने आज जांच आरंभ की है। प्रहरियों के बयान लिए गए। गौरतलब है कि जोधपुर जेल में पुरुष बंदियों के पास मोबाइल, सिम व चार्जर और अन्य प्रतिबंधित सामग्री मिलना सामान्य हो गया है, लेकिन अब महिला जेल में भी मोबाइल पहुंचने लग गए हैं।

महिला जेल में संभवत: पहली बार तीन महिला बंदियों के पास चार मोबाइल, सिम व चार्जर बरामद होने के बाद जेल प्रशासन ने शुक्रवार को महिला प्रहरी को निलम्बित कर दिया। दरअसल महिला जेल में प्रतिबंधित सामठाी होने की आशंका के चलते जेल प्रशासन ने गुरुवार को सघन तलाशी ली थी। जेल अधीक्षक राजपालसिंह ने बताया कि महिला जेल में चार मोबाइल, सिम व चार्जर जब्त होने के मामले में महिला प्रहरी सुमन शर्मा को निलम्बित किया गया है। कैदी मंजू जाट, सुमेरा परवेज व नन्दनी उर्फ सुखजंत और महिला प्रहरी सुमन शर्मा के खिलाफ रातानाडा थाने में एफआइआर दर्ज कराई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही के विरोध में व्यापारियों ने बंद किए बाजार


करौली की अनाज मण्डी में कार्यवाही का विरोध कर रहे दुकानदारों से समझाइश करते कोतवाली थानाधिकारी डॉ. उदयभान।

**करौली,** (नि.स.) करौली शहर के किराना और दोना पत्तल विक्रेताओं के यहां सिंगल यूज प्लास्टिक की कार्यवाही के विरोध में दुकानदारों ने शनिवार को प्रात: विरोध करते हुए बाजार बंद करा दिए इस दौरान पहुंचे कोतवाली थाना अधिकारी ने लोगों से समझाइश कर प्रतिष्ठान खुलवाए।

ज्ञात रहे कि गत दिन शुक्रवार को करौली नगर परिषद और पोल्यू शन कंट्रोल बोर्ड की टीम ने शहर के बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बाजारों में दुकानदारों के यहां जांच पड़ताल की और जहां प्रतिबंधित सामग्री मिली वहां चालान की कार्यवाही भी की गई इसके विरोध में शनिवार को शहर की अनाज मंडी के दुकानदारों एवं दोना पत्तल विक्रेताओं ने एकत्रित होकर प्रात: 9 बजे अनाज मंडी से फूटाकोट,बड़ा बाजार और चौधरी पड़ा क्षेत्र में संचालित कपड़ा, किराना, सर्राफा आदि की दुकानें बंद करा दी और कार्यवाही का विरोध किया।

सूचना मिलने के बाद पहुंचे करौली पुलिस उपाधीक्षक दीपक गर्ग, कोतवाली थाना अधिकारी डॉ. उदय भान, शहर टाउन चौकी प्रभारी ब्रजराज शर्मा ने दुकानदारों से समझाइश करते हुए कहा कि धारा 144 लगी हुई है अपना विरोध दर्ज कराना है तो शांतिपूर्ण तरीके से जिला कलेक्टर के यहां ज्ञापन देकर करा सकते हैं। 10 बजे तक सभी प्रतिष्ठान खुलवा दिए।

# डी.टी.ओ. ने फोन पर धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया

- **पंजाब व हरियाणा की गाड़ियों से की जा रही थी वसूली**

**धौलपुर,** (निसं.)। धौलपुर के जिला परिवहन अधिकारी विजय कुमार मीणा ने कोतवाली थाना धौलपुर में अज्ञात लोगों के खिलाफ फोन पर धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली थाना धौलपुर के रीडर मुकेश शर्मा ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया गया है कि 20 अक्टूबर 2022 गुरूवार को रात्रि करीब 8 बजे मैं सर्किट हाउस धौलपुर में खड़ा था, तभी मेरे मोबाइल न. 9414431333 पर मोबाइल न. 919785366340 से कॉल आया। जिस पर दर्शा रहा था। मेरे साथ मौके पर कार्यालय के परिवहन उपनिरीक्षक धर्मपाल गुर्जर साथ में खडे थे। मैंने कॉल को उठाया तथा धर्मपाल गुर्जर को अपने मोबाइल फोन पर वार्ता को रिकार्ड करने के लिये बोला, वार्ता करने वाला व्यक्ति अपने को लीगल सेल एडवोकेट विक्रम बता रहा था तथा उसने बोला कि के लोगो के वाहनो के चालान बना कर परेशान कर रहे हो, तो मैंने संतोष त्यागी के बारे में बताया कि वह पंजाब व हरियाणा की गाडियो के मालिको से परिवहन विभाग धौलपुर के अधिकारियों के नाम पर अवैद्य रूपये की वसूली करता है, उसके जबाव में एडवोकेट विक्रम ने कहा कि इस बारे में साहब की नोलेज में है तथा हमारे आदमियों को परेशान ना करें।

मुकदमे में मांग की गई है कि ऐसे छदम व्यक्ति मुख्यमन्त्री निवास के नाम से चींटिंग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास करते रहते है तथा अधीनस्थ कर्मचारियों के मनोबल गिराने, यातायात नियमो के विरूद्ध चलने वाले वाहनो के चालान ना करने का दबाव बनाना तथा राजस्व को नुकसान पहुचाने का निरन्तर प्रयास करते रहते है।

## बीमारी से परेशान वृद्ध ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। बीमारी से परेशान वृद्ध ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों शहर के प्रताप नगर थाना क्षैत्र कानपुर निवासी देवीलाल (66) पुत्र कैसा डांगी ने बीमारी से परेशान होकर विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करावाया।जहां उसकी मौत हो गई। देवीलाल श्वास की बीमारी से परेशान था। इसी के चलते उसने आत्महत्या की।

पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह शहर के सुखेर थाना क्षैत्र न्यू आरटीओं कॉलोनी निवासी रोडीबाई पत्नी रमेशचंद्र औदिच्य की गत दिनों तबीयत खराब होने पर परिजनों ने एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# आमजन को सुलभ एवं त्वरित न्याय मिले: कलराज मिश्र

## विधिक चेतना और न्यायिक जागरुकता के लिए भी बड़े स्तर पर प्रयास करने की जरूरत



राष्ट्रीय न्यायायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मलेन को राज्यपाल कलराज मिश्र ने सम्बोधित किया।

**जोधपुर,** (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आम आदमी को त्वरित और किफायती न्याय दिलाने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा है कि इसके लिए विधिक चेतना और न्यायिक जागरुकता के लिए भी वृहद स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है।

राज्यपाल कलराज मिश्र शनिवार को जोधपुर में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा कंटेपररी जूडिशियल डवलपमेंट एण्ड स्ट्रेन्थनिंग जस्टिस फॉर लॉ एण्ड टेक्नॉलॉजी पर राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित पश्चिम क्षेत्र के पहले दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इसमें राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक एपी साही सहित राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं गुजरात के हाईकोर्ट न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि वे न्याय व्यवस्था ही नहीं बल्कि संविधान से जुडे कानूनों के भी मुख्य प्रहरी हैं। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त करते हुए देश में न्याय एवं विधि व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के साथ ही आम जन के लिए न्याय को त्वरित एवं और अधिक सुगम तथा प्रभावी बनाने के लिए बेहतर प्रयासों का आव्हान किया।

उन्होंने लंबित मुकदमों के बढ़ते बोझ का समाधान खोजने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने, न्याय तंत्र को व्यापक स्तर पर सुदृढ़ करने, शीर्ष अदालत में मामलों को सूचीबद्ध करने के लिए भी सुव्यवस्थित प्रणाली विकसित किए जाने, देश में आबादी का विस्तार के मद्देनज़र न्याय व्यवस्था के समक्ष बढ़ रही चुनौतियों से निपटने प्रभावी कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहां की न्याय व्यवस्था पर विश्व की सदा नजरें टिकी रहती हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि देश में न्याय व्यवस्था को प्रभावी करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास हों।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल के निदेशक न्यायाधीश अमरेश्वर प्रताप साही ने अपने परिचयात्मक उद्बोधन में राज्यपाल सहित तमाम अतिथियों का स्वागत किया और अकादमी के उद्देश्यों, अब तक के उल्लेखनीय सफर तथा गतिविधियों पर जानकारी दी। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में नवीनतम एवं अत्याधुनिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अधिक प्रभावी रहा है।



**यह** जसप्रीत बुमराह को तय करना है कि उन्हें तीनों प्रारूपों में से किस प्रारूप में खेलना है? थॉमसन ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'बुमराह अपने शरीर पर बहुत अधिक बोझ डालते हैं क्योंकि वह सभी प्रारूपों में खेलते हैं और ऐसे में वे चोटिल हो जाते हैं। अब फैसला उन पर है कि वह क्या करना चाहते हैं।'- **जेफ थॉमसन**

पूर्व आस्ट्रेलिया गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** **निकोलस पूरन**



**टी20** विश्व कप के पहले दौर में बाहर होने के बाद वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों की क्रिकेट के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा कि उनका पद छोड़ने का कोई इरादा नहीं है और वादा किया उनकी टीम इस झटके से प्रेरणा लेकर दमदार वापसी करेगी। दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप के इतिहास में पहली बार पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाया। इसके बाद टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस ने अपना पद छोड़ने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 30 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला उनकी कोच के रूप में आखिरी श्रृंखला होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैण्ड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# द. अफ्रीका के सामने होगी भारतीय डेथ बोलिंग की अग्निपरीक्षा

## टी20 विश्व कप में भारत का मुकाबला आज दक्षिण अफ्रीका से

पर्थ, 29 अक्टूबर। आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले दो मैचों में पाकिस्तान और नीदरलैंड के ऊपर जीत दर्ज करने के बाद डेथ ओवरों में भारतीय गेंदबाजी का असली इम्तिहान रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होगा।

इस टूर्नामेंट में आने से पहले अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था। डेथ ओवरों की खराब गेंदबाजी के कारण भारत को एशिया कप से बाहर का रास्ता देखना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 शृंखलाओं में भी यह कहानी ज्यादा नहीं बदली।

यह बात भी गौर करने योग्य है कि पाकिस्तान और नीदरलैंड के लचर मध्यक्रम ने भी आखिरी पांच ओवरों में भारत के खिलाफ क्रमशः 53 एवं 42 रन बना लिये थे। प्रोटियाज के सुसज्जित मध्यक्रम में राइली रूसो, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं। रूसो ने पिछले दो टी20 मैचों में दो शतक जड़े हैं जबकि मिलर इसी महीने की शुरुआत में गुवाहाटी में खेले गये टी20 मैच में भारत के खिलाफ शतक जड़कर आ रहे हैं। अगर प्रोटियाज की बल्लेबाजी पर नजर डालें तो कप्तान टेम्बा बावुमा को छोड़कर लगभग सभी बल्लेबाज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।

गौरतलब है कि यह मुकाबला रविवार को पर्थ पर खेला जाने वाला दूसरा मैच होगा। ज़ाहिरी तौर पर विकेट के धीमा पड़ने की उम्मीद है। ऐसे में अगर भारत पर्थ स्टेडियम पर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा स्कोर बनाने से रोकना चाहता है तो स्पिनरों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में भारत युज़वेंद्र चहल के रूप में वह अतिरिक्त स्पिनर भी खिला सकता है जिसका जिक्र गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया था।

इस मुकाबले को भारत के पक्ष में झुकाने की क्षमता भारतीय बल्लेबाजी के पास है। यह मैच भारतीय बल्लेबाजी और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी के बीच का द्वंद होगा। पिछले दो मैचों में दो अर्द्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली और बंगलादेश के खिलाफ मात्र 10 रन देकर चार विकेट लेने वाले आनरिक नॉर्खिया का मुकाबला दर्शनीय होने वाला है। पर्थ का आकाश मेलबर्न की भांति बादलों से घिरा हुआ नहीं है। यहां रविवार को बारिश के आसार केवल 20 प्रतिशत हैं, यानी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पूरे 20-20 ओवर फेंके जाने के आसार हैं।

## हम खुद को विश्व के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण में से एक मानते हैंः नोर्किया

पर्थ, 29 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया ने शनिवार को यहां कहा कि उनकी और कैगिसो रबाडा की जोड़ी विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण में से एक है और वह रविवार को यहां भारतीय बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार हैं। नोर्किया और रबाडा यहां ऑप्टस स्टेडियम में भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेंगे क्योंकि यहां की पिच में काफी तेजी और उछाल है।

नोर्किया ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा," हां हमें खुद पर भरोसा है। हम अपने को सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण में से एक मानते हैं।"नोर्किया यह उल्लेख करना नहीं भूले कि उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है जिसमें स्वयं वह तेजी से गेंद कराते हैं जबकि रबाडा 145 किमी की रफ्तार से गेंद को स्विंग कराने में माहिर हैं। इनके अलावा लंबे कद के मार्को जानसेन उछाल हासिल करते हैं जबकि वेन पर्नेल की कटर विविधता पूर्ण है। लुंगी एनगिडी जरूरत पड़ने पर पटक कर गेंदबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा,"हमारे पास विविधता पूर्ण तेज गेंदबाज हैं। हमारा आक्रमण हर पहलुओं को कवर करता है।

हमारे पास दो अच्छे स्पिनर हैं इसलिए इस विभाग में हम खुद को मजबूत मानते हैं। मुझे यकीन है खिलाड़ी कल के मैच के लिए काफी उत्साहित होंगे ।"

# फिलिप्स-बोल्ट के आगे श्रीलंका पस्त

## न्यूजीलैण्ड ने 65 रन से मात दी



सिडनी, 29 अक्टूबर। न्यूज़ीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स (104) की शानदार शतक के बाद ट्रेंट बोल्ट (13/4) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका को टी20 विश्व कप 2022 में शनिवार को 65 रन से मात दी।

न्यूज़ीलैंड ने सुपर-12 मैच में श्रीलंका को 20 ओवर में 168 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में श्रीलंका 19.2 ओवर में 102 रन पर ऑलआउट हो गई।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में जहां ज्यादातर बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके, वहां फिलिप्स ने सैकड़ा जड़कर न्यूजीलैंड को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद बोल्ट ने अपने टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका की हार पर मुहर लगाई। श्रीलंका ने सिर्फ आठ रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संघर्ष किया लेकिन पूरी टीम मिलकर भी ग्लेन फिलिप्स के 104 रन के स्कोर से दो रन कम ही बना सकी।

इस जीत के साथ न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के ग्रुप-1 में शीर्ष पर बरकरार है, जबकि श्रीलंका बड़ी हार के कारण अंक तालिका में सबसे नीचे पहुंच गई है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 15 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद फिलिप्स ने डैरिल मिशेल के साथ चौथे विकेट के लिये 84 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला। मिशेल 24 गेंदों पर 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये लेकिन फिलिप्स ने पारी की रफ्तार बढ़ाते हुए टी20 विश्व कप में अपना पहला शतक पूरा किया। फिलिप्स 19वें ओवर में महीष तीक्षणा की गेंद पर छक्का जड़कर न्यूजीलैंड के लिये टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये। इसके अलावा मिशेल सैंटनर ने 11 रन बनाये जबकि टिम साउदी (04 नाबाद) ने पारी की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड को 20 ओवर में 167/7 के स्कोर तक पहुंचाया।

श्रीलंकाई गेंदबाजों ने शतकवीर फिलिप्स के अलावा अन्य कीवी बल्लेबाजों को हाथ नहीं खोलने दिये। कसुन रजिता ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। वानिंदू हसरंगा ने चार ओवर में 22 रन देकर डैरिल मिशेल का विकेट लिया, जबकि तीक्षणा, धनन्जय डी सिल्वा और लहिरू कुमारा को भी एक-एक विकेट हासिल हुआ।

लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और आधी टीम 24 रन पर ही पवेलियन लौट गई।

इसके बाद भानुका राजपक्षे और दसुन शनाका ने छठे विकेट के लिये 34 रन की साझेदारी की, हालांकि राजपक्षे के आउट होते ही श्रीलंका की बची कुची उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। राजपक्षे ने आउट होने से पहले 22 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये। शनाका ने भी 32 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन की पारी खेली लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिये पर्याप्त नहीं था।

न्यूजीलैंड की ओर से बोल्ट ने चार ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि मिशेल सैंटनर और इश सोढ़ी ने दो-दो विकेट निकाले। टिम साउदी और लोकी फर्ग्यूसन को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

ग्रुप-1 की अंक तालिका की पहली टीम न्यूजीलैंड को अपने अगले मैच में मंगलवार को इंग्लैंड का सामना करना है, जबकि श्रीलंका का अगला मैच इसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ है।

# कार्तिक ने विशेष 'ड्रिल्स' कीं, पंत ने भी किया जमकर अभ्यास

पर्थ, 29 अक्टूबर। दिनेश कार्तिक के लिये यह अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट हो सकता है जबकि 37 साल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज 2007 में पहली बार वैश्विक टूर्नामेंट के लिये टीम का हिस्सा बना था।

वहीं 25 साल के ऋषभ पंत को अभी काफी वर्षों तक शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलना है। पंत ने नेट में अभ्यास के दौरान शुरू से अंत तक बल्लेबाजी की लेकिन अंतिम एकादश में उनके शामिल होने की संभावना अभी कम ही है।

दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज अपने जीवन के अलग अलग चरण में हैं। कार्तिक ने कुछ विशेष 'ब्लाइंट ड्रिल्स' की ताकि लोग उनकी विकेटकीपिंग की आलोचना नहीं करें जो उनका अंतिम बड़ा टूर्नामेंट हो सकता है।

वहीं पंत के बल्लेबाजी सत्र के दौरान एक युवा का जुनून दिखा और राहुल द्रविड़ ने अपना ज्यादातर समय उनकी बल्लेबाजी को देखने में बिताया।

कभी कभार उन्होंने शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज पर जोरदार शॉट्स लगाये। कभी वह चूक भी गये लेकिन उन्होंने अभ्यास जारी रखा। भारत के नेट अभ्यास का केंद्र कार्तिक की अलग तरह की विकेटकीपिंग ड्रिल थी जो क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप की निगरानी में की गयी।

## जगुआर ने यूनाइटेड को 1-1 पर रोका

नयी दिल्ली, 29 अक्टूबर। फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में कमजोर आंके जा रहे जगुआर एफसी ने शनिवार को यूनाइटेड भारत को 1-1 की बराबरी पर रोक कर एक और अप्रत्याशित परिणाम निकाला। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में सीआईएसएफ ने दिल्ली टाइगर्स को 3-0 से परास्त किया। विजेता के गोल मोहम्मद, राजदीप और जतिंदर ने किये। लगभग आधा दर्जन अवसरों पर सुंदर बचाव के लिए पराजित टाइगर्स के गोलकीपर वंश वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

## वेंगसरकर और कुलकर्णी बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में आईसीए का प्रतिनिधित्व करेंगे

नयी दिल्ली, 29 अक्टूबर। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ (आईसीए) का प्रतिनिधित्व करने के लिये शनिवार को पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर और शुभांगी कुलकर्णी को चुना गया। शुभांगी को महिला आईसीए प्रतिनिधित्व के तौर पर निर्विरोध चुना गया जबकि वेंगसरकर ने आईसीए के निर्वतमान और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अशोक मल्होत्रा को पराजित किया। तीन दिन में 'ई-वोटिंग' के जरिये वेंगसरकर को 402 जबकि मल्होत्रा को 230 मत मिले। बीसीसीआई में पहली बार आईसीए का प्रतिनिधित्व अंशुमन गायकवाड़ और शांता रंगास्वामी ने किया था जिनका कार्यकाल अक्टूबर 2019 से अक्टूबर 2022 तक रहा। लोढा सिफारिश के बाद बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में आईसीसी प्रतिनिधित्व को शामिल किया गया था।

## अगले साल के शुरू में भारत में होंगे तीन चैलेंजर टूर्नामेंट

नयी दिल्ली, 29 अक्टूबर। भारत में अगले साल के शुरू में चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में तीन एटीपी 100 चैलेंजर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने शनिवार को यह घोषणा की। एआईटीए ने अभी तक तिथियों के बारे में नहीं बताया है लेकिन माना जा रहा है इनका आयोजन भारतीय टीम के डेविस कप विश्व ग्रुप प्लेऑफ मुकाबले के बाद फरवरी में किया जाएगा। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने कहा,"हमें अभी एटीपी से तिथियों की मंजूरी नहीं मिली है। पर हमें जल्द ही पता चल जाएगा। इस बार उत्तर प्रदेश भी लखनऊ में चैलेंजर की मेजबानी करना चाहता था लेकिन हमने सर्वसम्मति से फैसला किया कि बेंगलुरु एक प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।"

## फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी

पेरिस, 29 अक्टूबर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को कोरिया के चोई सोल ग्यू और किम वोन हू को हराकर फ्रेंच ओपन 2022 के फाइनल में कदम रखा। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले युगल ने 45 मिनट चले सेमीफाइनल में अपने कोरियाई प्रतिद्वंदियों को 21-18, 21-14 से मात दी। सातवीं सीड भारतीय जोड़ी इस जीत के साथ बीडब्ल्यूएफ टूर 2022 के दूसरे फाइनल में पहुंच गई है। इससे पहले सात्विक-चिराग इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट भी जीत चुके हैं। सात्विक-चिराग ने पहले ही गेम से मैच में अपना दबदबा बनाया और कभी भी कोरियाई युगल को पकड़ नहीं बनाने दी।

# कोहली की पारी ईश्वर का गीत जैसी, टी20 क्रिकेट को कला के रूप में वैधता प्रदान की: ग्रेग चैपल



पर्थ, 29 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की पारी 'ईश्वर का गीत' जैसी थी, जो 'भगवद गीता' का शाब्दिक अनुवाद है और इसने टी20 क्रिकेट को कलात्मक खेल के रूप में वैधता दिलाई।

कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 82 रन की पारी खेलकर भारत को रोमांचक जीत दिलाई थी। इससे प्रभावित होकर चैपल ने इस पूर्व कप्तान को अपने समय का सबसे संपूर्ण भारतीय बल्लेबाज करार दिया।

चैपल ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में अपने कॉलम में लिखा, "भगवद गीता हिंदू धर्म की पवित्र पुस्तक है। शाब्दिक रूप से अनुवाद में इसका अर्थ है "ईश्वर का गीत" है। कोहली ने एक ऐसी पारी खेली जो 'ईश्वर के गीत' के करीब थी जैसी टी20 क्रिकेट में कभी नहीं खेली गई।"

इस 74 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कोहली की आक्रामक पारी बल्लेबाजी की कला को अगले स्तर तक ले गई और इसने असल में टी20 क्रिकेट को कलात्मक खेल के रूप में वैधता प्रदान की।

क्रिकेट को चाहने वाले टेस्ट क्रिकेट को पसंद करते हैं जबकि टी20 प्रारूप में शुरू से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी को तरजीह दी जाती है और बल्लेबाज हर गेंद पर लंबा शॉट खेलना चाहता है।

चैपल ने कहा, "ऊन के नए छल्ले के साथ खेलने वाली बिल्ली की तरह कोहली ने पहले उन्हें परेशान किया और फिर पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण को तार-तार कर दिया।" चैपल ने आगे कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ कोहली की पारी ने टी20 क्रिकेट को भी वैध बना दिया।

उन्होंने कहा," यह ऐसी पारी थी जिसमें बल्लेबाजी की कला भी देखने को मिली। मैंने जितनी क्रिकेट देखी है ऐसा कोई नहीं कर पाया।"

भारत के पूर्व कोच ने कहा, "यह एक ऐसी पारी भी थी जिसने टी20 क्रिकेट को वैध बना दिया। कोई भी अब टी20 क्रिकेट को केवल मनोरंजन के रूप बताकर खारिज नहीं कर सकता है।"

## भारत ने तीसरी बार जीता सुल्तान जोहोर कप

जोहोर (मलेशिया), 29 अक्टूबर। भारत ने सुल्तान जोहोर कप 2022 के रोमांचक फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को 1-1 (शूटआउट 5-4) से हराकर तीसरी बार यह खिताब जीत लिया।

मैच में आने से पहले ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी था। ऑस्ट्रेलिया अब तक भारत के खिलाफ आठ मैच जीत चुकी थी जबकि भारत ने केवल पांच में बाजी मारी थी, लेकिन भारतीय युवाओं ने फाइनल में अंत तक प्रतिद्वंदी टीम को चुनौती दी और मुकाबले में विजयी उभरे।

सुदीप चिरमाको ने 14वें मिनट में गोल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, हालांकि दूसरे क्वार्टर में जैक हॉलैंड के गोल ने ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर ला दिया। पहला हाफ 1-1 पर समाप्त होने के बाद दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने प्रयास किये लेकिन कोई भी गेंद को नेट तक नहीं पहुंचा सकी।

निर्धारित समय में मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त होने के बाद मैच शूटआउट में पहुंचा जहां भारत ने 5-4 से बाजी मार ली। शूटआउट में विष्णुकांत सिंह, कप्तान उत्तम सिंह (दो), अंकित पाल और सुदीप ने भारत के लिये गोल किये। ऑस्ट्रेलिया के लिये लियाम हार्ट, ब्रूक्स जोशुआ, फॉस्टर ब्रोडी और बर्न्स कूपर ही गोल जमा सके।

## जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सुब्रमण्यन ने रचा इतिहास

सैंटेंडर (स्पेन), 29 अक्टूबर। युवा भारतीय शटलर शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 के सेमीफाइनल में शनिवार को थाईलैंड के पनितचपोन तीरारतसकुल को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया और देश के लिए कम से कम रजत पदक सुनिश्चित कर लिया।

शंकर यहां 40 मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में तीरारतसकुल को 21-13, 21-15 से हराकर जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष बन गये। इससे पहले सुब्रमण्यन ने क्वार्टरफाइनल में चीन के झे आन हू को मात दी थी।

शंकर ने तीरारतसकुल के खिलाफ पहला गेम जीतने में सिर्फ 16 मिनट का समय लिया। ब्रेक तक मुकाबला बराबरी का रहा और शंकर सिर्फ 11-9 से आगे थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने थाई प्रतिद्वंदी को वापसी नहीं करने दी और जंप स्मैश से गेम जीत लिया।

दूसरा गेम 8-8 से बराबर होने के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच 57 शॉट की रैली खेली गई, जिसके अंत में शंकर ने अपने प्रतिद्वंदी को कोर्ट के बाहर शॉट खेलने के लिये मजबूर किया। 12-18 से पिछड़ने के बाद थाई खिलाड़ी ने तीन लगातार पॉइंट स्कोर करके मैच को पलटना चाहा, लेकिन भारतीय शटलर ने ग्रेस डिफेंस के साथ मुकाबला 21-15 से जीतकर फाइनल में कदम रखा। साइना नेहवाल विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली इकलौती भारतीय शटलर हैं। उन्होंने 2006 में रजत पदक जीतने के बाद 2008 में स्वर्ण जीता था। यदि सुब्रमण्यन फाइनल मुकाबला जीत जाते हैं तो वह जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बन जाएंगे। इससे पहले सिरिल वर्मा 2015 में भारत के लिये पुरुष एकल का रजत जीत चुके हैं। भारत ने अब तक इस टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक जीते हैं।

## सकारात्मक रहने और प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचने की कोशिश कर रहा था : ग्लेन फिलिप्स

सिडनी, 29 अक्टूबर। न्यूज़ीलैंड के शीर्ष तीन बल्लेबाज टी20 विश्व कप मैच में 15 रन के स्कोर पर पवेलियन पहुंच चुके थे और शतक जड़कर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि उनके दिमाग में सिर्फ एक ही चीज चल रही थी कि प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करना है।

फिलिप्स ने 64 गेंद में 104 रन की पारी खेली और डेरिल मिशेल (22) के साथ 84 रन की भागीदारी निभायी जिससे न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को 65 रन से पराजित किया।

'मैन ऑफ द मैच' रहे फिलिप्स ने मुकाबले के बाद कहा, "मैं और डेरिल काफी स्पष्ट थे कि हमें सकारात्मक रहना होगा और सही फैसले करने की कोशिश करनी होगी।"

उन्होंने कहा, "ऐसी पिच पर धीमी गेंद को हिट करना थोड़ा मुश्किल था इसलिये बस प्रतिस्पर्धी स्कोर करने पर ध्यान लगा था। "


इस विकेटकीपर बल्लेबाज को दो बार जीवनदान मिला। वह खुश थे कि वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटा सके। उन्होंने कहा, "मैं धीमी गेंदों पर शॉट नहीं लगा सका लेकिन तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाने में कामयाब रहा। "ट्रेंट बोल्ट ने भी टी20 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 102 रन के अंदर समेट दिया।

फिलिप्स ने कहा, "उन्होंने (बोल्ट और टिम साउदी) ने नयी गेंद को स्विंग किया और शुरूआती विकेट हासिल करना महत्वपूर्ण था और ऐसा करने में सफल रहे। "न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने फिलिप्स की प्रशंसा करते हुए कहा, "बेहतरीन, कोई भी शतक शानदार होता है।

## प्रगानानंद ने प्रणव आंनद को हराया, संयुक्त बढ़त हासिल की

नयी दिल्ली, 29 अक्टूबर। शीर्ष वरीय आर प्रगानानंद ने शनिवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैम्पियनशिप के ओपन वर्ग में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद पांच अन्य के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की। चेन्नई के 17 साल के खिलाड़ी ने हमवतन प्रणव आनंद को 44 चाल में शिकस्त दी जिससे उन्होंने चौथे दौर के बाद लियोन ल्यूक मेंडोंका, कौस्तव चटर्जी, कार्तिकेयन मुरली, हर्षाभारताकोटी और मकसात अताबाएव के साथ 3.5 अंक लेकर संयुक्त बढ़त बना ली। तीसरे दौर के बाद मेंडोंका एकल बढ़त बनाये थे लेकिन उन्हें हमवतन भारतीय एस एल नारायणन के साथ 49 चाल में अंक बांटने पड़े। चटर्जी ने कजाखस्तान के आठवें वरीय रिनात जुमाबाएव पर जीत दर्ज की। कार्तिकेयन ने आदित्य मित्तल और जीएम हर्षा भारतकोटी ने संदीपन चंदा को हराया। अताबाएव ने भारतीय जीएम एम श्याम सुंदर से ड्रा खेला। ओपन वर्ग में 11 खिलाड़ियों के तीन अंक हैं। महिला वर्ग में युवा भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर प्रियंका नुटाकी ने शीर्ष वरीय तानिया सचदेव को हराकर उलटफेर किया। इस तरह उन्होंने हमवतन सौम्या स्वामीनाथन, पीवी नंधिधा और वियतनाम की थि किम फुंग वो के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की।

# पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा तो बेहद खुशी होगी : बिन्नी



बेंगलुरु, 29 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा है कि यदि पाकिस्तान टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचता है तो यह उनके लिये बेहद खुशी की बात होगी।

बिन्नी ने शुक्रवार रात पत्रकारों से कहा, मेरे मतलब पाकिस्तान के लिये सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल होगा। अगर ऐसा होता है तो यह मेरे लिये बेहद खुशी की बात होगी, लेकिन क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है और कभी भी कुछ भी हो सकता है।

पाकिस्तान को सुपर-12 मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ रोमांचक मैच में गुरुवार को सिर्फ एक रन से शिकस्त मिली। लगातार दो मैचों में दो हार के बाद उनके सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं।

बिन्नी ने कहा, यह अच्छा है कि छोटी टीमें ऊपर आ रही हैं। जिम्बाब्वे और आयरलैंड ने इस टी20 विश्व कप में इसे साबित कर दिया है। अब आप छोटी टीमों को हल्के में नहीं ले सकते। वे आपको आसानी से हरा सकते हैं।

एक सवाल के जवाब में बिन्नी ने कहा कि लोगों को टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीतने के लिए भारत के असाधारण प्रदर्शन की सराहना करनी चाहिए, न कि चर्चा को आखिरी ओवर में फेंकी गई नो बॉल के इर्द गिर्द घुमाना चाहिये।

उन्होंने कहा, जब आप मैच हारते हैं, तो आपको इसे निष्पक्ष रूप से लेना चाहिए। लोगों को भारत के खेल को जीतने के तरीके की सराहना करनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में मोहम्मद नवाज द्वारा फेंकी गई नो बॉल पर छक्का जड़ा था, जिसके बाद उस गेंद की वैधता पर बहस शुरू हो गई थी। कई लोगों का मानना था कि वह बॉल कमर के ऊपर नहीं थी और अंपायर को इस निर्णय के लिये थर्ड अंपायर के पास जाना चाहिये था, हालांकि आईसीसी नियमों के अनुसार यदि नो-बॉल पर विकेट नहीं गिरता तो उसे थर्ड अंपायर के पास नहीं भेजा जा सकता।

बिन्नी ने पाकिस्तान के खिलाफ कोहली की असाधारण पारी की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा, आपने ऐसे मैच कम ही देखे होंगे जो ज्यादातर समय पाकिस्तान के पक्ष में रहे और अचानक भारत ने वापसी की हो। यह खेल के लिए अच्छा है क्योंकि दर्शक यही देखना चाहते हैं।

एक सवाल के जवाब में बिन्नी ने कहा कि कोहली को अपनी काबिलियत साबित करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं और दबाव की स्थिति में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बखूबी जानते हैं।

## संक्षिप्त

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**खैरथल, (निसं)।** अलवर खैरथल रेलवे ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ावस्था व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय थाना पुलिस के मुख्य आरक्षी रामावतार ने बताया कि बीती रात सिवाना के रेलवे फाटक के समीप शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया। बाद में मृतक की शिनाख्त समीपवर्ती गांव वल्लभग्राम निवासी विजय कुमार पुत्र श्रीराम यादव के रुप में होने पर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक शाम को बाजार जाने की कह कर घर से निकला था और रात को करीब नौ बजे फोन पर बात करने पर जल्दी घर आने की बात कही थी।

### पोक्सो एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोपी सीकर न्यायालय से पोक्सो एक्ट मामले में वारंटी विनोद कुमार मेहरा पुत्र प्रभुदयाल कीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के हेड कांस्टेबल लालचंद की टीम ने कार्रवाई करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर आज सीकर न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव के निर्देशन में हेड कांस्टेबल लालचंद के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी को आसपास के क्षेत्रों में तलाश किया गया। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### एएसपी ने थाने का निरीक्षण किया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** पुलिस थाने का वार्षिक निरीक्षण नीमकाथाना एएसपी रतन लाल भार्गव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माल खाना, हवालात, मैस, शस्त्रागार, रिकॉर्ड व पेंडिंग मामलों को लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कर थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव को पेंडिंग मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान रींगस डीवाईएसपी विजय सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद थाने के जवानों ने एएसपी रतनलाल भार्गव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था उत्तम रही।

### मकान से नकदी व घरेलू सामान चोरी

**निवाई, (निसं)।** शहर में एफसीआई गोदाम के पीछे स्थित विकास कॉलोनी में शुक्रवार की रात चोरों ने घरेलू सामान सहित नकदी चुराकर फरार हो गए। पीड़ित नरेंद्र बैरवा निवासी सुखाड़िया नगर ने बताया कि उसका मकान एफसीआई गोदाम के पीछे स्थित विकास कॉलोनी में स्थित है। शुक्रवार की रात को चोरों ने मकान का ताला तोडक़र अंदर घुसकर कमरे में रखा बक्से में से 7 हजार की नकदी एवं घर में रखा किराने का सामान सहित कपड़े भी चुराकर ले गए। पीडित ने पुलिस को चोरी की जानकारी दी तथा चोरी का मामला दर्ज करवाया।

### पेट्रोल व बाइक चोरों का आतंक

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर सहित ग्रामीणों क्षैत्रों में भी पैट्रोल चोर व बाईक चोरों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढने के बावजूद वारदातों पर अंकुश नहीं लगाने से आमजन में पुलिस के प्रति गहरा रोष बढने लगा है। शुक्रवार की रात को शहर के पुरानी तहसील क्षैत्र मे तीन बाईक सवार युवकों ने पार्षद राकेश कुमार सैनी की बाईक से पैट्रोल चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह सारा माजरा सीसीटीवी कैमरो मे कैद हो जाने पर थाना पुलिस को मामले से अवगत करवाया गया। तो वहीं इंदोली गांव मे खेत के बाहर खडी कमलेश कुमार वर्मा की मोटरसाईकिल चुरा ले जाने पर लाम्बाहरिसिंह थाने मे मामला दर्ज करवाया गया।


### स्नेह मिलन समारोह मनाया

**सावरदा, (निसं)।** दुदु विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाबूलाल नागर ने विधानसभा क्षेत्र के दुदु व फागी के सभी पत्रकारों को दिपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर प्रेस कांफ्रेंस रखी। नागर ने उपस्थित सभी पत्रकारों से राजस्थान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को अवगत करवाने तथा दुदु विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा करवाए गए करोडों रुपए के विकास कार्यों के बारे मे जानकारी दी।

# सूने मकान से आभूषण सहित डेढ़ लाख की नकदी चोरी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कचियागढ मोहल्ला वार्ड नंबर 25 में चोरों ने एक सूने मकान में सेंध लगाते हुए सोने-चांदी के गहने और नगदी चुरा लिए। शनिवार सुबह मकान मालिक जब घर पहुंचा, तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। वही अलमारी में रखे नगदी एवं सोने चांदी के गहने गायब मिले। जिसके बाद पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

- परिवार गया हुआ था पैतृक गांव जोरावर नगर
- पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी



श्रीमाधोपुर कस्बे में सूने मकान में चोरी के बाद सामान बिखरा पड़ा है।

सूचना पर पहुंचे थानाधकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित मकान मालिक रविकांत अग्रवाल ने बताया कि दो दिन पहले वो और उनका परिवार अपने पैतृक गांव जोरावर नगर गए हुए थे। तभी पीछे से चोरों ने मकान पर धावा बोल दिया। जिसके बाद आज सुबह वाप आए तो मकान का ताला टूटा मिला था। अलमारी में करीब डेढ़ लाख रुपए, चांदी का ब्रेसलेट, पांच चांदी के सिक्के, एक सोने का सिक्का, सोने की एक कान की जोड़ी बालियां, चार सोने की चूड़ियां तथा दो चांदी की बिच्छूड़ी नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## तीर्थयात्रियों की बस रवाना

**कोटपूतली।** सेवा प्रकल्प कार्यों को समर्पित स्वंयसेवी संस्था आओ साथ चलें की ओर से हर बार की भांति इस बार भी 55 वृद्धजनों का जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. विष्णु मित्तल की पहल पर मीणापुर फार्म से शनिवार को कोटपूतली भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष एवं भूरीभड़ाज सरपंच कैलाश स्वामी ने तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखा रवाना किया। मंडल अध्यक्ष स्वामी ने कहा कि कई लोगों की तीर्थ स्थलों के दर्शन करने की इच्छा होती है। लेकिन कई कारणों से वे जा नहीं पाते। ऐसे में डॉ. विष्णु मित्तल द्वारा चलाए जा रहे वृद्धजन तीर्थ यात्रा अभियान के जरिए तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का आज उन्हें मौका मिल रहा है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ. मित्तल ने बताया कि मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन के लिए निशुल्क तीर्थयात्रा की चौथी बस आज रवाना की गई तथा यात्रियों के लिए रहने,खाने पीने का इंतजाम भी निशुल्क रहेगा। जत्थे में ग्राम दांतिल, द्वारिकपुरा, मीरापुर फार्म, सरुण्ड के करीब 55 तीर्थयात्री शामिल थे। इस मौके पर समाजसेवी बिहारी लाल मित्तल, संजय मित्तल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पानी की गंभीर समस्या को लेकर बैठक ली

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** कालाडेरा कस्बा व पश्चिम बाढ़ कुमावतान में ढाणी सिरसा वाली में पानी की गंभीर समस्या को लेकर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के मुख्य आतिथ्य में मीटिंग का आयोजन किया गया।

पूर्व विधायक सैनी ने कहा कि जल्दी ही बाढ़ कुमावतान में जलदाय विभाग से लाइन बिछाकर घर घर नल की व्यवस्था करवा कर पानी की समस्या से हमेशा के लिए निजात दिलाई जाएगी। बाढ़ कुमावतान ही नहीं बल्कि पूरे कालाडेरा व आसपास की ढाणियों में भी पाइप लाइन पीएचडी से बिछाई जाएगी जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या से जल्दी ही बाढ़ कुमावतान एवं कालाडेरा वासियों को छुटकारा मिलेगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड राजस्थान सरकार के डायरेक्टर लल्लूराम सैनी ने पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी से निवेदन किया है कि कालाडेरा की पानी की समस्या से आप ही निजात दिला सकते हो जिस पर पूर्व विधायक सैनी ने बाढ़ कुमावतान एवं कालाडेरा में पानी की समस्या को जल्दी समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया। पूर्व पंचायत समिति सदस्य साधु राम कुमावत मांगीलाल कुमावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य हनुमान सहाय कुमावत ने की। इस दौरान सुरेन्द्र कुमावत, झूथा लाल कुमावत, मोतीलाल, श्रीकृष्ण कुमावत, ज्ञानचंद, बंशीधर कारगवाल, रतन कुमावत, कैलाश चंद कुमावत, सुरेश चंद कुमावत, लालाराम, मुकेश सहित सैकड़ों की संख्या में कुमावत समाज के लोग मौजूद रहे।

- 'बाढ़ कुमावतान ही नहीं बल्कि पूरे कालाडेरा व आसपास की ढाणियों में भी पाइप लाइन पीएचडी से बिछाई जाएगी'

## राशन की दुकानों का औचक निरीक्षण किया

**मालपुरा, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देशो पर उपजिला कलेक्टर रामकुमार वर्मा ने शनिवार को मालपुरा शहर सहित राजपुरा, कुराड, बृजलाल नगर, देशमी सहित आधा दर्जन से अधिक राशन की दुकानों के निरीक्षण किये जाने पर अनियमित्ताओं का माजरा सामने आया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि दुकानों पर अक्टूबर माह का राशन वितरण किये जाने के बाद गोदाम व दुकान में शेष रहे स्टॉक का ब्यौरा ऑफलाईन रजिस्टर व दुकानों पर बनाये गये सूचना बोर्ड पर नहीं लिखा गया। दुकान का स्टॉक रजिस्टर व पॉश मशीन के आंकडों से दुकान व गौदाम के स्टॉक का मिलान व सत्यापन किया गया। साथ ही अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर उपजिला कलेक्टर ने राशन डीलरों को आवश्यक निर्देश देकर अव्यवस्थाओं में सुधार करने तथा दोबारा अनियमित्ता पाये जाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। राजपुरा निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बिसलपुर पॉईन्ट में पानी की सप्लाई नहीं होने की शिकायत की। जिस पर उपजिला कलेक्टर ने मौके से ही सहायक अभियंता पीएचईडी मालपुरा को जरिए दूरभाष के समस्या से अवगत करवा तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये।

- उपजिला कलेक्टर के निरीक्षण में अनियमितताओं की पोल खुली




उपजिला कलेक्टर राम कुमार वर्मा ने राशन की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

## रालोपा का स्थापना दिवस मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले किसान नेता हनुमान बेनीवाल द्वारा गठित की गई राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) का चतुर्थ स्थापना दिवस व कार्यकर्ताओं का दीपावली स्नेह मिलन समारोह शनिवार को कस्बा स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना की अध्यक्षता में मनाया गया।

इस मौके पर दीपोत्सव की बधाई देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कसाना ने कहा कि आरएलपी में कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों में कोई अन्तर नहीं है बल्कि भाजपा व कांग्रेस से विपरित आरएलपी अपने कार्यकर्ता को भगवान मानकर कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने पार्टी की विभिन्न उपलब्धियां भी गिनवाई। इस दौरान विधानसभा प्रभारी समीर जोशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन सिंह तंवर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बनवारी लाल स्वामी, नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी, मनोज चौधरी, प्रताप सिंह शेखावत, पंसस बनवारी लाल स्वामी, सरपंच रामौतार स्वामी, कृष्ण भालोजी, अशोक जाखड़, सत्यपाल बरबरा, गोविंद बिदाणी, मुकेश सैनी, सत्या सरकार, महेन्द्र कसाना, गांधी जाट, अजय जाखड़, एसएस जाखड़, संदीप कुमार, अभिषेक रावत, रामकरण रावत, मनोज सैनी, कृष्ण सैनी, शीशराम यादव, अनिल भरगड़, संजय सोंठवाल, प्रवीण शर्मा, मनोज गढ़वाल, दिलीप माण्डैया, संजय आर्य, भवानी शेखावत, नरेन्द्र तंवर, रवि चौधरी, संदीप मान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने लिखी चिट्ठी

**किशनगढ़ बास, (निसं)** सीएम अशोक गहलोत 2 को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के खैरथल शहर में आ रहे हैं। दूसरी ओर पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रामहेत यादव 1 को धरने पर बैठेंगे। सीएम गहलोत विकास कार्यों का लोकार्पण कर सरकार के 4 साल उपलब्धियों को लेकर सभा को संबोधित करेंगे वहीं पूर्व विधायक रामहेत यादव सरकार की जनविरोधी नीतियों बढ़ते दलित अत्याचार भ्रष्टाचार अपराध तथा 4 साल से रोके गए विकास के कार्यों को लेकर धरना देंगे। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया है कि उनकी ओर से सीएम अशोक गहलोत को खैरथल आगमन से पहले पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराये जाने की मांग रखी है।

## पद यात्रियों का स्वागत किया

**बहरोड़/ मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर में किसानों की कृषि भूमि के लिए नहर का पानी लाने की पदयात्रा में सेवानिवृत्त आईएएस जगरूप सिंह यादव तथा पीसीसी सदस्य अजीत सिंह व मुंडावर के पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी के नेतृत्व में नहर का पानी लाने के पद यात्रियों की लंबी मानव श्रृंखला जब ध्वज के साथ क्षेत्र के गांवों में पहुंची तो ग्रामीणों के बड़े हुजूम से पद यात्रियों के साथ आंदोलन का रूप देते दिखाई दी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के सानिध्य में पूर्व प्रधान रोहिताश चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को नहरी पानी की लाने की पदयात्रा पदमाडा खूर्द, पदमाडा कलां, करनीकोट और खोहरी आदि गांवों में पहुंची तथा ग्रामीणों को जागृत किया। जहां वक्ताओं ने ग्रामीणों को क्षेत्र में किसानों की कृषि भूमि हेतु नहर लाने के लिए एकजुट होने का आव्हान किया। इस दौरान ग्रामीणों ने यात्रा की अगवाई कर गांव के सरपंच तथा सेवानिवृत्त सैनिकों व किसान नेता घमंडीलाल तथा आंखों से दिव्यांग टिंकू के नेतृत्व में साफा व मालाओं से सभी यात्रियों का स्वागत किया और पद यात्रा को जन आंदोलन बनाने का प्रण लिया। इस दौरान पीसीसी सदस्य अजीत यादव, पूर्व आईएएस जगरूप सिंह यादव, जिला महासचिव अखिलेश कौशिक, अभियोजक रामावतार चौधरी, कांठोस ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू खटीक, गोकल लंबरदार, बाबुलाल हुड्डा, लोकेश, रतीराम मीणा, ओमप्रकाश यादव, चेतराम, योगेश पासवान, मोहित, दिनेश शर्मा,अंकित रसगन, प्रकाश, अंकित, चेतराम, रमेश सैन, ताहिर खान, बाबूलाल यादव, ओमदत्त, कमल, राहुल तथा आंखों से दिव्यांग टिंकू सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## अरण्य उद्यान में किया वृक्षारोपण

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में नवनिर्मित अरण्य उधान के सौन्दर्यीकरण हेतु एनएसएस ईकाईयों द्वारा पुराने वृक्षों के तनों पर चूना एवं गेरू के रंग द्वारा पट्टिया बनाई गई। डॉ. अमित शर्मा द्वारा 70 पौधे महाविद्यालय में रोपण हेतु भेंट किये गये। डॉ. राजपाल सिरोहीवाल द्वारा सेवानिवृत्ति के अवसर एवं डॉ. आर.पी. गुर्जर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 15-15 पौधे भेंट किये गये। डॉ. तोरस राव ने भी वृक्षारोपण किया। प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने वृक्षारोपण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यो को आगे भी जारी रखने के निर्देश दिये। इस दौरान डॉ. मधु नागर, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. पीसी जाट, प्रो. सुरेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## पोस्ट कार्ड अभियान शुरु

**कोटपूतली।** अग्रवाल सेवा समिति रघुनाथपुरा के अध्यक्ष एड. दिनेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री को पोस्ट कार्ड भेजकर रघुनाथपुरा पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड कराने की मांग की गई। इस दौरान नेतराम शर्मा, शुभम मंगल, विकास अग्रवाल, नीरज शर्मा, कैलाश कुमावत, राजेंद्र यादव, नमन शर्मा, अमन खान, देव शर्मा, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त प्रत्येक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी हमारे पथ प्रदर्शक : त्रिपाठी

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संस्थान जिला शाखा टोंक के तत्वाधान में शनिवार को स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में दीपावली स्नेह मिलन एवं जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

संगठन के प्रवक्ता जगदीश गोदारा ने बताया कि दीपावली स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मनीष त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड, वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद एवं एससी एसटी सेल प्रभारी पुलिस उप अधीक्षक प्रदीप गोयल रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में जिलाध्यक्ष वृद्धि चंद गुर्जर द्वारा मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड को साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।



राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संस्थान ने दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया।

साथ ही कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सीओ सलेह मोहम्मद एवं प्रदीप गोयल को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त प्रत्येक पुलिस अधिकारी कर्मचारी हमारे पथ प्रदर्शक हैं। आप लोगों के अनुभव का लाभ लेकर हम बेहतर पुलिसिंग कर सकते हैं। आप लोग समाज के अभिन्न अंग हैं, पुलिस की कार्यशैली में सुधार के बारे में आप हमें सलाह दे सकते हैं, कोई भी थानाधिकारी या पुलिसकर्मी गलती कर रहा हो तो मेरे संज्ञान में जरूर लावे। हमारी गलतियों को बताएं ताकि हम बेहतर पुलिसिंग कर सकें, हमें आपकी मदद की सख्त जरूरत है।

सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को सीएलजी व शांति समिति में शामिल किया जाएगा। हमें आपके अनुभवों की जरूरत है। मुझे आपके सहयोग की अपेक्षा रहेगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गुर्जर ने सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को सीएलजी व शांति समितियों में शामिल करने की मांग रखी, वहीं महामंत्री जाहिद मियां ने पुलिस लाइन में संगठन के कार्यालय हेतु भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक त्रिपाठी ने अति शीघ्र दोनों मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

मंच का प्रभावशाली खुशनुमा संचालन राष्ट्रीय कवि प्रदीप पवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी फतेह लाल गुर्जर, मुन्ना लाल साहू, राधाकिशन गुर्जर, नवरत्न, शब्बीर अहमद, रमेश चंद शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

- सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संस्थान का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

## सार-समाचार

### रत्ना कुमारी ने शुभकामनाएं दी



**पावटा, (निसं)।** क़स्बे के मुख्य बाज़ार में भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने सभी पावटा वासीयो से दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह रत्ना कुमारी के स्वागत का कार्यक्रम रखा। शुभकामना के साथ रत्ना कुमारी ने हाल ही में हुए गोली कांड को लेकर वीरचंद ग्रोवर जी के साथ सभी पावटा के व्यापारियों से इस अहम मुद्दे को लेकर चर्चा की।पावटा में हुए गोलीकांड में अभी तक प्रशासन द्वारा कोई सख़्ती नहीं रखी गई। इसी को लेकर पावटा क्षेत्रवसियों ने नाराज़गी जताते हुए फिर से धरना प्रदर्शन की बात रखी। व्यापारियों ने बताया कि भय के कारण से जो बाज़ार रात्रि 8 बजे बंद होता था वो अब 7 बजे होने लग गया हैं। कोरोना के 2 साल बाद व्यापार में मुनाफ़े को लेकर व्यापारियों में काफ़ी उत्साह था लेकिन लूटपाट के भय से बाज़ार को निर्धारित समय से पहले ही बंद करना पड़ रहा है।

### आक्रोश प्रदर्शन आज

**जयपुर।** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के संयोजक मंडल के सदस्यों ने जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा के नेतृत्व में कला कॉलेज अलवर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहआचार्य एवं डीएसएमएम के प्रदेश सहसंयोजक डॉ.रमेश बैरवा के घर पहुंच कर एकजुटता एवं समर्थन का इजहार किया। मंच जिला सहसंयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव ने बताया कि मीटिंग कर तय किया गया कि डॉ.रमेश बैरवा के सेवा से निलंबन वापसी की मांग के लिए 30 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे अलवर के अंबेडकर सर्किल पर प्रदर्शन किया जाएगा। डॉ.रमेश बैरवा का पहले बीकानेर एपीओ किया। उसके बाद सेवा से निलंबन कर अजमेर मुख्यालय किया गया है जिससे मंच के सदस्यों में गहरा आक्रोश है। डॉ.रमेश बैरवा का यह निलंबन दुर्भावनावश एवं कॉलेज शिक्षा में जातिगत भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने से हुई बौखलाहट के कारण किया गया है। मंच इस निलंबन के कड़े शब्दों में निंदा करता है।

### वार्डवासियों ने की रैंप बनाने की मांग

**चाकसू, (निसं)।** चुनाव जीतने के लिए वार्ड प्रत्याशी घर-घर जाकर किसी भी तरह वोटरों को रिझाने के लिए बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन चुनाव चाहे जीते या हारें, उसके बाद शायद उनका वार्ड की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रहता है और बार-बार गिड़गिड़ाने के बावजूद भी जल्दी से छोटी मोटी समस्याओं का समाधान भी नहीं कर पाते हैं। दरअसल, यह हाल बयां कर रही हैं पुलिस थाने के पास स्थित बागवानियान मोहल्ले से टोंक रोड आने वाली प्रमुख सड़क पर बनी हुई ठोकर एवं नाली पर रखी बेतरतीब पट्टीयों के कारण बनी इस ठोकर पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लेकिन शायद यहां से चुने गए पार्षद एवं पालिका प्रशासन को इससे कोई सरोकार नहीं है। वार्ड निवासी शिव शंकर सैनी केदार रामेश्वर सहित कई वार्ड वासियों ने बताया कि जाने अनजाने में तेज रफ्तार वाहन आने पर लगी ठोकर एवं ऊंची नीची रखी पट्टीयों से टायर फिसलने के कारण यहां आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने कई दफा पालिका प्रशासन और वार्ड पार्षद को यहां रैंप बनाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन लंबे समय के बाद भी वार्ड वासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### ओडिशा के राज्यपाल ने श्याम दर्शन किए

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम की धार्मिक नगरी में ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफ़ेसर गणेशी लाल के प्रस्तावित दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज फिर बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इससे पहले धर्मशाला आनंदा में सीकर पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल ने बाबा के दरबार में पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की मंगल कामना की। श्री श्याम मंदिर कमेटी के ट्रस्टी प्रताप सिंह ने उनका स्वागत व सम्मान किया व होटल में अल्प विश्राम के बाद सालासर के लिए राज्यपाल रवाना हो गए। इस दौरान एएसपी रतनलाल भार्गव, उपखंड अधिकारी प्रतिभा वर्मा, तहसीलदार विपुल चौधरी, रींगस डीवाईएसपी विजय सिंह, थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव, दांतारामगढ़ थानाधिकारी मदनलाल कड़वासरा, नगरपालिका एसआई विरेन्द्र सिंह चंदेलिया सहित प्रशासनिक व पुलिस प्रशासन के अधिकारी व पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### पालिका ईओ को मांग पत्र सौंपा

**देवली, (निसं)।** शहर में सफाई और रोशनी की बिगड़ी हुई व्यवस्थाओं पर वार्ड नंबर 17 के पार्षद भीमराज जैन ने पालिका अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। पार्षद जैन ने बताया कि पिछले 1 माह से शहर में सफाई की व्यवस्थाएं बिगड़ी हुई है। तो वहीं मुख्य मार्ग एवं गली मोहल्ले की रोड लाइट की बंद पड़ी हुई है जिने दुरुस्त किए जाने के लिए उक्त कार्यों से संबंधित संसाधनों को एकत्रित किया जाए। वार्ड नंबर 17 के पार्षद भीमराज ने अपने ज्ञापन पत्र में पालिका अधिशासी अधिकारी को यह भी बताया कि उक्त समस्या को लेकर पूर्व में चर्चा की गई थी जिसमें दीपावली से पहले सफाई व्यवस्था और बंद रोड लाइटें को दुरुस्त किया जाना था। लेकिन उक्त समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया और शहर की उक्त समस्याएं वर्तमान तक बनी हुई है। जबकि यह कार्य दीपावली से पहले ही हो जाने चाहिए थे। शहर में जगह जगह रोड लाइटें बंद होकर खराब पड़ी है। जिन्हें जल्दी ठीक करवाए जाए।

### अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया


**खैरथल, (निसं)।** लंबे अर्से बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 2 नवंबर को खैरथल आगमन की तैयारीयों के चलते नगरपालिका प्रशासन भी सावचेत हुआ है और उसने आम रास्तों पर वर्षों से जमे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की शुरुआत कर दी है। शनिवार को हरसौली रोड़ पर रेलवे फाटक से अंबेडकर चौक तक के अतिक्रमणों को हटाने का काम किया। जबकि पूर्व में विभिन्न संगठनों की ओर से इन अतिक्रमणों की अनेक बार नगरपालिका प्रशासन का ध्यानाकर्षण करते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी किन्तु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री की आमसभा इसी सड़क मार्ग पर पड़ने वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित होगी, इसलिए जरुरी है कि उन्हें कोई अस्थाई अतिक्रमण दिखाई नहीं दे।

### कलश यात्रा निकली

**राजगढ़, (निसं)।** अलवर कस्बे के बस स्टैंड मार्ग पर रिलायंस टावर के पास आयोजित श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भव्य कलश यात्रा कस्बे के गणेश पोल स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर लव कुश मैरिज गार्डन मार्ग सहित प्रमुख स्थानों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर कलश यात्रा का प्रमुख मार्गों में लोगों ने स्वागत किया। समाजसेवी चेतन स्वरूप शर्मा के सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को लेकर आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का आलम रहा। इस भव्य कथा का वाचन वृंदावन धाम की अनंत कृष्ण दास गोस्वामी महाराज अपने मुखारविंद से करेंगे। इस अवसर पर विमला शर्मा, रघुनंदन शर्मा सहित अनेक समाजसेवी व गणमान्य जन मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक मेहता ने शोक जताया

**टोंक, (निसं)।** पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने शनिवार को बंबोर गांव में रामबाबू योगी की पुत्री मनीषा योगी की ससुराल में संदिग्ध अवस्था में मृत्यु होने पर शोक संतृप्त परिवार को धैर्य बंधाया। इस दौरान मृतका के पिता ने पूर्व विधायक मेहता को बताया कि बेटी की मौत का समाचार सुनकर वे उसके ससुराल पहुंचे। तब तक ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाने का झूठा नाटक किया। कई दिनों से बेटी को ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज के लिए प्रताडित किया जा रहा था तथा जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। दीपावली के पर्व पर धनतेरस के दिन बेटी ससुराल गई थी। ससुराल में दहेज के लिए प्रताडित करने से आत्महत्या कर ली। इस पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने संबंधित सवाई माधोपुर क्षेत्र के डीवाईएसपी एवं जांच अधिकारी अनिल डोरिया शिवपुरी से घटना की जानकारी लेकर निष्पक्ष जांच करने को कहा।



*टार्डीग्रेड्स, जिन्हें ''वॉटर बेअर'' भी कहते हैं, मुश्किल से मुश्किल हालात में जीने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में हुए एक नए शोध में इस जीव की अतुलनीय सहन शक्ति के रहस्य का खुलासा किया गया है। फ्रीज़ करने पर ये जीव ''क्रायोबायोसिस'' स्थिति में आ जाते हैं और इनकी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया पूरी तरह से रुक जाती है तथा बर्फ के पिघलने तक रुकी रहती है। पूर्व में हुए शोध में बताया जा चुका है कि, एकदम शुष्क हालात में भी ये जीव ऐसी ही प्रक्रिया से गुजरते हैं, जिसे ''एनहायड्रोबायोसिस'' कहते हैं। अनुकूल हालात होने तक शरीर की ''मैटाबॉलिज़्म'' प्रक्रिया को रोक लेने की अद्‌भुत क्षमता की वजह से इन्हें ''स्लीपिंग ब्यूटी'' भी कहा जाता है। यह नाम इन्हें परीकथा की उस राजकुमारी के नाम पर मिला है जो पूरी एक सदी तक सोती रही थी। शोध के लिए वैज्ञानिकों ने इन्हें लगातार ''फ्रोज़न'' अवस्था में रखा, यह जानने के लिए कि, इस स्थिति का उनके जीवन काल पर क्या प्रभाव पड़ता है। शोध में 716 टार्डीग्रेड्स शामिल थे। इनमें से कंट्रोल ग्रुप के कुछ टार्डिग्रेड्स को गर्म वातावरण में रखा गया व अन्य को शून्य से भी कम तापमान में। जो टार्डीग्रेड्स कंट्रोल ग्रुप में थे उन्हें एक बार में एक सप्ताह तक माइनस 30 डिग्री सैंटिग्रेड पर रखा गया उसके बाद एक सप्ताह तक 20 डिग्री सैंटिग्रेड के सामान्य तापमान पर रखा गया। यह साप्ताहिक प्रक्रिया उनका जीवन चक्र समाप्त होने तक जारी रही। शोध लेखकों ने कहा, कुछ समय के लिए फ्रीज़ किए गए टार्डीग्रेड्स कंट्रोल ग्रुप की तुलना में दोगुनी अविध तक जीवित रहे, लेकिन, अगर ''फ्रोज़न'' अवस्था वाली अवधि का समय निकाल दिया जाए तो दोनों का जीवनकाल समान था। यह पहला प्रमाण है जो दर्शाता है कि ''फ्रोज़न'' अवस्था में टार्डीग्रेड्स की उम्र नहीं बढ़ती है। जिन टार्डिग्रेड्स को लगातार एक के बाद एक फ्रोज़न और सामान्य तापमान में रखा गया उनमें सर्वाधिक जीने वाला टार्डीग्रेड 169 दिन जीवित रहा। इनमें से 75 दिन उसने क्रायोबायोसिस अवस्था में बिताए थे और 94 दिन सामान्य तापमान में। इसी प्रकार नियंत्रित समूह में सबसे उम्रदराज टार्डीग्रेड 93 दिन जीवित रहा, इससे पता लगा कि, फ्रोज़न अवस्था में उनकी उम्र बढ़ना रुक जाती है। अभी यह ज्ञात नहीं है कि, क्या शून्य से कम तापमान में रखे जाने पर टार्डीग्रेड अनंतकाल तक जीवित रह सकते हैं या नहीं। वर्ष 2016 में हुए एक शोध से वैज्ञानिकों को 30 साल तक फ्रोज़न अवस्था में रखे गए टार्डीग्रेड्स को जीवित करने में सफलता मिली थी।*

# कंगना रनौत को लोकसभा चुनाव में टिकट देगी भाजपा?

## कंगना रनौत ने कहा, यदि भाजपा चाहेगी तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में शामिल होते हुए राजनीति में एंट्री के संकेत दिए। 2024 के लोकसभा चुनाव में अपना चुनाव लड़ना उन्होंने भाजपा पर छोड़ दिया। एक्ट्रेस ने कहा कि यदि बीजेपी चाहेगी तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कंगना रनौत का स्वागत किया है। साथ ही, यह भी साफ किया है कि यदि वे शामिल होती हैं, तो उनकी जिम्मेदारी पार्टी तय करेगी।

कंगना रनौत के संबंध में पूछे गए एक सवाल पर जे.पी. नड्डा ने कहा कि, हम तो सबको चाहते हैं कि वे आएं, क्योंकि पी.एम. मोदी हमारी पार्टी के नेता हैं और प्रधानमंत्री हैं। उनसे प्रभावित होकर देश में अच्छा वातावरण बना है। इसमें वे भी शामिल होना चाहती हैं तो उनका स्वागत है। जहां तक चुनाव लड़ने का सवाल है तो टिकट देना यह अकेला मेरा फैसला नहीं होता है। जमीन से लेकर ऊपर तक के स्तर तक विचार-विमर्श का प्रोसेस चलता है और फिर यह पार्लियामेंट्री बोर्ड तक जाता है। उन्होंने कहा है कि तो उस समय (2024 लोकसभा चुनाव) जैसी बात आएगी, उसके हिसाब से तय किया जाएगा।

गौरतलब है कि कंगना रनौत पिछले कुछ समय से बीजेपी और उनके नेताओं का समर्थन करती रही हैं। वहीं, कांग्रेस का विरोध भी किया है। ऐसे में जब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से पूछा गया कि क्या बीजेपी में कंगना रनौत की जगह हो सकती है? इस पर उन्होंने कहा कि हां, उनकी जगह है,

**■ कंगना रनौत के संबंध में जब भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, अगर कंगना रनौत भाजपा में शामिल होना चाहती हैं तो उनका स्वागत है।**

लेकिन किस जिम्मेदारी पर काम करना है, यह पार्टी फैसला करती है। कंगना रनौत का स्वागत है। हम सभी को पार्टी में इसी तरीके से लेते हैं। किसी को कंडीशनल नहीं शामिल किया जाता। जब भी कोई पार्टी में आता है तो हमेशा उससे कहते हैं कि आपको बिना किसी कंडीशन के आना होगा और फिर पार्टी जिम्मेदारी तय करेगी।

कंगना ने कहा था कि वह लोगों की सेवा के लिए राजनीति में आने के लिए तैयार हैं। कंगना ने बातचीत में जहां प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की तो वहीं राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष भी किया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी में कोई मुकाबला नहीं है। उनकी तो तुलना भी नहीं होनी चाहिए। वहीं अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कंगना कहती हैं, हिमाचल के लोगों को मुफ्त बिजली नहीं चाहिए। यहां के लोग अपनी बिजली खुद बनाते हैं। राजनीति ज्वॉइन करने के सवाल पर एक्ट्रेस ने कहा, जिस तरह के हालात होंगे, सरकार चाहेगी मेरी भी भागीदारी हो, तो मैं करूंगी और मैं अपनी भागीदारी के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे बताया कि जैसा कि मैंने कहा बहुत अच्छा होगा अगर हिमाचल प्रदेश के लोग मुझे सेवा करने का मौका देते हैं। निश्चित रूप से यह सौभाग्य की बात होगी। कंगना रनौत ने प्र.मंत्री मोदी का समर्थन करते हुए कहा कि ''हिमाचल अभी बहुत ज्यादा सजग है। किस तरह का हमारा भविष्य होना चाहिए, इसकी विचारधारा अभी-अभी शुरू हुई है। 2014 के बाद देश में जिस चेतना का संचार हुआ उसके बाद अब लोगों को लग रहा है वो अब यहां का पर्मानेंट हिस्सा हैं।

कंगना रनौत ने कहा कि, उनका परिवार कांग्रेस को सपोर्ट करने वाला रहा है। कंगना ने कहा कि '2014 में प्र.मंत्री मोदी के आने के बाद मेरे परिवार में अचानक ट्रांसफॉर्मेशन हुआ। मेरे पिताजी ने पहली बार मुझे मोदी जी के बारे में बताया और 2014 में हम आधिकारिक रूप से भाजपा में कन्वर्टेड हो गए। ''कंगना कहती हैं, 'अब तो मेरे पापा सुबह उठते ही जय मोदी जी और शाम को सोते टाइम जय योगी जी बोलते हैं। वो पूरी तरह भाजपा में कन्वर्टेड हो चुके हैं।'

नरेंद्र मोदी की तारीफ में कंगना ने कहा, 'वो बहुत ही ज्यादा अप्रोचबल हैं। वो किसानों के बारे में बात करते हैं तो बिजनेस के बारे में बात करते हैं। वो हर इंसान से कनेक्ट करते हैं और सभी को यह महसूस होता है। आप किसी से भी पूछ लीजिए वो यही कहेगा कि मोदी जी मुझसे बिलॉन्ग करते हैं। एक लीडर की सबसे खूबसूरत बात है।

# टाटा और एयरबस में गठजोड़ हुआ, गुजरात में मिलकर सैन्य विमान बनायेंगे

## यूरोप की कंपनी एयरबस, टाटा के साथ मिलकर 56 विमानों का निर्माण करेगी, जिनमें से 40 विमान वड़ोदरा में बनेंगे

अहमदाबाद, 29 अक्टूबर। टाटा समूह और यूरोपीय कंपनी एयरबस अब भारतीय वायु सेना के लिए सी-295 परिवहन विमान का उत्पादन गुजरात के वडोदरा में करेंगी। इस बड़े प्रोजेक्ट की विनिर्माण सुविधा की आधारशिला खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे। एविएशन कंपनी एयरबस और भारतीय समूह टाटा के एक कंसोर्टियम (संघ) द्वारा इन विमानों का प्रोडक्शन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि घरेलू एयरोस्पेस क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इस परियोजना की घोषणा करते हुए रक्षा सचिव अजय कुमार ने कहा कि यह विनिर्माण सुविधा विमान के निर्यात के साथ-साथ भारतीय वायु सेना के लिए अतिरिक्त ऑर्डर को पूरा करेगी। पिछले साल सितंबर में भारत ने वायुसेना के पुराने एवरो-748 विमानों की जगह पर 56 सी-295 परिवहन विमान की खरीद के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ करीब 21,000 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, एयरबस चार साल के भीतर सेविले, स्पेन में अपनी अंतिम असेंबली लाइन से 'उड़ान की स्थिति में तैयार' पहले 16 विमान की आपूर्ति करेगी और बाद में 40 विमान भारत में टाटा एडवांस्ड

**■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रोजैक्ट की रविवार को वड़ोदरा में आधारशिला रखेंगे। घरेलू एयरोस्पेस क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।**

सिस्टम्स (टी.ए.एस.एल.) द्वारा निर्मित और 'असेंबल' किए जाएंगे। यह निर्माण दोनों कंपनियों के बीच एक औद्योगिक साझेदारी के हिस्से के रूप में होगा। इस परियोजना के तहत पहली बार निजी कंपनी द्वारा सैन्य विमान का निर्माण भारत में किया जाना है। परियोजना की कुल लागत 21,935 करोड़ रुपये है।

बता दें कि इन विमानों का इस्तेमाल नागरिक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है। कुमार ने कहा कि विमान में स्वदेशी पार्ट्स 96 प्रतिशत तक होंगे, एयरबस स्पेन में अपनी विनिर्माण सुविधा में जैसा करती है वही भारत में किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि इसमें विमान का इंजन शामिल नहीं होगा। कुमार ने केरल से वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, ''उड़ान भरने के लिए तैयार पहले 16 विमान सितंबर 2023 और अगस्त 2025 के बीच प्राप्त होने वाले हैं। पहला मेड-इन-इंडिया विमान सितंबर 2026 में मिलने की उम्मीद है।'' वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल संदीप सिंह ने कहा कि विमान एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (ए.एल.जी.) और यहां तक कि बिना तैयार रनवे से भी संचालित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विमान लगभग 40-45 पैराट्रूपर्स या लगभग 70 यात्रियों को ले जा सकता है।

वहीं वडोदरा में शिलान्यास समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल सहित अन्य विशिष्टगण शामिल होंगे। राजनाथ सिंह ने इस बारे में ट्वीट कर लिखा कि वह रविवार को वडोदरा में हो रहे कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, ''कल, 30 अक्टूबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वडोदरा में भारत की पहली निजी क्षेत्र की परिवहन विमान निर्माण फैसिलिटी की आधारशिला रखेंगे। मैं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कल वडोदरा में रहूंगा।''

### ई.डी. को सुप्रीम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

था। जस्टिस एम.आर. शाह और जस्टिस एम.एम. सुन्द्रेश की एक बैंच ने एक अनुकरणीय लागत के साथ याचिका को रद्द कर दिया और एक लाख रू. का जुर्माना लगाया।

कोर्ट ने कहा कि यह जुर्माना उस संबंधित अधिकारी द्वारा भुगता जाएगा, जिससे ई.डी. को स्पेशल लीव पैटिशन फाइल करने की अनुमति दी थी। यह जुर्माना उस अधिकारी के वेतन से वसूला जाएगा।

कोर्ट ने कहा कि ''विभाग द्वारा वसूली जाने वाली राशि को चार सप्ताह के भीतर कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करवा दिया जाए। उसने अपने आदेश में आधी राशि नई दिल्ली की नैशनल लीगल सर्विस अथोरिटी को और आधी सुप्रीम कोर्ट की मीडिएशन एण्ड कन्सिलिएशन कमेटी को हस्तांतरित की जाए।

### चैक बाउन्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दिए जाने का आवेदन करता है तो निचली अदालत के जज को उस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। कोर्ट ने आगे जोड़ा कि जज को याचिकाकर्ता को उपस्थित होने के लिए तभी बाध्य करना चाहिए जबकि उसका आना सुनवाई के लिए बेहद जरूरी हो।

# 'फेक न्यूज़ व गलत सोशल मीडिया पोस्ट 72 घंटे में स्वत: हटा दी जायेगी'

## सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आई.टी. नियमों में किये गये संशोधनों के बारे में जानकारी दी और कहा कि, सोशल मीडिया कंपनियों पर फेक न्यूज़ रोकने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आई.टी. नियमों में किए गए संशोधन को लेकर शनिवार को तमाम जानकारियां शेयर कीं। उन्होंने कहा कि नए नियम सोशल मीडिया कंपनियों पर और अधिक सावधानी बरतने का दायित्व डालेंगे, ताकि उनके मंच पर कोई भी गैरकानूनी सामग्री या गलत सूचना पोस्ट न की जाए। सोशल मीडिया मंचों पर उपलब्ध सामग्रियों और अन्य मुद्दों को लेकर दर्ज शिकायतों का निपटारा करने के लिए सरकार ने आई.टी. नियमों में बदलाव किया है और तीन महीने में अपीलीय समितियों का गठन की घोषणा की है। ये समितियां मेटा और ट्विटर जैसी सोशल मीडिया कंपनियों की ओर से सामग्री के नियमन के संबंध में किए गए फैसलों की समीक्षा कर सकेंगी।

तीन सदस्यीय शिकायत अपीलीय समितियों (जी.ए.सी.) के गठन को चंद्रशेखर ने जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों से मिले उन लाखों संदेशों से अवगत है जिनमें सोशल मीडिया कंपनियों पर उनकी शिकायतों का सही ढंग से हल नहीं निकालने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है।

चंद्रशेखर ने कहा कि, सरकार सोशल मीडिया कंपनियों को साझेदारों की तरह काम करते हुए देखना चाहती है, ताकि डिजिटल नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, पहले मध्यवर्तियों का दायित्व उपयोगकर्ताओं को नियमों के बारे में सूचित करने तक था, लेकिन अब इन मंचों के कुछ और निश्चित दायित्व हैं। उन्हें प्रयास करने होंगे कि कोई भी गैरकानूनी सामग्री उनके मंच पर पोस्ट न हो। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को सख्त संदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि ये मंच चाहे अमेरिका के हों या यूरोप के, अगर भारत में एक्टिव हैं तो उनके सामुदायिक दिशा-निर्देश भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों के विरोधाभासी नहीं हो सकते।

उन्होंने कहा, इन मंचों का दायित्व है कि कोई भी गलत जानकारी, गैरकानूनी सामग्री या विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने वाली सामग्री को 72 घंटे के बीच हटा दिया जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर 72 घंटे की समय सीमा को बहुत अधिक मानते हैं और सोशल मीडिया मंचों को गैरकानूनी सामग्रियों पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। चंद्रशेखर ने कहा, सरकार की दिलचस्पी लोकपाल की भूमिका निभाने में नहीं है। यह एक जिम्मेदारी है जिसे हम अनिच्छा से ले रहे हैं, क्योंकि शिकायत तंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके पीछे किसी कंपनी या मध्यवर्ती को निशाना बनाने या उनके लिए मुश्किलें खड़ी करने की सोच नहीं है।

### 10 लाख रोजगार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को फिर दावा किया कि केन्द्र सरकार युवाओं को 10 लाख नौकरियां उपलब्ध करवाने की दिशा में काम कर रही है और इस संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी, क्योंकि इसमें राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश भी शामिल होंगे। हालांकि उन्होंने इसको लेकर कोई अंतिम समय सीमा नहीं बतायी।

गुजरात रोजगार मेले को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही के समय में गुजरात में 10

**■ प्र.मंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि, केन्द्र सरकार युवाओं को 10 लाख रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है, हालांकि उन्होंने इसकी कोई डैडलाइन नहीं दी।**

हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए और लक्ष्य अगले एक साल में 35 हजार पदों को भरने का है।

मोदी ने रोजगार और स्व-रोजगार के कई अवसर निर्मित करने का श्रेय गुजरात की नई औद्योगिक नीति को दिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और वर्ग 3 और 4 की नौकरियों में साक्षात्कार के चरण समाप्त किए जाने की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि गुजरात नौकरी ढूंढने वालों और नौकरी देने वालों के बीच सम्पर्क स्थापित कर रोजगार की राह आसान करने वाले ''अनुबन्धम'' मोबाइल ऐप और वैब पोर्टल का उपयोग कर रहा है। इसी तरह, गुजरात के राज्य लोकसेवा आयोग के त्वरित नियुक्ति मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है।

# चीन की दो महिला जासूस गिरफ्तार

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। साधु-संतों के वेश में चीन अपने यहां से महिलाओं को भारत भेजकर जासूसी करवा रहा है। इस कड़ी में पहले दिल्ली और फिर अब हिमाचल प्रदेश के मंडी से चीनी महिला जासूस की गिरफ्तारी हुई है। केंद्रीय जांच एजेंसियों को पूछताछ के दौरान इनके खतरनाक मकसद का खुलासा हुआ है। दरअसल, इन दोनों महिला जासूसों के टारगेट पर हिंदुस्तान में रहने वाले तिब्बती लोग थे, मकसद था झूठे प्रोपोगंडा या फिर पैसे के दम पर चीन के पक्ष में उनका ब्रेनवाश करना। इन दोनों चीनी महिला जासूसों के जरिये चीन ने हिंदुस्तान में अगले दलाई लामा के उत्तराधिकारी की नियुक्ति से पहले यहां के बौद्ध मठों में चीनी झूठ का प्रोपोगंडा फैलाया जा रहा था। हिमांचल और दिल्ली से गिरफ्तार महिला जासूसों की इस तिकड़ी से पूछताछ में कई और अहम खुलासे हुए हैं।

### करैक्शन के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जायेगा। अपने ताजा आदेश में, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने कहा है कि इस प्रकार की सदोष याचिकाओं की फाइलें संशोधित किये जाने के लिये संबंधित वकीलों को लौटा दी गई हैं किन्तु उन्होंने स्मरण पत्रों के बावजूद, ये याचिकाएं अभी तक रजिस्ट्रार को नहीं लौटाई हैं। शीर्ष अदालत इसी तरह से 19 अगस्त, 2014 से पहले के 13,147 केस खारिज कर दिये थे तथा कह दिया था कि आठ साल से अधिक समय पूर्व दायर की गई याचिकाओं की त्रुटियाँ असंशोधित ही बनी रहीं।

### यूनिफॉर्म सिविल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर रही है। हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकारों ने भी संकेत दिया है कि ऐसी ही योजनाओं पर विचार चल रहा है। अनुमान है कि भाजपा शासित अन्य राज्य जस्टिस देसाई की उत्तराखण्ड के बारे में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद इस दिशा में तेजी से कदम उठाएंगे। जस्टिस देसाई गुजरात हाई कोर्ट में जज रह चुकी है और अन्य राज्यों के भाजपा नेता उनकी कमेटी की सिफारिशों की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

संयोग से, गोवा और पुड्डुचेरी केन्द्रशासित प्रदेशों में समान आचार संहिता लागू रहती आयी है। गोवा और पुड्डुचेरी में यह संहिता तभी से लागू है जब से ये क्रमश: पुर्तगाल और फ्रांस के अधीन थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए समान आचार संहिता का समर्थन किया था, लेकिन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और सरदार पटेल सहित अन्य नेता इस विचार के खिलाफ थे।

# दस राज्यों में कोविड के नये मामलों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटे में सात राज्यों और तीन केन्द्रशासित प्रदेश में करोना के 105 सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। इस अवधि में करोना महामारी से चार मरीजों की मृत्यु हुयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219 करोड़ 62 लाख से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। इस दौरान देश में करोना के 1,574 नये मामले सामने आये हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण से 2,161 लोग करोना मुक्त हुए हैं, जिससे अब करोना से स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,02,852 हो गयी है और स्वास्थ्य दर 98.77 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में कर्नाटक में सबसे अधिक 29 सक्रिय मामले, हरियाणा में 24, दिल्ली में 21 तथा गोवा में नौ सक्रिय मामला सामने

**■ कर्नाटक, दिल्ली और हरियाणा में सर्वाधिक नये मामले सामने आ रहे हैं।**

आया है। इस बीच करोना महामारी से चार मरीजों की जान गयी है, जिससे देश में अब मृतकों की संख्या 5,29,008 हो गयी है। मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

केरल में भी 52 सक्रिय मामले घटने से इनकी संख्या घटकर 3402 रह गई है। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 6746453 तक पहुंच गयी और मृतकों का आंकड़ा 71375 पर स्थिर है।

राष्ट्रीय राजधानी में 21 मामलों में वृद्धि होने से, इनकी अब संख्या बढ़कर 372 हो गयी है। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 1979109 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 26508 हो गया है।

कर्नाटक में कोविड-19 संक्रमण के 29 मामले बढ़कर 1944 हो गए हैं। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 4026318 हो गयी है और मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40296 पर स्थिर है।

महाराष्ट्र में करोना महामारी के सक्रिय मामले 167 से घटकर 1621 रह गए हैं और इस महामारी से निजात पाने वालों की संख्या 7981135 हो गयी है, इसी दौरान एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या 148383 हो गयी है।

### दीपावली गिफ्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का था। स्थानीय मीडिया प्रतिष्ठानों ने सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुये कहा है कि इस मामले की जाँच कराये जाने की संभावना है।

# चंद हफ्तों में तीसरी बार दुर्घटनाग्रस्त हुई वंदे भारत ट्रेन

## मुंबई से अहमदाबाद जा रही ट्रेन एक सांड से टकरा गई तथा ट्रेन का अगला हिस्सा डैमेज हो गया

अहमदाबाद, 29 अक्टूबर। कुछ ही हफ्तों में वंदे भारत एक्सप्रेस तीसरी बार दुर्घटना का शिकार हुई है। जानकारी के अनुसार, एक सांड के टकराने से हाई स्पीड ट्रेन का अगला हिस्सा टूट गया। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन शनिवार को मुंबई-मध्य से गुजरात के गांधीनगर जा रही थी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके शाम तक ठीक होने की उम्मीद है।

मुंबई सेंट्रल डिवीजन में वंदे भारत ट्रेन एक मवेशी से टकरा गई। इस घटना में सांड की मौत हो गई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने एक बयान में कहा, ट्रेन मुंबई सेंट्रल से गांधीनगर की यात्रा पर जा रही थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

घटना सुबह करीब 8:17 बजे बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रेन करीब 15 मिनट तक रुकी रही। ट्रेन को कोई नुकसान नहीं हुआ है, सिवाय फ्रंट कोच यानी ड्राइवर कोच के नोज कॉन कवर का हिस्सा टूट गया है। ट्रेन सुचारू रूप से चल रही है। इसे जल्द से जल्द ठीक कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने

**■ घटना सुबह करीब 8:17 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रेन करीब 15 मिनट तक रुकी रही। ट्रेन को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, सिवाय फ्रंट कोच यानी ड्राइवर कोच के नोज़ कोन कवर का हिस्सा टूट गया है।**

**■ अक्टूबर के पहले सप्ताह में इसी तरह की दो घटनाएं हुई थीं। इससे पहले भी दोनों मामलों में वंदे भारत एक्सप्रेस के मवेशियों से टकराने की घटना प्रकाश में आई थी।**

कहा कि पश्चिम रेलवे ने मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर इंजन के टूटे हुए हिस्से को ठीक करने के लिए निर्देशित किया है, जो शाम तक कर लिया जाएगा। जब ट्रेन मुंबई वापस आएगी।

अक्टूबर के पहले सप्ताह में इसी तरह की दो घटनाएं हुई थीं। इससे पहले भी दोनों मामलों में वंदे भारत एक्सप्रेस के मवेशियों से टकराने की घटना प्रकाश में आई थी।

पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि दहानू रोड स्टेशन के बाद रेलवे ट्रैक पर बैरिकेड्स नहीं होने के कारण मवेशी ट्रैक में घुस जाते हैं। रेलवे ट्रैक के निकट के गांवों में पश्चिम रेलवे द्वारा पशुओं को रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि वह भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं।

गौर हो कि गांधीनगर-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्‌घाटन हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पी.एम. मोदी नवंबर में पांचवीं वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए तैयार हैं, जो चेन्नई-मैसुरु-बेंगलुरु मार्ग को जोड़ेगी।

### 'जयराम का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की। राज्य में 12 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व, शिमला में आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में, कांग्रेस ने जयराम सरकार पर ''गोलमाल'' का आरोप लगाया।

कांग्रेस ने जिन मुद्दों पर विशेष जोर दिया, उनमें शामिल है-

आउटसोर्स कर्मचारियों के ई.पी.एफ. के नाम पर 200 करोड़ रू. अधिक राशि का घपला हुआ।

पशुओं के भोजन का 1.13 करोड़ रू. का घोटाला।

हिमाचल पुलिस भर्ती के प्रश्न पत्र 8-8 लाख रू में बेचे गये।

करोना काल में बेचे गये पी.पी.ई. किट बिक्री कांड

पुलिस तथा अन्य विभागों की सरकारी भर्तियों में हुआ भ्रष्टाचार।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



आप भी आइए,
म्युचुअल फ़ंड्स के मैदान में!
करोड़ों लोग आ चुके हैं, म्युचुअल फ़ंड्स के मैदान में.
अब आप भी उतरिए!
MUTUAL FUNDS सही है
म्युचुअल फ़ंड्स की अधिक जानकारी के लिए अपने **म्युचुअल फ़ंड डिस्ट्रिब्यूटर** या **इंवेस्टमेंट एडवाइज़र** से संपर्क कीजिए, आज ही!
mutualfundssahihai.com पर विज़िट करें
फ़ॉलो करें:
म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.